केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Website:- www.malwaherald.com

RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com

# मालवा हेराल्ड

वर्ष 13 अंक 263 | उज्जैन, सोमवार 6 मार्च 2023 | पृष्ठ-8 | मूल्य-1 रुपए



श्री महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन

**सुविचार**

दिशा दिखाने वाला सही मिल जाए, तो दीपक का प्रकाश भी सूर्य का काम करता है...!

# बहनों का सम्मान बढ़ाने का महायज्ञ है, लाड़ली बहना योजना : मुख्यमंत्री चौहान

**»»योजना में 23 से 60 आयु वर्ग की बहनों को प्रति माह एक हजार रूपए दिए जाएंगे»»25 मार्च से आवेदन भरना शुरू होंगे, 10 जून को पहली किस्त बहनों के खातों में जमा की जाएगी»»मुख्यमंत्री श्री चौहान ने किया योजना का शुभारंभ »» योजना के लोगो, ब्रोशर और लघु फिल्म का भी हुआ विमोचन**

**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि लाड़ली बहना योजना मेरे दिल से निकली योजना है। बहने सशक्त होंगी तो परिवार, समाज, प्रदेश और देश सशक्त होगा। बहनों के जीवन को सरल, सुखद बनाना ही मेरे जीवन का ध्येय है। बहने अपनी छोटी-मोटी जरूरतों और पैसों की आवश्यकता के लिए परेशान न हो, इसलिए हर महीने बहनों को एक-एक हजार रूपए उपलब्ध कराने की व्यवस्था योजना में की गई है। जिन परिवारों की वार्षिक आय ढाई लाख रूपए से कम है, जिनके पास 5 एकड़ से कम भूमि है और जिन परिवारों में कोई आयकर दाता नहीं हो, ऐसे परिवारों की 23 से 60 आयु वर्ग की बहनें योजना के लिए पात्र हैं। योजना में परिवार का अर्थ है, पति, पत्नी और बच्चे। बहनों को यह राशि उपलब्ध कराने से बहनों के साथ पूरे परिवार का भी कल्याण होगा। योजना के लिए 25 मार्च से 30 अप्रैल तक आवेदन भरे जाएंगे। मई माह में आवेदनों की जाँच होगी और 10 जून को पहली किस्त बहनों के बैंक खातों में जमा कर दी जाएगी। जिन बहनों के बैंक खाते नहीं हैं, उनके खाते खुलवाने में भी मदद की जाएगी। मुख्यमंत्री चौहान भोपाल के जम्बूरी मैदान में विशाल सम्मेलन में योजना का शुभारंभ कर रहे थे। कार्यक्रम से प्रदेश के सभी गाँव तथा वार्ड वर्चुअली जुड़े।

## हमारे देश में माँ, बहन, बेटी का हमेशा सम्मान रहा

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि योजना के क्रियान्वयन में महिलाओं को कोई दिक्कत न आए, इसके लिए राज्य शासन द्वारा विशेष व्यवस्था की गई है। हमारे देश में माँ बहन, बेटी का हमेशा सम्मान रहा है। बेटियों और बहनों को हमारे यहाँ दुर्गा, लक्ष्मी और सरस्वती माना जाता है। देवता और भगवान के नाम लेने में भी, पहले लक्ष्मी जी और सीता जी का नाम लिया जाता है अर्थात महिला सर्वप्रथम है। कालांतर में परिस्थितियाँ बदली और महिलाएँ भेदभाव का शिकार हो गई।





## बहन-बेटियों के लिए योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से मेरा मुख्यमंत्री बनना हुआ सार्थक

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि बहन-बेटियों के साथ भेदभाव को देखकर मुझे बचपन से ही वेदना होती थी। सार्वजनिक जीवन में सक्रियता के साथ ही मेरा यह प्रयास रहा कि बेटी को बोझ नहीं वरदान समझा जाए। परिणामस्वरूप विधायक बनते ही साथियों के सहयोग से बेटियों का विवाह कराना शुरू किया और मुख्यमंत्री बनते ही सबसे पहले कन्या विवाह योजना बना कर उसका क्रियान्वयन सुनिश्चित किया। मेरा प्रण था कि मध्यप्रदेश की धरती पर जो बेटी पैदा हो वह लखपति हो। इस प्रण से लाड़ली लक्ष्मी योजना ने मूर्त रूप लिया। इसके बाद बेटियों को पढ़ाई में मदद के लिए किताबें, यूनिफार्म, साइकिल आदि की व्यवस्था की गई। मजदूर बहन, बेटा- बेटी के जन्म के बाद आराम कर सके, इसके लिए संबल योजना में जन्म से पहले 4 हजार और जन्म के बाद 12 हजार रुपए देने की व्यवस्था की गई। बहनों के लिए गाँव की बेटी, प्रतिभा किरण और प्रसूति सहायता योजना बनाई गई। बहन-बेटियों को प्रगति के समान अवसर उपलब्ध कराना मेरा सपना था। इन योजनाओं के सफल क्रियान्वय से मेरा मुख्यमंत्री बनना सार्थक हुआ।

## मुख्यमंत्री श्री चौहान ने भरवाया योजना का आवेदन और दी पावती

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने रिमोट का बटन दबा कर योजना के लोगो, थीम साँग और ब्रोशर का विमोचन किया। उन्होंने योजना की आवेदन प्रक्रिया पर निर्मित लघु फिल्म भी लाँच की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बहनों को योजना में आवेदन की प्रक्रिया की जानकारी देने के उद्देश्य से बहन कविता का आवेदन स्वयं भरवाया और उन्हें पावती भी दी। इस प्रक्रिया में मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बताया कि आवेदन के लिए समग्र आईडी नम्बर और आधार नम्बर आवश्यक है। मूल निवासी और आय प्रमाण-पत्र आदि की आवश्यकता नहीं है। श्रीमती मनीषा रैकवार ने लाड़ली बहना योजना के संबंध में अपने विचार रखे। योजना पर नृत्य नाटिका भी प्रस्तुत की गई।

## मुख्यमंत्री ने बहनों का सम्मान कर किया कार्यक्रम का शुभारंभ

मुख्यमंत्री चौहान ने योजना के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होने आई बहनों का पुष्प-वर्षा कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री चौहान ने कन्या-पूजन और बहनों का सम्मान करते हुए दीप जला कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रधानमंत्री के खिलाफ तल्ख टिप्पणी, राउत ने पूछा, आंतरिक सुरक्षा-कश्मीरी पंडितों की हत्या पर चुप्पी क्यों

**मुंबई/जीएनएस।** उद्धव ठाकरे गुट के नेता और सांसद संजय राउत ने प्रधानमंत्री मोदी पर तल्ख टिप्पणी की है। राउत ने सामना अखबार में लिखे अपने लेख रोखठोक में लिखा है कि पीएम मोदी अंधभक्तों के विश्वगुरु हैं। देश में चल रहे आंतरिक सुरक्षा के मामलों से आंख नहीं फेरी जा सकती है। कश्मीर में पंडितों की हत्या जारी ही है और अब पंजाब में खालिस्तानी असंतोष फिर से उफान मार रहा है। अंधभक्तों के विश्वगुरु इस पर कुछ नहीं बोलते। उन्होंने कहा कि हमारे जैसा देशभक्त और कोई भी नहीं है, ऐसा ढोल रोज पीटने वालों के राज में हम जी रहे हैं लेकिन देश में क्या चल रहा है? यह लेख लिखने के दौरान पुलवामा से एक और कश्मीरी पंडित की दिनदहाड़े हत्या किए जाने की खबर सामने आई है। इस घटना के बाद कश्मीरी पंडितों के आक्रोश और संताप की तस्वीर जम्मू से दिल्ली तक हर ओर दिखी। संजय राउत ने लिखा है कि बीजेपी ने दिल्ली के उपमुख्यमंत्री सिसोदिया की गिरफ्तारी का खेल दो दिनों तक भुनाकर कश्मीरी पंडितों के आक्रोश पर पानी फेरने का प्रयास किया। ऐसा करना मतलब अपने ही विचारों के साथ बेईमानी है। 'भारत जोड़ो' यात्रा के दौरान जम्मू में छह महीने से धरना आंदोलन कर रहे कश्मीरी पंडितों से मिला।

### हीरासर एयरपोर्ट की टेस्टिंग शुरू, गुजरात को जल्द मिलेगा सबसे लंबे रनवे वाला हवाई अड्डा

**अहमदाबाद/जीएनएस।** अगले कुछ महीनों में गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्र को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस नया हवाई अड्डा मिल जाएगा। सौराष्ट्र के केंद्र राजकोट में निर्माणधीन हीरासर एयरपोर्ट का काम पूरा होने के बाद अब हवाई अड्डे की ट्रेस्टिंग प्रक्रिया शुरू हो गई है। मार्च के अंत यह एयरपोर्ट बन कर पूरी तरह से तैयार हो जाएगा, तो वहीं साथ-साथ ही टेस्टिंग की प्रक्रिया भी पूरी हो जाएगी। एयरपोर्ट के निर्माण से जुड़े अधिकारियों के अनुसार राजकोट को हीरासर एयरपोर्ट ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट होगी। इतना ही नहीं यह गुजरात का सबसे लंबा रनवे वाला एयरपोर्ट भी होगा। ऐसे में बोइंग 737 जैसे विमान जंबो विमानों की यहां पर लैंडिग हो सकेगी और वे उड़ान भर पाएंगे। गुजरात में सबसे ज्यादा एयर ट्रैफिक अभी अहमदाबाद के एयरपोर्ट पर हैं तो वहीं सूरत और वडोदरा के एयरपोर्ट का रनवे छोटा है। राजकोट के कलेक्टर अरुण महेश बाबू के अनुसार नए हीरासर ग्रीन फील्ड हवाई अड्डे पर एयरक्राफ्ट की टेक ऑफ और लैंडिंग की जांच की प्रक्रिया शुरू की गई है। इसे अगले कुछ दिनों में पूरा कर लिया जाएगा।

# चीन ने लगातार आठवें साल बढ़ाया रक्षा बजट इस साल 1,550 अरब युआन खर्च करेगा ड्रैगन

**7.2 प्रतिशत की वृद्धि के साथ इस साल 1,550 अरब युआन खर्च करेगा ड्रैगन**

**बीजिंग/जीएनएस।** चीन ने अपने सैन्य बजट में लगातार आठवीं बार वृद्धि करते हुए इसे 7.2 प्रतिशत तक बढ़ाकर 1,550 अरब युआन कर दिया है। चीन ने पिछले साल 7.1 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,450 अरब युआन का बजट पेश किया था। इस साल रक्षा खर्च बढक़र 1,550 अरब युआन हो गया है। हालांकि, युआन के मुकाबले डालर की मजबूती को देखते हुए इस साल चीन का रक्षा खर्च करीब 224 अरब डालर हो गया है, जो पिछले साल के 230 अरब डालर के मुकाबले कम है। नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (एनपीसी) के उद्घाटन सत्र में पेश की कार्य रिपोर्ट में निवर्तमान प्रधानमंत्री ली केकियांग ने सशस्त्र बलों से लड़ाकू तैयारियां बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि चीन के सशस्त्र बलों को सैन्य अभियान के लिए काम करना चाहिए, लड़ाकू तैयारियां और सैन्य क्षमताएं बढ़ानी चाहिए, ताकि सीपीसी (चाइनीज कम्युनिस्ट पार्टी) द्वारा उन्हें सौंपा काम पूरा हो।ली ने कहा कि सशस्त्र बलों को सैन्य प्रशिक्षण तेज करना चाहिए, नया सैन्य सामरिक मार्गदर्शन बनाना चाहिए तथा सभी दिशाओं में सैन्य काम को मजबूत करने के अच्छी तरह से समन्वित प्रयास करने चाहिए। अपने रक्षा बजट पर सबसे अधिक खर्च करने वाले देशों में अमरीका के बाद चीन का नाम आता है। अमरीका ने 2023 के लिए 816 अरब डालर का रक्षा बजट पेश किया है। चीनी सेना का नेतृत्व राष्ट्रपति शी जिनपिंग करते



हैं, जो शक्तिशाली केंद्रीय सैन्य आयोग के अध्यक्ष हैं। उनके नेतृत्व में चीनी सेना ने अगले कुछ वर्षों में अमरीकी सशस्त्र बलों के बराबर आधुनिक होने का लक्ष्य तय किया है। प्रवक्ता वांग चाओ ने ने कहा कि सकल घरेलू उत्पाद के हिस्से के तौर पर देश का रक्षा खर्च वैश्विक औसत के मुकाबले कम है। उन्होंने कहा कि चीन के सैन्य आधुनिकीकरण से किसी देश को कोई खतरा नहीं होगा, बल्कि यह क्षेत्रीय स्थिरता और वैश्विक शांति की रक्षा के लिए सकारात्मक शक्ति होगी।

## भारत की तुलना में सेना पर तीन गुना खर्च करेगा

भारत की तुलना में चीन का रक्षा बजट तीन गुना अधिक है। भारत ने 2023-24 के लिए 72.6 अरब डालर का बजट पेश किया है, जबकि चीन ने करीब 224 अरब डालर का। बढ़ते रक्षा बजट और 20 लाख सैनिकों वाली पीपुल्स लिबरेशन आर्मी दुनिया की सबसे बड़ी सेना है और वह अपनी सेना, नौसेना तथा वायु सेना के आधुनिकीकरण पर सबसे अधिक खर्च करने के साथ तेजी से शक्तिशाली बन रही है।

# फ्लाइट में एक और पेशाब कांड, नशे में धुत्त यात्री ने की शर्मनाक हरकत, एयरपोर्ट पर ही गिरफ्तार

**नई दिल्ली/जीएनएस।** बीते दिनों दिनों से फ्लाइट में अजीबोगरीब घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। फ्लाइट में नशेड़ी यात्री के तांडव की कई मामले सामने आए है। हवाई सफर में पेशाब करने का एक और मामला सामने आया है। अमरीकन एयरलाइंस की न्यूयॉर्क से नई दिल्ली जाने वाली एक फ्लाइट में नशे में धुत एक यात्री ने अपने ही दोस्त पर कथित तौर पर पेशाब कर दिया। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) एयरपोर्ट पर फ्लाइट के लैंडिंग के तुरंत बाद ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

# सरकार बदली, पर व्यवस्था नहीं, आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर रायपुर में दिल्ली-पंजाब के सीएम ने भरी हुंकार

**रायपुर/जीएनएस।** छत्तीसगढ़ में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर रायपुर में रविवार को आम आदमी पार्टी ने हुंकार भरी है। केजरीवाल ने कहा कि सरकार बदल गई है, लेकिन व्यवस्था नहीं बदली है। भगवत मान ने कहा कि अगर सरकार बनी तो पंजाब जैसा काम होगा, उन्होंने अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने का इशारा भी कर किया। रायपुर में ये पहला मौका है जब पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल एक साथ पहुंचे हैं। छत्तीसगढ़ में आम आदमी पार्टी आने वाले चुनावों में अपनी सियासी जमीन मजबूत करने की ताक में लगी हुई है। जिसको लेकर ये दौरा काफी अहम माना जा रहा है।केजरीवाल ने कहा कि दोनों पार्टी बीजेपी-कांग्रेस में ज्यादा अंतर नहीं है, दोनों की अडानी से दोस्ती है। पार्टी के नाम बदल जाते हैं, मुख्यमंत्री बदल जाते हैं। लेकिन छत्तीसगढ़ की जनता की जिंदगी नहीं बदल रही है, व्यवस्थाएं नहीं बदल रही हैं। इसलिए जनता एक मौका केजरीवाल को दे। दिल्ली-पंजाब जैसा काम करके देंगे। भगवंत मान बोले कि नियत अच्छी हो तो सब कुछ अच्छा होता है। छत्तीसगढ़ जैसी समस्या पहले पंजाब में भी थी।

लेकिन अब पंजाब में बहुत कुछ





# लखनऊ बैंच का सुझाव, समुद्र मंथन से निकली गाय केंद्र घोषित करे राष्ट्रीय पशु

**लखनऊ/जीएनएस।** इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बैंच ने गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने का सुझाव दिया है । कोर्ट ने कहा कि गाय भारतीय संस्कृति का अहम हिस्सा है, इसलिए गाय की सुरक्षा को हिंदुओं के मौलिक अधिकार में शामिल किया जाना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि हमें आशा है कि केंद्र सरकार देश में गोहत्या पर प्रतिबंध लगाने और गाय को संरक्षित राष्ट्रीय पशु घोषित करने के लिए जल्द उचित फैसला लेगी। अदालत ने यह टिप्पणी गोहत्या के एक केस पर सुनवाई के दौरान की। न्यायमूर्ति शमीम अहमद ने 14



फरवरी को उत्तर प्रदेश गौहत्या निवारण अधिनियम 1955 के तहत एक व्यक्ति के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही को रद्द करने की याचिका को खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि हम एक धर्मनिरपेक्ष देश में रहते हैं और सभी धर्मों का सम्मान होना चाहिए। जस्टिस शमीम अहमद ने कहा कि हिंदू धर्म में गाय को दैवीय उपहार बताया गया है।

किंवदंती के अनुसार, गाय की उत्पत्ति देवताओं और दानवों के बीच हुए समुद्र मंथन से हुई है. उस समय इसे सप्त ऋषियों में से एक वशिष्ठ ऋषि को सौंपा गया था। गाय को विभिन्न देवताओं से भी जोड़ा गया है। न्यायाधीश शमीम अहमद ने कहा कि गाय के पैरों को चार वेदों का प्रतीक माना जाता है। उसके दूध में चार पुरुषार्थ (धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष) का मिश्रण होता है। वैदिक काल से ही गाय की पूजा की जा रही है। गाय की महत्ता का जिक्र महाभारत और वेदों में भी है। जो कोई भी गाय को मारता है या दूसरों को उन्हें मारने की अनुमति देता है, उसे कई वर्षों तक नरक भोगना पड़ता है।

# मुख्यमंत्री ने लाडली बहना योजना शुरू कर महिलाओं को नई ताकत दी हैः अग्रवाल

**नगर परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं ने लाइव देखा सीएम का संबोधन**

**बदनावर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की लाड़ली बहना योजना का शुभारंभ कार्यक्रम नगर परिषद द्वारा चंद्रलीला गार्डन में आयोजित किया गया। राज्य नागरिक आपूर्ति निगम उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि राजेद्र सराफ, सांसद प्रतिनिधि धर्मेंद्र शर्मा, नगर परिषद उपाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह पँवार, नगर मण्डल अध्यक्ष अक्षय शर्मा, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष जहांगीरलाला, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि शेखर यादव, पूर्व नपाध्यक्ष प्रेमचंद परमार आदि अतिथि रूप में मंचासीन थे। अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष मीना शेखर यादव ने की।

सीएमओ मनोज कुमार मौर्य, महिला बाल विकास विभाग के भगतसिंह चौहान, पार्षद भारती राठौड़, जितेंद्र शर्मा, अनिता डॉ सन्तोष चौहान, दीपक जाधव, झन्नुबाई सिर्वी, भगवंताबाई राव, सुखराम देवदा, जगदीश पाटीदार आदि ने अतिथियों का स्वागत किया।



अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने पहले लाडली लक्ष्मी योजना शुरू कर बेटियों के जीवन मे नया उजियारा लाने का काम किया था। अब उन्होंने लाडली बहना योजना शुरू कर महिलाओं को नई ताकत दी है। केंद्र व राज्य सरकार सर्वहितैषी योजनाएं चलाकर प्रत्येक व्यक्ति के सपनो को साकार कर रही है। नपाध्यक्ष मीना यादव ने कहा कि यह योजना महिलाओं को संबल देगी। उन्होंने कहा कि योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य की बहनों को वित्तीय सहायता प्रदान करके उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना है। योजना के अंतर्गत पात्र बहनों को हर महीने 1000 रुपये प्राप्त होंगे। यह राशि सीधा उनके बैंक खाते में हर महीने की 10 तारीख तक जमा होगी। इस योजना के लिए अभियान चलाकर पात्र महिलाओं का रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। यादव ने महिला हितेषी लाडली बहना योजना शुरू करने पर मुख्यमंत्री का आभार जताया।

**लाईव संबोधन सुना, पौधे लगाए**

इस मौके पर जनप्रतिनिधियों और महिला हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री का लाइव संबोधन सुना और योजना के बारे में जानकारी भी ली। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में इस योजना का शुभारंभ किया है। जिसके बाद अब सभी ग्राम पंचायत और नगरीय क्षेत्र के वार्डों में कैंप लगाकर इस योजना के लिए महिलाओं का रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। कार्यक्रम में पहुंची महिलाओं और भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी पूरे हर्षोल्लास के साथ शुभारंभ कार्यक्रम में भाग लिया और लाडली बहना योजना के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के 64 वें जन्मदिन के मौके पर नगर के वार्ड क्रमांक 2 में स्थित माथुर कॉलोनी में शिववाटिका में 64 पौधे लगाए गए। इस दौरान नगर परिषद के जनप्रतिनिधियों, कर्मचारियों व रहवासियों की उपस्थिति में शिववाटीका में पौधारोपण हुआ व पौधे की देखभाल का संकल्प लिया गया।

## नगर परिषद द्वारा लाडली बहना योजना के शुभारंभ अवसर पर एलईडी के माध्यम से दिखाया प्रसारण



**आलोट/राकेश चौहान पिंटू/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर स्थित अंबेडकर भवन में नगर परिषद आलोट द्वारा लाडली बहना योजना का शुभारंभ किया गया इस अवसर पर एलईडी के माध्यम से प्रसारण महिलाओं को दिखाया गया इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही कार्यक्रम में नगर परिषद कर्मचारियों सहित नगर परिषद अध्यक्ष अभिषेक बंटी एवं पार्षद अशोक खींची संजय माली भय्यू पंछी एवं महिलाएं उपस्थित रहे साथ ही प्रसारण के माध्यम से लाडली बहना योजना के बारे में जानकारी हासिल की।

## आसमान से आफत बरसी



**उन्हेल/दैनिक मालवा हेरल्ड।** उन्हेल स्टेशन शनिवार शाम आसमान से आफत की बरसात हुई जिससे आसपास के क्षेत्र में गेहूं की फसल में बहुत नुकसान हुआ। आसपास के गांव लेकोडा आंजना, चंबल पाडल्या, चावंड, राजोटा, देहटा,अमलावद कला, सोनचिड़ी, कडियाली, सेकडी सुल्तानपुर, बरखेड़ा नजिक, नवादा आदि गांवो में फसलें बुरी तरह से प्रभावित हुई है। भाजपा नेता नितिन जैन, किसान कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष भादर पटेल, सरपंच विरम गुर्जर, सरपंच नाथूसिंह सोलंकी मांगूसिंह सिसोदिया, रतनसिंह पटेल,महेश जाट, कन्हैयालाल धाकड,सीताराम चौधरी मोहन पटेल, रामेश्वर राठौर, रामचंद्र परमार, आदि किसानों ने उचित सर्वे कर मुआवजे की मांग की है।

# पीड़ित परिवारों को संबल प्रदान करती है योजना- महापौर प्रतिनिधि अग्रवाल



**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना, मध्यप्रदेश भवन संनिर्माण कर्मकार मंडल योजना में शनिवार को सिंगल क्लिक से मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने रीवा जिले के मऊगंज से हितग्राहियों के खाते में राशि का भुगतान किया। देवास जिले में भी 267 हितग्राहियों के खाते में 6 करोड़ 40 लाख रुपए पहुंचाए गए। जिला स्तरीय कार्यक्रम नगर निगम देवास के मीटिंग हाल में हुआ। यहां हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री के उद्बोधन को भी सुना।

योजना के अंतर्गत पंजीकृत श्रमिक की मृत्यु पर उसके आश्रितों को अनुग्रह सहायता के रूप में सामान्य मृत्यु पर 2 लाख रुपए एवं दुर्घटना मृत्यु पर 4 लाख रुपए प्रदान किए जाते हैं। नगर निगम सीमा क्षेत्र में कर्मकार मंडल के 4 हितग्राहियों तथा संबल योजना के 27 हितग्राहियों को राहत राशि का वितरण किया गया। नगर निगम में आयोजित हुए कार्यक्रम में देवास से जनपद के हितग्राही भी शामिल हुए।

कार्यक्रम में विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल ने हितग्राहियों को संबोधित करते हुए कहा कि जब कोई सहारा नहीं बचता है तब हमारे मुख्यमंत्री आगे आते हैं । इस योजना से पीड़ित परिवार को बड़ा संबल मिलता है। श्री अग्रवाल ने लाड़ली बहना योजना के बारे में भी हितग्राहियों को जानकारी दी।

सभापति रवि जैन ने कहा कि सरकार संवेदनशील है। किसी के जाने के बाद परिवार में उसकी कमी तो पूरी नहीं हो सकती, लेकिन आर्थिक राहत परिवार को बड़ा संबल प्रदान करती है। आयुक्त विशाल सिंह चौहान ने कहा कि श्रमिकों के जीवन में बदलाव लाने वाली यह योजना बहुत महत्वपूर्ण। कार्यक्रम में उपायुक्त वित्त पुनीत शुक्ला पार्षद प्रतिनिधि रामचरण पटेल, सहायक यंत्री इंदु भारती, जगदीश वर्मा, श्रम विभाग से जसपाल सिंह, समीर शेख आदि सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। संचालन अरविंद त्रिवेदी ने किया।

# श्री शिव महापुराण कथा पंडाल का विधिवत मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन संपन्न

**बदनावर (कोद)/दैनिक मालवा हेराल्ड।** समीपस्थ अति प्राचीन मंदिर कोटेश्वर धाम पर अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मुखारविंद से श्री शिव महापुराण कथा आयोजन का 24 मार्च से 28 मार्च नवरात्रि में होगा।कथा स्वर्गीय शिव नारायण सिंह सिसोदिया व ओमप्रकाश पांडे नागदा की स्मृति में की जा रही है।बदनावर विधानसभा क्षेत्र में अब तक का यह बड़ा धार्मिक आयोजन होगा।

कथा का आयोजन इंदौर के वरिष्ठ नेता प्रदेश कांग्रेस महामंत्री शरदसिंह सिसोदिया करवा रहे हैं।रविवार को कथा के लिए पांडाल का भूमि पूजन संपन्न हुआ।



सर्वप्रथम शरदसिंह सिसोदिया ने सपरिवार कोटेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर भगवान कोटेश्वर महादेव का जलाअभिषेक कर पूजन अर्चन किया महंत मंगल भारती ने पूजन करवाया। बाद में पंडित महेश उपाध्याय ने कथा पांडाल का मंत्रोच्चार के साथ में विधीवत भूमि पूजन करवाया।आयोजन को लेकर के व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही है। जमीन के समतलीकरण से लेकर के पांडाल, पार्किंग, भोजन भंडारे, अतिथि कक्ष, आदी की व्यवस्था की जा रहीं हैं। बता दें कि आयोजन में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ दिग्विजय सिंह भी शामिल होंगे। सिसोदिया ने बताया कि टेंट का कार्य आज से प्रारंभ हो गया है ग्राउंड की साफ सफाई का कार्य किया जा रहा है।कथा के लिए 3 लाख फुट का पांडाल बनाया जा रहा है। 700 फीट का डोम बनाया जाऐगा। चारों तरफ सुरक्षा की दृष्टि से टीन सेट से पैक किया जाएगा। महिला और पुरुषों के लिए अलग-अलग बैठने की व्यवस्था की गई है। जर्मन एंगल से पांडाल तैयार किया जाएगा। पंडाल के अंदर श्रद्धालुओं को गर्मी में किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो उसके लिए 450 पंखे लगाए जाएंगे। साथ ही कूलर की व्यवस्था भी श्रद्धालुओं के लिए होगी। मंच के लिए एयर कंडीशनर की व्यवस्था की गई है। साथ ही कथा स्थल पर ग्रीन रूम बनाए जाएंगे।15000 फीट की भोजनशाला बनाई जा रही है। साथ ही पार्किंग व मेला ग्राउंड भी रहेगा।श्रद्धालुओं की व्यवस्था को देखते हुए सो सो लोगों की दस अलग-अलग टीमें बनाई गई है।भोजन पंडाल, स्वागत, पार्किंग, मंच की सभी लोगों को अलग-अलग जिम्मेदारियां दी गई है।सभी के आईडी कार्ड बनाए जा रहे है। पूरे पंडाल की सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जाएगी।कथा स्थल से 1 किलोमीटर पहले बैरिकेट्स लगा दिए जाएंगे जिससे आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा ना हो।

वही दूर से देखने वाले श्रद्धालुओं के लिए एलईडी स्क्रीन लगाई जाएगी।प्रदीप मिश्रा जी ने माहौल ही बदल दिया है जो लोग मंदिर नहीं जाते थे उन्हें मंदिर जाना सिखा दिया।कोटेश्वर भगवान की अलग महिमा है कोटेश्वर महादेव मंदिर आस्था का केंद्र है यहां पर हमेशा दर्शनार्थियों की भीड़ लगी रहती है एकादशी, अमावस्या, पूर्णिमा,सावन माह में यहां पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। बाबा कोटेश्वर महादेव का जलाभिषेक करते हैं वही कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर यहां पर पांच दिवसीय मेले का आयोजन भी होता है।सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन की व्यवस्था रहेगी।साथी कई सेवा भावी लोग यहां की व्यवस्था संभालेंगे।इसी वर्ष विधानसभा चुनाव होना है।क्षेत्र की जनता में नेता अपनी पहचान बनाने के लिए तमाम प्रकार के जतन कर रहे हैं। किस प्रकार से जनता में अपनी एक अलग पहचान बनाई जाए। हालांकि सिसौदिया से जब यह प्रश्न किया गया तो उन्होंने इसे सिरे से नकार दिया। कथा में सभी लोगों का स्वागत है।दलगत राजनीति से ऊपर उठकर कथा का लाभ ले पुण्य लाभ कमाएं।इस अवसर पर कांग्रेस पूर्व जिला अध्यक्ष बालमुकुंद सिंह गौतम, व्यवस्थापक राजेंद्र जाट,जिला पंचायत सदस्य अशोक, जनपद सदस्य बबलू भाबर, ममता शेखावत,राजेंद्र खोकर, श्याम अग्निहोत्री,कैलाश गुप्ता, अश्विन पाटीदार, अतुल बाफना, सरपंच संतोष मुनिया, चेतन राठौर ,नीलेश वैष्णव सहित आदि बड़ी संख्या ग्रामीण जन मौजूद थे।

## फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब जामुनिया द्वारा आयोजित ग्रामीण क्रिकेट टूनामेंट का हुआ समापन

**सुसनेर-दैनिक मालवा हेराल्ड।** आयोजक एंव मैनेजमेंट फ्रेंडस क्रिकेट क्लब जामुनिया द्वारा 1 मार्च बुधवार से 5 मार्च तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे ग्राम पंचायत कायरा के ग्राम जामुनिया में ग्रामीण क्रिकेट टूनामेंट कप 2023 आयोजित किया गया। यह ग्रामीण टूनामेंट था। इसमें केवल ग्रामीण टीम को ही एंट्री दी गई थी। जिसका समापन 5 मार्च रविवार को हुआ।



आपको बता दे कि इस ग्रामीण क्रिकेट टूनामेंट में विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों का फुल मालाओं से स्वागत कर प्रथम पुरस्कार 21 हजार रुपये विधायक राणा विक्रम सिंह सुसनेर एंव द्वितीय पुरस्कार 11 हजार रुपये कायरा पंचायत के सरपंच बलराम चौहान कायरा तथा तृतीय पुरुस्कार 3 हजार 100 रुपये ढाबला पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि ईशवर यादव ढाबली के द्वारा दिया गया। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष बाबुलाल यादव,नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राहुल सिसोदिया, विधायक प्रतिनिधि विक्रम जाट,पुर्व सरपंच गजेंद्र सिंह,पार्षद राणा जयदीप सिंह,पुर्व सरपंच तोफानसिंह,बालू सिंह बगड़ावत,सोनु, कमल यादव सहित सैकड़ों युवा साथी उपस्थित थे।

## नागदा के पार्षद ने ब्यूरोक्रेसी को सिखाया कैसे चलाते है प्रशासन, तीन दिन में सुधारी वर्षों पुरानी अव्यवस्था

**नागदा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शासन की योजनाओं का लाभ जनता तक सुगम तरीके से ना पहुंचे , लोग सरकारी दफ्तरों में धक्के खाए और फिर परेशान होकर अधिकारी-कर्मचारियों को काम के एवज में रिश्वत का नज़राना दे तब ही योजनाओं का फायदा वे ले पाएं । हर सरकारी दफ्तरों में ये व्यवस्थाएँ अघोषित तरीके से संचालित की जाती है । मगर कोई विरोध नहीं करता। कारण इसमें सबका हिस्सा है। बड़े से लेकर छुटभैये नेता तक इसलिए खामोश रहते हैं क्योंकि इनके हर छोटे-बड़े कार्यक्रमों, धरने, प्रदर्शन, आंदोलन, रैली-जुलूस का खर्च ये अधिकारी-कर्मचारी ही उठाते है । तो फिर जनता जाए भाड़ में। मगर नागदा के एक पार्षद ने स्थानिय प्रशासन के गले मे मात्र तीन दिनों में ऐसी घंटी बांधी है जिसकी आवाज़ पूरे सूबे में गूंज रही है । नपा से लेकर तहसील, खाद्य विभाग से लेकर एसडीएम कार्यालयों में धूल खा रही जनता की पेंडिंग फ़ाइल बुलेट ट्रेन की स्पीड से दौड़ने लगी है। परेशान जनता के हक-अधिकार की नियमावली के साथ अफसरों को इस पार्षद ने इतने सलीके से कर्तव्यनिष्ठा का पाठ कंठस्थ कराया है कि धक्का खाती प्रशासन की रेल पटरी पर आ गई है। उस पार्षद का नाम तो आप सभी जानते ही है, लोग उन्हें प्रकाश जैन कहकर बुलाते है,

आइए जानते है प्रकाशजी क्यों चर्चा में हैं..।

**मामला-1**

पहले विवाह पंजीयन के लिए दूल्हा-दुल्हन को नगरपालिका में फिजिकल वेरिफिकेशन के लिए प्रत्यक्ष उपस्तिथि अनिवार्य थी। इसके पहले आवदेन ओर दस्तावेजों कि पूर्ति के लिए भी नपा व अधिकारियों के चक्कर लगाना होते थे। दूल्हा दूल्हन के उपस्थित नहीं रहने को आधार बनाकर कई पंजीयन के आवेदन निरस्त कर दिए थे।



**अब** -ञ्च 2008 में मप्र सरकार द्वारा जारी किए गए गजट नकटिफिकेशन के अनुसार अब आवेदक नगरपालिका में प्रत्यक्ष मौजूद रहने की बजाए आवदेन रजिस्टर्ड डाक से भेज सकते हैं। इसके बाद अधिकारियों को प्रमाण पत्र बनाकर डाक से ही भेजना होगा, अब दूल्हा दुल्हनों को फिजिकली उपस्थित होने की जरूरत नहीं होगी। इस कारण अब आवेदन निरस्त नहीं होंगे।

**मामला-2**

**पहले-** तहसील कार्यालय में अचल संपत्ति नामांतरण के लिए प्रापर्टी के खरीदार ओर बेचवाल दोनों की उपस्थिति के बाद ही तहसीलदार नामांतरण प्रकरण स्वीकृत करते थे । ऐसे में अधिकांश मामलों में बेंचवाल के मौजूद नहीं होने से प्रापर्टी का मूल्य चुकाने के बावजूद खरीदार को नामान्तरण के लिए परेशान होना पड़ता था।

अब-ञ्च लेकिन 2021 में राजस्व विभाग के तात्कालिक प्रमुख सचिव मनीष रस्तोगी के पत्र को आधार बनाकर पार्षद जैन ने एसडीएम को पत्र देकर रस्तोगी के पत्र का हवाला देकर व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े किए। इसके बाद हाथों हाथ व्यवस्था बदल गई। अब बेचवाल के उपस्थित नहीं होने पर उसे सूचना पत्र व अख़बारों में विज्ञप्ति प्रकाशन को आधार बनाकर नामांतरण कर दिया जाएगा

**मामला-3**

पहले- समग्र आईडी व राशनकार्ड में परिवर्तन/सुधार के लिए लेकर नगरपालिका के कर्मचारी लोगों को खाद्य विभाग भेज देते थे, जबकि खाद्य विभाग के लोग फिर से उन्हें नगरपालिका भेज देते थे। इस तरह से लोगों के सामान्य से काम के लिए दो दफ्तरों के बीच चक्कर लगाने पड़ते थे।

**अब** -ञ्च पार्षद जैन ने जनसुनवाई में आवेदन के माध्यम से जिरह करके बताया कि नियम क्या है। नतीजा अब खाद्य विभाग के एक अधिकारी को मय रिकॉर्ड के नपा कार्यालय में नगरपालिका कर्मचारियों के साथ बैठा दिया। अब दोनों कर्मचारी मौके पर ही तय कर लेते हैं कि किस आवेदन का निपटान किसे करना है। इससे लोगों को दो दफ्तरों के बीच चक्कर नहीं लगाने होंगे। इस तरह नागरिक अधिकारों का प्रयोग करते हुए प्रकाश जैन ने प्रशासनिक व्यवस्था की धीमी चाल से परेशान आम नागरिकों की परेशानी का समाधान करने में बड़ी भूमिका निभाई है ।

# सांसद ने सकलेचा को रेलवे विशेष रूचि पद पर किया नियुक्त

**नवकार कपल ग्रुप ने किया सम्मान एवं सांसद का माना आभार**

**नागदा नि.प्र./दैनिक मालवा हेराल्ड।**उज्जैन आलोट संसदीय क्षेत्र के लोकप्रिय उर्जावान सांसद अनिल फिरोजिया ने समाजसेवी राजेश सकलेचा ''भाईजी'' को रेल्वे विशेष रूचि पद पर नियुक्त किया। ज्ञातव्य है कि सकलेचा विगत 12 वर्षो से रेल्वे की विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिये रेल्वे के उच्च अधिकारियों से रूबरू मिलकर एवं पत्र के माध्यम से निरंतर अवगत कराते आ रहे है तथा कई समस्याओं का समाधान सकलेचा के प्रयासों से हुए है। सकलेचा समय समय पर अधिकारियों एवं मंत्री से मिलकर रेलवे संबंधी सुझाव भी देते रहते है। सकलेचा के इन्ही प्रयासों एवं रेलवे में रूचि व सक्रीयता के चलते सांसद अनिल फिरोजिया ने राजेश सकलेचा ''भाईजी'' को रेल्वे विशेष रूचि पद पर नियुक्त किया है।



इनकी नियुक्ति पर नवकार कपल ग्रुप परिवार द्वारा रविवार को 11 बजे निवास स्थान पर पहुंचकर शॉल माला व राजस्थानी पगड़ी पहनाकर व मुँह मीठा कराकर भाईजी को बधाई एवं शुभकामनाऐं दी।वहीं दूसरी ओर सकलेचा ने अपनी नियुक्ति पर सांसद फिरोजिया का आभार माना व कहा की सांसद जी ने जिस विश्वास के साथ मुझे नियुक्ति दी है, मै इसी विश्वास के साथ क्षेत्र की रेलवे संबंधी समस्याओं के निराकरण में सक्रीय भूमिका निभाउंगा।

**इन्होने दी शुभकामनायें** - नवकार कपल ग्रुप अध्यक्ष प्रथम कांठेड़, शरद जैन, अमित बम, मनीष चपलोत, धर्मेन्द्र बम, प्रकाश चपलोत, संतोष नाहटा, दीपक गांग, श्रेणिक बम, आशीष पोखरना, मनोज गांग, अंकुर जैन, अभिषेक कोलन, कमल जैन सहारा, मनीष भण्डारी, अमित कटकानी, सुमित, मोहता, राकेश दायमा, महेन्द्र जोशी।

## महिला का हंसना युवक को हुआ नागवार थप्पड़ से मारपीट करते हुए जातिसूचक शब्दों से किया अपमानित

**बरखेड़ा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** बरखेड़ा समीपस्थ गांव हिम्मत खेड़ी में महिला के हंसने से नाराज युवक ने महिला के साथ गाली गलौज करते हुए जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया वहीं थप्पड़ से मारपीट की इसके साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी महिला कुशाल बाई पति हीरालाल निवासी हिम्मत खेड़ी द्वारा गांव के ही बालू सिंह पिता शंकर सिंह निवासी हिम्मत खेड़ी के ऊपर हंसने की बात को लेकर गालियां देते हुए जातिसूचक शब्दों से अपमानित कर थप्पड़ से मारपीट की गई साथ ही जान से मारने की धमकी दी जिस पर बरखेड़ा थाने में युवक के खिलाफ रिपोर्ट लिखवाई महिला की रिपोर्ट पर निरीक्षक पिंकी आकाश द्वारा धारा 294 323 506 3 1 द 3 1 घ 3 2 एससी एसटी एक्ट में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।



जिले में ही इधर से उधर भेजकर किया कार्य में विभाजन मैडम की कार्यशैली से नहीं हो पाया जिले में ठेका रिन्यूअल

# आबकारी विभाग में डी पी सिंह को छोड़ कर स्थानांतरण कर की लीपापोती

## आखिर क्यों आबकारी विभाग डीपी सिंह पर महरबान है

**देवास/राजेन्द्र सिंह पंवार/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सरकारी मशीनरी में कई विभाग ऐसे हैं जो कि भ्रष्टाचारी में लिप्त होकर मात्र राजस्व या तो सरकार का या खुद का बढ़ाने में लगे रहते हैं। इन्हीं विभाग में से एक विभाग आबकारी विभाग है, जो कि कभी-कभार बड़ी कार्रवाई के साथ नजर आता है, वरना छोटे-मोटे ढाबों पर दो-चार क्वार्टर का केस बनाकर खुद की वाहवाही कर लेता है। यह सब होता है सालों से एक ही जगह जमे बैठे अधिकारी-कर्मचारियों के कारण। या यूं कहें कि राजस्व की लगातार बढ़ोतरी के लिए इन्हें एक ही स्थान पर बैठाए रखा जाता है। अगर स्थानांतरण भी करना हो तो वह जिले में ही इधर से उधर भेज दिए जाते हैं, तो किसी के मात्र कार्य में विभाजन कर दिया जाता है ताकि दबदबा कायम रहे।

5 सालों से आकारी विभाग में जमे बैठे अधिकारियों का लंबे समय से स्थानांतरण नहीं होने पर मीडिया द्वारा भी मामले को जोरो से उठाया गया था। गत दिवस अखबार ने भी प्रकाशित कर इस ओर जिम्मेदारों को ध्यान दिलाया था। वहीं मामा की भांजियों से भी ठेकेदारों द्वारा शराबखोरी करवाई जाने की खबर प्रकाशित की थी। उक्त मामले को आबकारी विभाग द्वारा हवा कर दिया गया। लगातार सालों से जमे बैठे अधिकारियों की खबरें प्रकाशित हुई तो जिम्मेदार अधिकारियों की नींद खुली और 3 मार्च 2023 को आबकारी विभाग में कार्यों का विभाजन कर सूची जारी की गई। लेकिन यह भी सिर्फ देवास जिले तक ही सीमित रही।

**सूची इस प्रकार है-**

इसमें राघवेन्द्र सिंह कुशवाह सहायक जिला आबकारी विभाग को मंडल सोनकच्छ, बागली ब एवं देवास ब से वृत्त देवास अ देवास ब देवास स में पदस्थत किया। इसी तरह दिलीप कनासे सहायक को वृत्त बागली अ बागली ब खातेगांव एवं कन्नौद, राजकुमारी मंडलोई उपनिरीक्ष को वृत्त सोनकच्छ से वृत्त देवास स एवं बागली ब, विजय सिंह कुचेरिया उपनिरीक्ष को वृत्त बागली अ से वृत्त देवास अ, उमेश कुमार स्वर्णकार उपनिरीक्ष को वृत्त खातेगांव एवं बागली ब से मद्यभण्डागार कन्नौद एवं वृत्त कन्नौद, श्रीमती निधि शर्मा, उपनिरीक्षक को वृत्त देवास स से वृत्त सोनकच्छ, दिनेश भार्गव उपनिरीक्षक को मद्य भण्डागार कन्नौद एवं वृत्त खातेगांव से वृत्त खातेगांव, कैलाश सिंह जामोद उपनिरीक्षक को मद्यभण्डागार सोनकच्छ से मद्यभण्डागार सोनकच्छ एवं वृत्त टोंकखुर्द एवं प्रेमनारायण यादव उपनिरीक्षक को वृत्त देवास अ टोंकखुर्द से बागली अ का कार्य सौंपा गया।

**...ताकि रेट से अधिक में बिकती रहे शराब**-सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विभाग के ही जिम्मेदार अधिकारी अपने अधिनस्थों पर दबाव बनाकर शराब वितरण में हो रही धांधलियां सामने न आ पाये इसके लिए सख्त लगातार नजर रखे रहते हैं। जिलेभर में अधिक मूल्य में शराब विक्रय हो रही है। इसकी जानकारी जिम्मेदारों को भी है, चूंकि इससे उनके निजी राजस्व में भी लाभ होता है, इसलिए वे इस कार्य को बड़ी ही सतर्कता से अंजाम देते हैं। अगर किसी जिले में अधिक मूल्य में शराब बिकने का मामला जोर-शोर से सामने आता है तो वहां के जिम्मेदार का तुरंत ही अन्य क्षेत्र में स्थानांतरण कर दिया जाता है। क्षेत्र के अधिकारी पर इसका दबाव रहता है कि अधिक मूल्य का मामला न उठ पाये। लगातार देवास जिले से संभागीय अधिकारी संजय तिवारी उज्जैन को भी अवगत कराया जा रहा है वही अवैध शराब की शिकायतें भी उन्हें की जा रही है परंतु वह भी गहरी नींद में सोए हुए हैं ऐसा प्रतीत होता है जबकि संजय तिवारी दबंग अधिकारियों में रहे हैं लेकिन उन के आदेशों को सहायक आबकारी आयुक्त देवास उन के आदेशों की पालन नहीं कर रही है उनसे सीनियर होने का शायद यही फायदा उठाया जा रहा है भोपाल से घर पर बैठकर कार्यालय को संचालित कर रही है यही कारण रहा कि संभागायुक्त को देवास आकर ठेकेदारों से विनती करना पड़ी फिर भी ठेके रिन्यू नहीं हो पाए अब देखने वाला यह विषय होगा कि विभागीय फेरबदल के बाद क्या ओवर रेट और अवैध शराब पर लगाम लगेगी या मामला सिर्फ सिफर होगा।

# प्राचार्य के पचास हजार रुपये की बैंक के सामने से हुई चोरी का तीन दिन बाद भी कोई सुराग नहीं

**मंदसौर/भानपुरा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भानपुरा नगर में 3 मार्च को लगभग साढ़े 11 बजे पुराने बस स्टैण्ड स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा से पचास हजार रुपये निकालकर शाखा के बाहर आए प्राचार्य गुलाम मोहम्मद शेख ने रुपयों को मोटर साईकिल में लगे बेग में रखा ओर वह किसी परिचित से मोबाईल फोन पर बात करने लगे की पलक झपकते ही चोर वह पचास हजार रुपये ले उड़े जैसे ही शेख को शंका हुई उन्होंने तत्काल भागा दोडी की पर कुछ पता नहीं चला बैंक व आसपास के सीसी टीवी कैमरे के फोटोज देखने पर साफप्रतीत होता है। दो बालक ने मिलकर यह वारदात की शेख ने तत्काल भानपुरा पुलिस थाने में रिपोर्ट के लिए पत्र दिया। उसमें घटना की जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में पुलिस के साथ ही खुद का भी सिक्युरिटी गार्ड है पर बैंक के बाहर अण्डे और मछली के ठेले लगे है। साथ ही नगर परिषद का सुलभ टायलेट भी रखा है कहीं बार तो बैंक में जाने का रास्ता तक अवरुद्ध हो जाता है। प्राचार्य के साथ हुई घटना में भी चोर ठेले के पास से ही निकलकर वारदात कर गया। पुलिस को अभी तक कोई सुराग नहीं मिला। थाना प्रभारी अवनीश श्रीवास्तव से जब पत्रकारों ने पुछा तो उनको घटना की जानकारी ही आज पता चली इस पर उन्होंने कहा कि जिस आरक्षक ने रिपोर्ट ली थी वह दो दिन से बीमार हे आया नही ओर में दो दिन पहले हुए मर्डर केस की जांच में लगा हुं, सरे आम बस स्टैण्ड से इस तरह पचास हजार रुपये की चोरी हो जाना चोरों व अपराधियों के हौसले बुंलद बताता है। भानपुरा नगर में अन्य आपराधिक गतिविधिया भी जारी है। नाबालिक बच्चे भानपुरा की सड़कों पर अधांधुध मोटर साईकिल चला रहे है। सट्टा चल रहा है। इस पचास हजार की चोरी की घटना में दो लड़के साफदिख रहे है। मिली जानकारी के अनुसार उन्हीं में से एक लड़का भवानीमण्डी में भी एक किसान के 69 हजार रुपये चोरी के समय भी सीसीटीवी फुटेज में देखा जा रहा है। हो सकता है कि कोई गेंग बच्चों को आगे करके इस तरह की वारदात को अजाम दे रही हो। भानपुरा के व्यापारियों आम नागरिकों ने पुलिस से अपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने व सख्ती करने की मांग की।

# मार्च में बेमौसम बारिश, कुछ गांवों में ओलावृष्टि, फसलों में नुकसान की आशंका





**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मंदसौर जिले में एक बार फिर से मौसम का मिजाज बदल गया है। मंदसौर शहर सहित जिले के पिपलियामंडी, मल्हारगढ, संजीत, कयामपुर, सीतामऊ, शामगढ, गरोठ क्षेत्र में बादलों की गरज के साथ झमाझम बारिश हुई। कुछ गांवों मे हल्की ओलावृष्टि भी हुई है। अचानक शुरू हुई बारिश से फसलों में नुकसान की खबरें मिल रही है। मौसम में बदलाव से तापमान में भी हल्की गिरावट आई है। न्यूनतम तापमान 16 डिग्री और अधिकतम तापमान 33 डिग्री के आसपास बना हुआ है। बेमौसम हो रही बारिश से फसलों में नुकसान की खबर है। अफीम, गेहूं, जैसी फसले खेतो में खड़ी है। इन दिनों अफीम डोडो में लुनाई चिराई कार्य चल रहा है। बारिश से अफीम धुलने की आशंका है। वही खेतों के खड़ी फसल जमींदोज हो गई।

### बारिश व ओलावृष्टि से अफीम, इसबगोल आदि फसलो को नुकसान की आशंका

मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र में रविवार सुबह अचानक हुई बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि से अफीम सहित अन्य फसलों को नुकसान होने की आशंका है। बरखेड़ा पंथ, सूंठोद के किसानों ने बताया कि बेमौसम बारिश से नुकसान हुआ है। अफीम उत्पादक किसान मोहनलाल धनगर ने बताया कि मैने दस आरी का अफीम बोया था। रविवार को दोपहर में अचानक तेज बारिश और ओलावृष्टि से चिरी हुई अफीम धूल गई जिससे काफी नुकसान हुआ है। कहीं न कहीं औसत पर प्रभाव पड़ेगा।

# आज होगा मुशायरा, कवि सम्मेलन का आयोजन

**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सोमवार 6 मार्च की रात्रि 8 बजे नाहर सैयद दरगाह परिसर में मुशायरा व कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस कवि सम्मेलन मुशायरा में कुंवर जावेद कोटा, अजीम शाकिरी एटा उ.प्र., वसीम राजपुरी राजपुर, शाहिस्ता सना कानपुर, नरेन्द्र नख्तरी,उज्जैन, इस्माइल नजर देवास, हाशिम फिरोजाबादी फिरोजाबाद, राणा तबस्सुम मुंबई, आदिल रशीद, दिल्ली अपनी रचनाओं की प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में अतिथिगण मियांजी सरकार, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल कियावत, पूर्व भाजपा जिला महामंत्री अजय सिंह चौहान, कॉलेज जनभागीदारी समिति अध्यक्ष नरेश चंदवानी, भाजपा जिला महामंत्री गणपत सिंह अंजना, भाजपा के पूर्व जिला मंत्री हिम्मत डांगी, रेडक्रॉस चेयरमैन प्रितेश चावला सहित अनेक लोग उपस्थित रहेंगे।

# नपाध्यक्ष व सीएमओ ने ली नपा अधिकारियों-कर्मचारियों की बैठक



**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर पालिका मंदसौर में लम्बित शिकायतों का निराकरण तय सीमा में हो तथा नामांतरण भवन अनुमति लीज अवधि के जो आवेदन आते हैं, उनका निराकरण शीघ्रता से हो और पेयजल विद्युत सफाई संबंधी कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने हेतु नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर व सीएमओ सुधीर कुमार सिंह ने विभाग पमुखों के अधिकारियों व कर्मचारियों की शनिवार को बैठक ली। बैठक में नपाध्यक्ष रमा गुर्जर एवं सीएमओ सुधीर कुमार सिंह ने कहा कि सफाई पेयजल विघुत आदि की जो शिकायते आती है उसका निराकरण समय पर होना चाहिए। ताकि आमजनो को परेशान न होना पडे। प्रति सप्ताह नपा के अधिकारीगणों-कर्मचारीगणों की जो बैठक हो रही है। संबंधित कर्मचारी उन बैठको में पुरी तैयारी के साथ आये लम्बित प्रकरणो की जानकारी साथ रखे। सीएम हेल्पलाईन की जो शिकायते लम्बित है उनका निराकरण करे। नामातंरण भवन निर्माण अनुमति के आवेदनो के पर मौका रिपोर्ट में लेट लतीफी नही होना चाहिए। उद्यान, जलप्रदाय शाखा लोक निर्माण शाखा के कर्मचारी भी अपने अपने दायित्वो का निर्वहन करें।

# मंदसौर जिला माहेश्वरी सभा के निर्वाचन सम्पन्न



**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मंदसौर जिला माहेश्वरी सभा के निर्वाचन 5 मार्च को माहेश्वरी विद्यालय बड़ा चौक में चुनाव पर्यवेक्षक जितेंद्र तोषनीवाल, रतलाम व निर्वाचन अधिकारी एड. नवीन कोठारी द्वारा सम्पन्न करवाये गये। जिलाध्यक्ष, जिला सचिव, 5 प्रदेश प्रतिनिधि निर्विरोध निर्वाचित हुए। तथा अ.भा. माहेश्वरी महासभा के प्रतिनिधि के एक पद हेतु मतदान हुआ। निर्वाचन अधिकारी नवीन कोठारी एडवोकेट ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया में सभी 59 मतदाताओं ने भाग लिया। सभा के जिलाध्यक्ष पंकज डागा, जिला सचिव मनीष सोमानी एवं प्रदेश प्रतिनिधि के 6 पदों पर सर्व रमेश सोडानी, हरिवल्लभ मालू, बाबूलाल डागा, गोपाल पंसारी, राजेश सोमानी, दलौदा, राकेश बाहेती पिपलिया निर्विरोध निर्वाचित हुए। जबकि अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के प्रतिनिधि पद हेतु ओमप्रकाश पलोड़ दलौदा एवं राजेश कासट मंदसौर दो उम्मीदवार होने से मतदान हुआ। जिसमें ओमप्रकाश पलोड़ दलौदा 1 मत से विजयी रहे। सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को पर्यवेक्षक तोषनीवाल एवं निर्वाचन अधिकारी कोठारी ने प्रमाण पत्र प्रदान किये।

# ब्राह्मण समाज महिला मंडल ने फाग उत्सव मनाया एक दूसरे को रंग गुलाल लगाया

### वरिष्ठ महिलाओं को सम्मानित भी किया



**बदनावर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** ब्राह्मण समाज की महिला मंडल ने किला मैदान स्थित हरि सिंह पवार गार्डन में फाग उत्सव धूमधाम सै मनाया। उपस्थित महिलाओं ने एक दूसरे के गाल पर लाल, गुलाबी, पीला, नीला रंग गुलाल लगाकर, एक दूसरे को होली की बधाई दी। महिला मंडल द्वारा समाज की वरिष्ट महिला प्रेमलता अग्निहोत्री, सीमा रावल, सुषमा पाठक, दीपा शर्मा, वंदना शर्मा, शर्मिला शर्मा एवं संजना शर्मा का पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया एवं गिफ्ट भी दिए। इसके पश्चा ढोलक पर जय श्री भट्ट एवम महिलाओ ने फाग गीत गाये एवं सुंदर-सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी गई फाग के गीत में महिलाएं जमकर नाची एवं गुलाल भी उड़ाया।

ब्राह्मण समाज की नवीन कार्यकारिणी में अध्यक्ष प्रियंका शर्मा, उपाध्यक्ष अर्चना भट्ट, सचिव स्मिता शर्मा, सचिव संजना व्यास, कार्यकारिणी अध्यक्ष शर्मिला शर्मा, सांस्कृतिक प्रभारी दीपा शर्मा, मिडिया प्रभारी शिवानी अग्निहोत्री का भी स्वागत किया। आयोजन के पश्चात स्वल्पाहार भी रखा गया कार्यक्रम का संचालन प्रियंका शर्मा, स्मिता शर्मा, ने किया। आभार मंजू लिटोरिया ने माना उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी शिवानी अग्निहोत्री ने दी।

इस मौके पर सुषमा पाठक ,सीमा रावल, दीपा शर्मा ,वंदना शर्मा, नेहा शर्मा ,स्मिता शर्मा ,संजना व्यास, शर्मिला शर्मा ,साधना शर्मा, चंचल जोशी ,जया जोशी ,सुषमा शुक्ला, कामायनी शर्मा ,जय श्री भट्ट ,निशा शर्मा ,मंजू लिटोरिया , मंजू ओझा, प्रीति शर्मा ,पूर्वा शर्मा ,सीमा रावल ,ज्योति रावल ,आरती शर्मा ,मंजुला मेहता, विद्या शर्मा, प्रियंका शर्मा ,मीनाक्षी रावल, अनुराधा जोशी, आशा रावल, प्रेमलता अग्निहोत्री, मेघा उपाध्याय ,प्रतिभा तिवारी, शोभना चतुर्वेदी ,प्रीति रावल, निधि द्विवेदी ,आरती रावल ,सपना चौबे, कल्पना चौबे, स्वाति राजपुरोहित कामायनी शर्मा, प्रीति शर्मा सहित बड़ी संख्या में महिलाए उपस्थित थीं।

# मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा आज जंबूरी मैदान भोपाल से लाडली बहना योजना का शुभारंभ किया



**उन्हेल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगरपरिषद उन्हेल मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा आज जंबूरी मैदान भोपाल से लाडली बहना योजना का शुभारंभ किया गया। नगर परिषद प्रांगण में इस भव्य कार्यक्रम का आयोजन नगर परिषद अध्यक्ष शांतिलाल हलकारा (धाकड़) मंचासीन अतिथि द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। नगर परिषद अध्यक्ष उपाध्यक्ष अखिलेश उपाध्याय, भाजपा जिला अध्यक्ष बहादुर सिंह बोरमुंडला, पियूष गुप्ता, नंदराम धाकड़, दिलीप मोदी, मंगेश वर्मा ने कार्यक्रम में उपस्थित बहनों एवं माताओं को संबोधित कर लाडली बहना योजना को विस्तार से बताया गया ! कार्यक्रम का लाइव प्रसारण सभी ने देखा और सुना !कार्यक्रम के उपरांत माननीय मुख्यमंत्री जी के जन्मदिन पर नगर के छोटा तालाब की पाल पर 100 वृक्ष पौधे लगाए गए।इस अवसर पर पार्षद नागेश माली, संजय शिन्दे, गीताबाई ढोडरीया, पूजा योगेश यति, मंजू बाला जैन राजकुमार जैन, चंदाबाई चौहान, शांति नंदेड़ा पार्षद प्रतिनिधि मनोहर लाल ढोडरिया, योगेश यति, गोविंद नंदेडा, भाजपा से कैलाश वीपट, अविनाश विपट, तेजूलाल जटिया, शिवनारायण बंबोरिया, भवर लाल टेलर, नंदकिशोर नंदेड़ा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय जैन ने किया।

# होली रंग पंचमी पर्व को लेकर नगर के थाने पर शांति समिति की बैठक का हुआ आयोजन

**खाचरोद/दैनिक मालवा हैराल्ड/मुरलीदास बैरागी।** उज्जैन के महिदपुर रोड आगामी होली धुलेटी रंग पंचमी पर्व पर धार्मिक आयोजन को लेकर नगर के आरक्षी केंद्र पर नायब तहसीलदार जितेंद्र चौरसिया की उपस्थिति में संपन्न हुई बैठक में नगर के विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रमुख सामाजिक संस्थाओं के प्रमुख सहित मेडिकल ऑफिसर अमित वर्मा भाजपा मंडल अध्यक्ष संदीप व्यास सत्यनारायण पाटीदार व्यापारी महासंघ के राजेंद्र मंडोरा राजेश कांठेड़ प्रहलाद धारवे मांगीलाल सेठिया गोपालदास बैरागी बनवारीलाल शर्मा सरदार कुरैशी शफी मंसूरी पत्रकार दिनेश मंडोरा हल्का पटवारी भागीरथ चौहान सहित बड़ी संख्या में शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# प्रीमियम लीग टूर्नामेंट का हुआ सफल आयोजन नरेंद्र 11 इंदौर को मिला फर्स्ट प्राइज 51000 सेकंड प्राइस संदीप 11को मिला 21000 का पुरस्कार



**सलसलाई/ किशोर नाथ राजगुरु/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** सलसलाई में 18 फरवरी से चल रहै क्रिकेट टूर्नामेंट में कई टीमों के द्वारा हिस्सा लिया गया जहां फाइनल की टीम नरेंद्र इलेवन और संदीप इलेवन के बीच मुकाबला रहा जो काफी रोमांचक मैच स्टेडियम ग्राउंड में चलता रहा जहां काफी दर्शकों के द्वारा मैच देखने का लुफ्त उठाया वही इंदौर इलेवन की टीम द्वारा फाइनल मैच में जीत दर्ज की जहां आयोजक फखरुद्दीन मेंव की तरफ से ?51000 की इनाम राशि रखी गई थी वही सेकंड टीम संदीप इलेवन को ?21000 हजार रुपए की इनाम राशि के रूप में चेक दिए गए जहां कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस जिला अध्यक्ष योगेंद्र सिंह बंटी बना सरपंच प्रहलाद सिंह मेवाड़ा जनपद सदस्य अचल मेवाड़ा जनपद सदस्य पप्पू पटेल कांग्रेस नेता बाबू सिंह मेवाड़ा भाजपा नेता मोहन सिंह मेवाडा राजेंद्र शोरूम चमन मेवाड़ा नीलम सिंह फौजी जाकिर मेंव रसीद मेंव रिंकू सेट दीपू सेट दीप सिंह मंडलोई फरीद मेव अतिथि के रूप में मौजूद रहे जहां विजेता टीम को अतिथियों द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया वही पूरे मैच में एंपायरिग कर रहे रूपेद्र सिंह ठाकुर कृपाल मेवाडा आयोजक कर्ता फखरुद्दीन मेंव भाय्यु मेव कुलदीप मेवाड़ा राकेश मेवाड़ा के द्वारा की गई।


## उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन

### // जाहिर सूचना //

प्राधिकरण की नानाखेड़ा वेदनगर आवासीय योजना में आवंटित भवन/भूखण्ड क्रमांक बी-20/19 श्रेणी एलआईजी को लीज होल्ड से भू-स्वामी अधिकार (फ्रीहोल्ड) में संपरिवर्तन के संबंध में।

सर्व साधारण को एतद् सूचित किया जाता है कि उज्जैन विकास प्राधिकरण की **नानाखेड़ा वेदनगर** आवासीय योजना में भवन/भूखण्ड **क्रमांक बी-20/19 श्रेणी एलआईजी** प्राधिकारी रिकार्ड में **श्री प्रहलाद वर्मा पिता गजानंद जी वर्मा निवासी-बी-20/19 एल.आय.जी. वेदनगर, नानाखेड़ा, उज्जैन** के नाम पर दर्ज है। प्राधिकरण कार्यालय में आवेदक के द्वारा आवेदन फार्म के साथ शपथ पत्र मय फोटो आदि प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति को लीजहोल्ड से भू-स्वामी अधिकार (फ्रीहोल्ड) में सपरिर्वतन करने हेतु निवेदन किया गया है।

प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर प्राधिकारी अभिलेखो में लीज की उक्त सम्पत्ति को लीजहोल्ड से भू-स्वामी अधिकार (फ्रीहोल्ड) किये जाने में यदि किसी को भी कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति प्रकाशन होने की दिनांक से 15 दिवस की अवधि में अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय उ.वि.प्रा. उज्जैन भरतपुरी प्रशासनिक प्रक्षेत्र, उज्जैन (म.प्र.) में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष में या लिखित में मय दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत करें। अन्यथा मियाद समाप्ति के पश्चात उक्त सम्पत्ति को औपचारिकतायें पूर्ण होने पर अर्थात समस्त दस्तावेजों तथा बकाया राशियों जमा होने पर आवदेन तथा दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति भू-स्वामी अधिकार (फ्रीहोल्ड) कर दी जावेगी।

तद्पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

सहायक सम्पदा अधिकारी
उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन

## कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन

### // जाहिर सूचना //

प्राधिकरण की संत कबीर नगर आवासीय योजना में आवंटित भूखण्ड/भवन क्रमांक 4/7 श्रेणी एमआईजी को लीज होल्ड से भू-स्वामी अधिकार (फ्रीहोल्ड) में संपरिवर्तन के संबंध में।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उज्जैन विकास प्राधिकरण की **संत कबीर नगर** आवासीय योजना में भवन/भूखण्ड क्रमांक 4/7 श्रेणी एमआईजी प्राधिकारी रिकार्ड में **श्रीमती संगीता चौधरी पति महेश चौधरी निवासी - एमआयजी 5, मुनीनगर, उज्जैन** के नाम पर दर्ज है तथा प्राधिकरण कार्यालय में आवेदक के द्वारा आवेदन फार्म के साथ शपथ पत्र मय फोटो आदि प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति को लीजहोल्ड से भू-स्वामी अधिकार (फ्रीहोल्ड) में सपरिर्वतन करने हेतु निवेदन किया गया है।

आवंटी द्वारा उक्त सम्पत्ति के प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर प्राधिकारी अभिलेखो में लीज की उक्त सम्पत्ति को लीजहोल्ड से भू-स्वामी अधिकार (फ्रीहोल्ड) किये जाने में यदि किसी को भी कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति प्रकाशन होने की दिनांक से 15 दिवस की अवधि में अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय उ.वि.प्रा. उज्जैन भरतपुरी प्रशासनिक प्रक्षेत्र, उज्जैन (म.प्र.) में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष में या लिखित में मय दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत करें। अन्यथा मियाद समाप्ति के पश्चात उक्त सम्पत्ति को औपचारिकतायें पूर्ण होने पर अर्थात समस्त दस्तावेजों तथा बकाया राशियों जमा होने पर आवदेन तथा दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति भू-स्वामी अधिकार (फ्रीहोल्ड) कर दी जावेगी।

तद्पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

सहायक सम्पदा अधिकारी
उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन


# लाखों रुपए की चोरी थाना क्षेत्र के 3 किलोमीटर अंदर होने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली

### मामला ग्राम बुडलाय में दिनदहाड़े 1 सप्ताह पहले हुई चोरी का

**सलसलाई/किशोर नाथ राजगुरु/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कहते हैं अच्छे अच्छों का गुंडे बदमाशों का सफाया क्षेत्र शांतिपूर्वक बना रहे इस को लेकर कार्य करती है साथ ही देशभक्ति जनसेवा का नारा लेकर पुलिस का कार्य रहता है जहां मात्र नगर के पुलिस थाने पर पदस्थ जिम्मेदार अपनी कोई जिम्मेदारियों को यूं ही डाल कर इति श्री कर लेते हैं जिसका उदाहरण नगर सहित क्षेत्र में हो रही चाहे दिनदहाड़े ताला तोड़कर लूट का हो या किसानों के कुये से टुबेल मोटर या फिर आए दिन हो रहे स्टेट हाईवे पर ट्रक कटिंग का फिर भी जिम्मेदार सुबह से लेकर देर शाम तक थाने पर उन लोगों की तलाश करते रहते हैं जो उनके खिलाफ बोलते हैं बाकी चुपचाप अपना कार्य करके कप्तान के सामने बड़े होने का दावा कर इतिश्री कर लेते ऐसा ही मामला है।




ताजा मामला ग्राम बुडलाय का जहां एक ही मकान में दिनदहाड़े 50,000 से अधिक के जेवरात एवं डेढ़ लाख नकदी लेकर हाथ साफ कर दिए 1 सप्ताह होने के बाद भी पुलिस के जिम्मेदार नगर के अधिकारी यही रवैया अपनाकर संवेदना देकर फरियादी को घर पर पहुंचा देते जहां मामले में फरियादी पृथ्वी चौधरी ने बताया कि एक हफ्ता पूर्व मेरे घर पर सुबह दिनदहाड़े लाखों रुपए चोरी की गई जांच को लेकर पुलिस प्रशासन को पूरी जानकारी दी गई उसके बाद भी इस और कोई जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं वहीं कई बार थाने पर भी गया पर वहां कहते हैं कि कार्रवाई चल रही है इसके बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

**इनका कहना है**

मामले में चोरी सहित अन्य आवेदन व ऐसा मामला दर्ज हुई है जिन पर जांच चल रही है जल्दी आरोपी को पकड़ा जाएगा।

**भविष्य भास्कर एसडीओपी बेरछा**

## सम्पादकीय

# पारदर्शिता का चुनाव

**चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर राजनीतिक दलों व सामाजिक संगठनों द्वारा उठाये जा रहे सवालों के क्रम में शीर्ष अदालत ने मुख्य चुनाव आयुक्त और आयुक्तों की नियुक्ति के लिये नई व्यवस्था दी है। जो इस बाबत संसद द्वारा कानून बनाये जाने तक लागू रहेगी। इस तदर्थ व्यवस्था के बाबत शीर्ष अदालत ने कहा है कि मुख्य चुनाव आयुक्त व दूसरे आयुक्तों की नियुक्ति प्रधानमंत्री, प्रधान न्यायाधीश व विपक्षी नेता की सलाह पर राष्ट्रपति द्वारा की जायेगी। यदि संसद में विपक्षी नेता न हो तो सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता को यह अधिकार दिया जायेगा। उल्लेखनीय है कि अब तक यह कार्य सरकार द्वारा ही किया जा रहा था। लेकिन पिछले दिनों पंजाब के एक पूर्व नौकरशाह को जिस तरह आनन-फानन में चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया, उसे कोर्ट ने बिजली की तेजी से नियुक्त बताते हुए इसकी प्रक्रिया पर सवाल उठाये थे। दरअसल, इस बाबत अतीत में दायर याचिकाओं पर सुनवाई के लिये सुप्रीम कोर्ट ने पांच सदस्यीय संविधान पीठ गठित की थी। जिसने अपना फैसला बीते नवंबर माह में सुरक्षित कर लिया था। कहीं न कहीं यह देखा जा रहा था कि सरकार निरंकुश व्यवहार कर रही है और विपक्ष की मांगों व सलाह को सिरे से खारिज कर रही है। कमोबेश इसी तरह का टकराव न्यायाधीशों की नियुक्ति को लेकर भी जारी रहा है। जिसके चलते न्यायपालिका व कार्यपालिका में टकराव की स्थिति उत्पन्न होती रही है। अब न्यायिक प्रक्रिया में जारी कॉलेजियम व्यवस्था की तर्ज पर ही चुनाव आयुक्तों के चयन की व्यवस्था को सिरे चढ़ाने की पहल हुई है। दरअसल, संविधान में चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर स्पष्ट प्रक्रिया की व्याख्या नहीं की गई है जिसका लाभ केंद्र में सत्तारूढ़ सरकारें मनमाने व्यवहार करके उठाती रही हैं। वह अपनी सुविधा के अनुरूप अधिकारियों की नियुक्ति करती रही हैं। जिसके चलते आयोग की कारगुजारियों को लेकर गाहे-बगाहे सवाल उठाये जाते रहे हैं। दरअसल, इन्हीं विसंगतियों के चलते ही चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिये न्यायिक प्रक्रिया में लागू कॉलेजियम जैसी व्यवस्था स्थापित करने की बात कही जाती रही है। इस बाबत शीर्ष अदालत की संविधान पीठ ने भी स्पष्ट कानून की बात को स्वीकार किया। साथ ही यह व्यवस्था दी कि जब तक कानून नहीं बनता संविधान पीठ द्वारा दी गई व्यवस्था का ही अनुपालन किया जाये। निस्संदेह, किसी भी लोकतंत्र की साख उसकी पारदर्शी चुनाव व्यवस्था पर निर्भर करती है। यदि आयोग सत्ता के दबाव में आता है तो यह उस देश के नागरिकों के स्वतंत्र मतदान के अधिकार का अतिक्रमण ही माना जायेगा। विगत में चुनाव के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों में जहां विपक्षी उम्मीदवारों पर तत्काल कार्रवाई होती नजर आई है, वहीं सत्तारूढ़ दल के नेताओं के प्रति कार्रवाई सुस्त व लचीली देखी गई। जिसके खिलाफ विपक्षी राजनीतिक दल मुखर भी रहे हैं। निस्संदेह, यदि मुख्य चुनाव आयुक्त के पद पर सशक्त व निष्पक्ष प्रक्रिया से चुना गया अधिकारी होगा, तो निश्चित ही टी.एन. शेषन जैसी सशक्त व निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया को फिर से अंजाम दिया जा सकेगा। यह आम धारणा रही है कि सरकार की कृपा से नियुक्त आयुक्तों का सरकार के प्रति रवैया उदार रहता है। ऐसे में जरूरी है कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिये न्यायसंगत प्रक्रिया का पालन किया जाये। यह सुखद संकेत है कि शीर्ष अदालत द्वारा दी गई व्यवस्था के बाद सरकारें मनमानी नहीं कर सकेंगी। उम्मीद है कि सरकार लोकसभा में नेता विपक्ष के न होने की स्थिति में बड़े विपक्षी दल के नेता की राय का सम्मान करेगी। जिससे सही मायनों में चयन में लोकतांत्रिक प्रक्रिया का पालन हो सकेगा। निश्चित रूप से इस कदम से दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी व विश्वसनीय बनाने में मदद मिल सकेगी। यक्ष प्रश्न यह भी है कि जब सरकार इस विषय पर कानून बनायेगी तो चयन प्रक्रिया का वास्तविक स्वरूप कैसा होगा और न्यायालय की प्रक्रिया का किस हद तक अनुपालन होगा। इसके अलावा अन्य चुनाव सुधारों के जरिये चुनाव आयोग को अधिक प्रभावी-सशक्त बनाने की भी जरूरत है।**

## सहजयोग द्वारा बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है



सहजयोग आज के आपाधापी वाले व्यस्त, और असंतुलित वातावरण में एक महायोग के रूप में स्थापित हो रहा है। सहजयोग में हम हमारा स्थूल शरीर जो पंचज्ञानेन्द्रिय और कर्मेंद्रियों से बना है,को किस प्रकार संतुलित व नियंत्रित किया जाए इसकी दिव्य कला सीखते हैं। हम हमारे जीवन मे विविध समस्याओं से घिरे रहते हैं इनके कारण क्या हैं हम नहीं समझ पाते। हमारे सभी प्रश्नों का उत्तर हमें सहजयोग में मिल जाता है। आज के लेख मे हम बात करते हैं, सहजयोग ध्यान विद्या विद्यार्थियों को क्यों सिखाई जाए ? बच्चे भगवान का रूप होते हैं क्योंकि वे तथाकथित षडरिपुओं से ( काम क्रोध, लोभ, मोह, माया, मत्सर,) से

दूर होते हैं, अबोध होते हैं और वर्तमान में जीते हैं, इसलिये उनमें एक आकर्षक चुंबकीय व्यक्तित्व पाया जाता है। लेकिन जैसे ही वे बड़े होने लगते हैं तो सांसारिक भौतिकता उनके अंदर प्रवेश करने लगती है। और जीवन में असंतुलन का प्रारंभ होने लगता है। सहजयोग का अभ्यास यदि बचपन में ही सिखाया जाए तो यह संस्कार उनके बालमन पर अमिट छाप छोड़ देगा। और वे बच्चे जीवन मे आनंदी, संवेदनशील और यशस्वी भावी नागरिक बनेंगे।

जो किशोर व युवा हैं आज के परिप्रेक्ष्य में यदि हम इन पर नजर डालते हैं तो पाते हैं कि कोरोना काल के बाद बच्चों की रूचि टीवी, मोबाइल आदि में बढ़ गई है तथा, पढ़ाई मे थोडे पिछड़ गये हैं। उन्हे संभालना और उन्हे अच्छे संस्कार देना अध्यापक व अभिभावक दोनों के लिए एक एक चुनौती है। सहजयोग ध्यान द्वारा छात्रों की अनेक समस्यायों का समाधान संभव है व अनेक प्रतिष्ठानों द्वारा इसे अपनाया भी जा रहा है। सहजयोग ध्यान न केवल अपने चित्त को शांत और एकाग्र करता है, अपितु ध्यान हमें विवेक, सृजनशीलता, अबोधिता, धीरज, समाधान, आत्मविश्वास, निडरता, वाणीमाधुर्य, व्यवहारिक चतुरता, क्षमाशीलता, प्रेमपूर्ण सहृदयता आदि अनेक गुणों से अलंकृत करता है। हम सभी चाहते हैं कि हमारे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो तथा वे जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ सफल हों सहजयोग में कुंडलिनी जागरण द्वारा आत्मसाक्षात्कार की प्राप्ति के पश्चात् यह सहज ही हो जाता है। सहजयोग पूर्णतः निशुल्क है। इसके अनुभव का एक अवसर स्वयं को तथा अपने बच्चों को अवश्य प्रदान करें।

सहजयोग से संबंधित जानकारी निम्न साधनों से प्राप्त कर सकते हैं। यह पूर्णतया निःशुल्क है। टोल फ्री नं -1800 2700 800 बेवसाइट? - sahajayoga.org.in यूट्यूब चैनल - लर्निंग सहजयोगा प्रति शनिवार शाम 06:30 बजे

# इस वजह से मनाई जाती है हर साल होली, जानिए खास उपाय और होलिका दहन का शुभ मुहूर्त

## शास्त्रों की बात, जानें धर्म के साथ

होली और होलिका दहन मनाने के पिछे छिपी है खास वजह.

जानिए होली के उपाय और इस वर्ष होलिका दहन के मुहूर्त के बारे में.

## होली से जुड़ी कुछ खास बातें जानें यहां.

रंगों का त्योहार काफी उल्लास भरा त्योहार है. इस त्योहार को बुराई पर अच्छी की जीत के रूप में मनाया जाता है. एक तरह से कहा जाए तो लोग होली के दिन लोग सारे गिले-शिकवे भूलाकर करीब आते हैं और जश्न मनाते हैं. इस साल होली का त्योहार 8 मार्च को है. इसके ठीक एक दिन पहले होलिका दहन होगा. दोनों ही दिनों की विशेष धार्मिक मान्यता है. यहां जानिए होलिका दहन के दिन के कुछ उपाय और होलिका दहन का शुभ मूहुर्त.

## होलिका दहन का शुभ मूहुर्त 7

होलिका दहन की शाम से शुरू होती है होली. होली में जिस तरह एक-दूसरे के मन के विकार खत्म हो जाते हैं, उसी तरह प्रकृति भी खुशगवार होती है. होली का त्योहार फाल्गुन मास के अंतिम दिन होलिका दहन की शाम से शुरू होता है और अगली सुबह लोग एक-दूसरे को रंग लगाकर होली का त्योहार मनाते हैं. एक-दूसरों को रंग लगाने से पहले होलिका दहन किया जाता है.

## इस साल होलिका दहन 7 मार्च को किया जाएगा.

**पूर्णिमा तिथि शुरू - 6 मार्च की शाम 4.17 बजे**

**पूर्णिमा तिथि समाप्त - 7 मार्च की शाम 6.09 बजे**

**होलिका दहन मुहूर्त- 7 मार्च 2023 को शाम 6 बजकर 24 मिनट से रात 8 बजकर 51 मिनट के बीच.**

## क्यों मनाते हैं होली

होली बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है. पौराणिक कथा के अनुसार हिरण्यकश्यप नामक एक असुर राजा था. उसे ब्रह्मा से वरदान मिला था कि उसे न देवता न दानव, न इंसान न जानवर, न अस्त्र न शस्त्र, न घर के अंदर न बाहर, न धरती पर न आकाश में और न दिन में न रात में मारा जा सकता है. इस वरदान से वह घमंडी हो गया था. वह भगवान विष्णु से अपने भाई की मौत का बदला लेना चाहता था. हिरण्यकश्यप का पुत्र प्रह्लाद भगवान विष्णु का भक्त था. उसने अपने पुत्र से भगवान विष्णु की भक्ति से दूर करने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो सका, तो अपने पुत्र को मृतय करने की ठानी. उसने अपनी बहन होलिका को साथ मिलाया.

होलिका को भगवान शिव से एक वस्त्र मिला था. यह वरदान था कि जब तक वह वस्त्र उसके शरीर पर रहेगा उसे कोई जला नहीं सकता. हिरण्यकश्प के कहने पर वह प्रह्लाद को गोद में लेकर आग में बैठ गई. भगवान विष्णु की कृपा से होलिका का वस्त्र हवा में उड़ गया और वह जल गई, जबकि प्रह्लाद आग से बच गया. उस दिन से बुराई पर अच्छाई की जीत के तौर पर होली का त्योहार मनाया जाता है और होलिका दहन किया जाता है।

**होली पर आजमाएं कुछ उपाय**

अगर पति-पत्नी में अनबन हो, गृह क्लेश हो तो होलिका दहन के दिन उसकी थोड़ी आग लेकर आएं और तांबे या मिट्टी के बर्तन में उस अग्नि को रख घर के आग्नेय कोण में रख दें. वहां सरसों तेल का दीपक जलाएं. इससे नेगेटिव एनर्जी खत्म हो जाती है.



धर्म

पं. सतीश नागर
श्री अन्नपूर्णा अनुष्ठान केन्द्र
मो. 9753585323

झारखंड बिहार में होलिका दहन के दिन हाथ-पैर में उबटन लगाते हैं और फिर उसे छुड़ाकर होलिका की अग्नि में डाल देते हैं. इसी तरह अगर आप सरसों तेल में सरसों की खली मिलाकर मसाज करें और फिर उसे छुड़ा कर होलिका की अग्नि में डालते हैं

तो माना जाता है कि इससे शारीरिक परेशानियों से निजात मिलती है.

होली की शाम पीपल पेड़ के नीचे घी का दीपक जलाकर उसकी सात बार परिक्रमा करने से बाधाओं से मुक्ति मिलती है.

होली को गोमती चक्र का उपाय भी कारगर माना जाता है.

होलिका दहन की रात शिवलिंग पर 21 गोमती चक्र चढ़ाने से जॉब और बिजनेस में फायदा होता है.

किसी गरीब और जरूरतमंद को भोजन कराना हमेशा लाभकारी होता है. इसी तरह होली के दिन किसी गरीब को खाना खिलाना शुभ फलदायी होता है.

होलिका दहन के वक्त उसकी परिक्रमा करना शुभ फलदायी होता है.

होलिका दहन , जानिए, उपाय और सब कुछ

रंग वाली होली से पूर्व रात्रि को होलिका दहन किया जाता है।

आइए जानते हैं कब है होलिका दहन , और उपाय

## जानिए होलिका दहन का शुभ उपाय

हिंदू धर्म में होली का त्योहार बेहद खास माना गया है। क्योंकि होली पर असत्य पर सत्य की जीत हुई थी। इसलिए त्योहार को लोग गले मिलकर और रंग लगाकर खेलते हैं। हिंदू पंचांग के अनुसार हर साल फाल्गुन मास की पूर्णिमा तिथि को होली का त्योहार मनाया जाता है। इसलिए इस साल होलिका दहन 7 मार्च को होगा और रंग वाली होली 8 मार्च को मनाई जाएगी।

**ये करें उपाय-**

**सुख- समृद्धि का होगा वास-**

होलिका दहन की भस्म को बहुत ही शुभ माना जाता है। इस भस्म को घर में लाकर हर कोने में छिड़कने से नकारात्मक ऊर्जा भाग जाती है। साथ ही घर में सुख और समृद्धि का वास होता है। वहीं घर में मां लक्ष्मी का वास रहता है। !

**बीमारी से मिल सकती है मुक्ति-**

यदि कोई लंबे समय से बीमार हो और उसे बीमारी से मुक्ति नहीं मिल पा रही हो तो होली दहन के समय देशी घी में दो लौंग, एक बतासा और एक पान का पत्ता इन सभी को होली पर जलने वाली आग में डाल दें। अगले दिन इस राख को लाकर रोगी के शरीर पर लगाएं और फिर हल्के गर्म पानी से स्नान कराएं, ऐसा कराने से उसे जल्द ही स्वास्थ्य लाभ होगा।

**माथे पर लगाएं भस्म-**

शास्त्रों में होली की भस्म को काफी शुभ माना जाता है। होलिका की राख को माथे पर लगाने से अच्छा परिणाम मिलता है और नकारात्मक शाक्तियां दूर हो जाती है। साथ ही जीवन में सकारात्मकता का वास होता है। अटके हुए काम बनने लगते हैं।

6 मार्च 2023-आज किसे मिलेगा भाग्य का साथ, किन राशियों पर होगी शिवजी की कृपा, पढ़ें सोमवार का दैनिक राशिफल

**मेष राशि**

**आज का भविष्य** -विद्यार्थी वर्ग सफलता अर्जित करेगा। पठन-पाठन में मन लगेगा। दूर यात्रा की योजना बन सकती है। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। बेचैनी रहेगी। धनार्जन सुगम होगा।

**उपायः-आज रुद्राक्ष धारण करेंगे तो पैसे की कमी नहीं रहेगी।**

**शुभ अंक-8**

**शुभ रंग - सी ग्रीन**

**वृषभ राशि**

**आज का भविष्य** -वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी के व्यवहार से क्लेश हो सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। दुःखद समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। प्रतिद्वंद्विता बढ़ेगी। पारिवारिक चिंता में वृद्धि होगी। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलेगी। तनाव रहेगा।

**उपाय-आज घर में गंगा जल छिड़केंगे तो अच्छा रहेगा।**

**शुभ अंक-1**

**शुभ रंग-सिल्वर**

**मिथुन राशि**

**आज का भविष्य**-आज धन का निवेश न करें। शत्रु नतमस्तक होंगे। विवाद को बढ़ावा न दें। प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आय के स्रोतों में वृद्धि हो सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा। चोट व रोग से बाधा संभव है। फालतू खर्च होगा। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें।

**उपाय-जातक दूध में केसर डालकर पीने से सेहत लाभ मिलेगा।**

**शुभ अंक-1**

**शुभ रंग-गुलाबी**

**कर्क राशि**

**आज का भविष्य** - लेन-देन में सावधानी रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। परिवार में तनाव रह सकता है। शुभ समाचार मिलेंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार के साथ मनोरंजन का कार्यक्रम बन सकता है। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें।

**उपाय-जातक आज सूर्य को जल चढ़ाएंगे तो अच्छा रहेगा।**

**शुभ अंक-4**

**शुभ रंग-जामुनी**

**सिंह राशि**

**आज का भविष्य** -रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। कोई बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। आय में वृद्धि होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी।

**उपाय-आज जातक घर में नमक का पोछा लगाएं।**

**शुभ अंक-6**

**शुभ रंग-नीला**

**कन्या राशि**

**आज का भविष्य** - अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। किसी विवाद में उलझ सकते हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जोखिम न उठाएं। घर-बाहर असहयोग मिलेगा। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। आय में कमी हो सकती है।

**उपाय-जातक चावल खाने से बचेंगे तो ईश्वर की कृपा बनी रहेगी। शुभ अंक-3**

**शुभ रंग-मैरून**

**तुला राशि**

**आज का भविष्य** - बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। व्यापार-व्यवसाय में लाभ होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। बेचैनी रहेगी। थकान महसूस होगी। वरिष्ठजन सहयोग करेंगे।

**उपाय-जातक आज चांदी का छल्ला पहनेंगे तो लक्ष्मी की कृपा बरसेगी।।**

**शुभ अंक-7**

**शुभ रंग-रायल ब्लू**

**वृश्चिक राशि**

**आज का भविष्य** - नई आर्थिक नीति बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। कारोबारी अनुबंधों में वृद्धि हो सकती है। समय का लाभ लें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। कानूनी बाधा आ सकती है। विवाद न करें।

उपाय-जातक आज घर के मंदिर की सजावट में पील रंग के कपड़े का इस्तेमाल करें।

**शुभ अंक-9**

**शुभ रंग-गाढा लाल**

**धनु राशि**

**आज का भविष्य**- बेचैनी रहेगी। चोट व रोग से बचें। काम का विरोध होगा। तनाव रहेगा। कोर्ट व कचहरी के काम अनुकूल होंगे। पूजा-पाठ में मन लगेगा। तीर्थयात्रा की योजना बनेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। सुख के साधनों पर व्यय हो सकता है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। प्रमाद न करें।

**उपाय-जातक महिलाओं का सम्मान करें तो अच्छा रहेगा।**

**शुभ अंक-1**

**शुभ रंग-आसमानी**

**मकर राशि**

**आज का भविष्य** - आज धन का निवेश न करें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद से क्लेश संभव है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। अपेक्षित कार्यों में अप्रत्याशित बाधा आ सकती है। तनाव रहेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। राज्य के प्रतिनिधि सहयोग करेंगे।

**उपाय-जातक शिवाष्टक का जाप करें।**

**शुभ अंक-5**

**शुभ रंग-नीला**

**कुंभ राशि**

**आज का भविष्य** - कष्ट, भय, चिता व बेचैनी का वातावरण बन सकता है। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। मातहतों से संबंध सुधरेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च हो सकता है। जल्दबाजी न करें।

**उपाय-आज जातक गौशाला में दान करेंगे तो लाभ होगा**

**शुभ अंक-2**

**शुभ रंग-हरा**

**मीन राशि**

**आज का भविष्य** - भूमि, भवन, दुकान व फैक्टरी आदि के खरीदने की योजना बनेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। अपरिचितों पर अतिविश्वास न करें। प्रमाद न करें। शारीरिक कष्ट संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कुबुद्धि हावी रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

**उपाय-आज ऊं नमो भगवते वासुदेवाय से अपना कल्याण करें।**

**शुभ अंक-9**

**शुभ रंग-आरेंज**

**सदैव प्रसन्न रहिये।**
**जो प्राप्त है, पर्याप्त है।।**

## होरी खेलत कान्हा

*गोपियन संग होरी खेले बाल गोपाल*
*राधा संग होरी खेले मेरे नन्द गोपाल*
*बरसाना में धूम करे सब बाल ग्वाल*
*होरिया में उड़े रे रंग गुलाल ।*

*नन्द गांव से ग्वाल बाल सब*
*साथ साथ होरी खेलन चले,*
*होरियारे जब बरसाना पहुँचे*
*होरियारन से खूब होली खेले,*
*होरियारन के जब लठ्ठ पड़े,*
*तब होरियारे हुए भाग खड़े,*
*राधा कृष्ण की भांति*
*एक दूसरे को रंग कर ही छोड़े ।*

*कान्हा रंगे राधा को पकड़ कलैया*
*राधा छट पटाये ,हाथ छुड़ाए संग कन्हैया*
*कान्हा छोड़ो न मेरी कलैया,*
*नही तो लठ्ठ से मारुगी संग सहेलियां ।*

*देखो कान्हा नही मानत बतिया*
*शरारत करे संग ग्वालबाल,रंग डारे गोपिया,*
*राधा आगे आगे पीछे पीछे कान्हा*
*ले रंगभरी पिचकारी दौड़ लगावत*
*खूब रंग गुलाल उड़ावत सखियां*
*देखो कान्हा नही मानत बतिया*
*रंग रहे सब ग्वालबाल सहित राधा संग गोपिया ।*



***-डॉ .संजय कुमार मालवी (आदर्श)***

## होली मस्त मलंग जब टेपागिरी हो संग.......!

होली की हुड़दंग मचेगी और होली के संग जब टेपों की टोली होगी। हास्यरस में कवियों का होगा सम्मान और नीला आकाश होगा गुंजायमान। लाल,पीले, हरे, गुलाबी रंगों के उड़ेंगे गुलाल और फिर सब रंग के मस्तीखोर मचाऐंगे जमकर धमाल। नाच-गाने और हुड़दंग के साथ मस्त मलंगों की बरजोरी करती टोली। रंगबिरंगी जोकरों की टोली भरेगी मनोरंजक स्वांग। गैरों की अपने रंग में रंगी गैर निकलेगी। टैंकरों से रंगों की मिसाइलों से होगी बौछार, आनंद उठाऐंगे लोग और हुड़दंगियों की मस्ती धमाल, होली के रंगीले गानों पर बच्चे, जवान, बुढ़े छोड़कर उमर का बंधन नाचगाकर, मनाऐंगे शोर, शोर मच गया शोर देखो आया नंदकिशोर पर भरपूर नृत्य करेंगे। पूरे जोश खरोश से ही मनेगी, इस बार की होली।

ना लठ्ठ मार ना मन मार, कर धमाल और भले ही उलट सलट नाच पर होली का मजा लेंगे जरुर। वादा रहेगा बात रहेगी तगड़ी और सब मिलकर, जमकर खेलेंगे लाल, पीले, हरे, केसरिया, गुलाबी रंगों की पिचकारियां भरके होली ।

**बचपन में खूब चिल्लाते फिरते**
**और आनंद उठाते थे,**
**होली का डांडा गिरधारी और**
**पकड़ चुटईया दे मारी।**
**रात भर जागते होली जलाते,**
**होली के बाने में जाते, गैरों**
में जाने का भी रहता था शौक और अपने पड़ोसियों के व मित्रों संग होली खेलने का मजा ही कुछ अलग आनंद देता हैं। तो कहना होगा कि जब होली भी मनेगी मस्त मलंग जब टेपागिरी और हुड़दंगियों का हो संग.......!

वाह-वाह धमाल की होली इसी तरह हो जाती है कमाल की होली इसलिये मस्ती से बोलो ओहो होली, आहा होली,

जमाल भी व कमाल भी बनजाती आनंद दायक मिसाल भी होली ।

**- मदन वर्मा (माणिक)**



# (सामाजिक चिंतन)मॉब लिंचिंग, भीड तंत्र के खतरे

## (भीड़ का न्याय सामाजिक शांति को खतरा)

भीड तंत्र द्वारा किया गया न्याय राज्य की विफलता है। जो कार्य राज्य की कार्यपालिका तथा न्यायपालिका द्वारा गुण दोष के आधार पर किया जाना चाहिए, आज उसे भीड़ तंत्र द्वारा किया जा रहा है, यह सार्वभौमिक अवधारणा है कि भीड़ को राजनीति और सत्ता मिलकर पैदा करते हैं, और यही सामूहिक लोगों की भीड़ राज्य के नियंत्रण से मुक्त होकर राज्य के अस्तित्व को चुनौती देने लगती है। और फिर सामने आती है माब लीचिंग।

वर्तमान समाज उपभोक्तावादी हो गया है,आजकल सहयोग तथा सहिष्णुता की भावना तथा समझ लगातार कम होते जा रही है। हम की संयुक्त भावनाओं के बजाए मैं की प्रवृत्ति सामने आने लगी है । और समाज व्यक्ति केंद्रित विकास की ओर अग्रसर हो कर समाज का एक बड़ा तबका विकास के पथ से बहुत पीछे छूट गया है। वस्तुतः एक तरफा वैश्वीकरण तथा साधनों के केंद्रीकरण के कारण गरीबी तथा बेरोजगारी खुलकर सामने आने लगी है। भारत के 10त्न लोगों के पास देश की 58त्न संपत्ति का स्वामित्व है। एवं देश की पूंजी का 70त्न भाग 1 प्रतिशत लोगों के अधिकार क्षेत्र में है ।यही कारण है कि भारत में भी फ्रांस एवं रूस की क्रांति जैसी स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। इस मामले में भारत में हर राज्य की भूमिका अलग-अलग तथा भिन्न भिन्न है। भारत की शिक्षा व्यवस्था भी भीड़ तंत्र को काफी प्रोत्साहित कर रही। बैचलर डिग्री तथा मास्टर डिग्री लेने के बाद डिग्री धारी लोग बेरोजगारी या अल्प रोजगार के कारण कुंठित हो रहे हैं।



संजीव ठाकुर

और यही कुंठा बेरोजगारी एवं गरीबी किसी भी घटना को भीड़ तंत्र की ओर खींचती है, फल स्वरूप मॉब लिंचिंग की अनेक घटनाएं सामने आने लगी हैं। दूसरी तरफ कानून का यह मानना है कि न्याय में विलंब न्याय को नकारना है। भारत की न्याय व्यवस्था अपने लंबित मुकदमों तथा प्रकरण के कारण एक तरह से अन्याय को ही जन्म देती है। किसी हत्यारे या बलात्कारी को सजा देने का समय तब आता है, जब आरोपी बहुत बुजुर्ग अथवा मर चुका होता है।

भीड़ तंत्र अस्थाई रूप से समान मूल्यों तथा भावनाओं की पहचान के साथ जुड़े अलग-अलग समूहों के लोगों का शामिल एक बड़ा समूह है। भीड़ की कोई अपनी आंख शक्ल नहीं होती एवं भीड़ की कोई पहचान भी नहीं होती है। इसके उद्देश्य तत्कालिक होते हैं, यह भी हो सकता है कि भीड़ में जो एक क्षण पहले नायक हुआ करता था, वह अगले ही पल उस समूह का पीड़ित व्यक्ति भी हो सकता है। इतिहास में इसके कई उदाहरण है जहां भीड़ ने अपने नेता को पद से हटाकर उसकी विनाश लीला ही रचा दी थी। फ्रांस का शासक रोबेस्पीयर इसका एक बहुत बड़ा उदाहरण है।

और सिगमंड फ्रायड के अनुसार भीड़ में व्यक्ति अपने सारे मूल्य खोकर आदिम काल में पहुंच जाता है, और भीड़ में कोई धर्म नहीं रह जाता है। कार्यपालिका तथा न्यायपालिका की लेटलतीफी के कारण भीड़ को कानून का भय लगभग समाप्त हो गया है। धर्म की स्वतंत्रता के अधिकार का स्पष्ट उल्लंघन कर किसी विशेष धर्म के लोगों को खानपान तथा व्यंजन के आधार पर कथित लोगों द्वारा किसी को भी निशाना बना कर उसकी हत्या कर दी जाती है, यह देश के लिए अत्यंत दुर्भाग्य जनक है। रही सही कसर सोशल मीडिया पूरा कर रहा है, फर्जी समाचार तथा राजनीतिक नियंत्रण के कारण सोशल मीडिया कई बार किसी विशेष वर्ग के द्वारा राजनीतिक संरक्षण में संचालित किया जा रहा है। लोकतंत्र का बहुत महत्वपूर्ण हिस्सा चौथा स्तंभ मीडिया भी जन जागरूकता के प्रचार प्रसार के बजाय घटनाओं को धर्म तथा वर्ग के आधार पर विशेष वर्ग के हितों को प्रचारित प्रसारित करता है, जो इस आदिम कॉल की व्यवस्था को पुष्पित पल्लवित करता है। भावनात्मक बुद्धिमत्ता का प्रयोग सामाजिक विकास न्याय के स्थान पर अन्याय प्रकृति की तरफ बढ़ता नजर आ रहा है। मॉब लिंचिंग के कारण समाज में आम हिंसा की घटनाएं बढ़ने लगी है,इससे समाज की संस्कृति को दीर्घकालिक क्षति होगी। इस तरह भीड़ तंत्र के द्वारा की गई हिंसक घटनाओं तथा हत्या से अंतरराष्टीय स्तर पर देश की साख की गिरावट भी होती है, एवं आर्थिक क्षेत्र में निवेश पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। इसी तरह हिंसक घटनाओं से पलायन तथा संसाधनों के विकास पर बाधा पड़ने से सामाजिक तथा आर्थिक क्षमता को बढ़ावा मिलता है।

भारत में स्वतंत्रता संग्राम भी सामूहिक भीड़ के माध्यम से ही जीता था,फ्रांस तथा रूस में भी भीड़ द्वारा सकारात्मक भूमिका निभाकर अनैतिक तथा अवैधानिक शासन तंत्र को खत्म किया था। भीड़ तंत्र

द्वारा ही करप्शन अगेंस्ट इंडिया चलाकर का भी कुछ सफलता प्राप्त की थी।पर इस भीड़ तंत्र के न्याय की नकारात्मक भूमिका आज की स्थिति में ज्यादा है। अतः हमें इसे प्रोत्साहित नहीं करना चाहिए। भीड़ तंत्र तथा मॉब लिंचिंग को एक घनघोर सामाजिक बुराई समझकर सामाजिक संगठनों नागरिकों एवं शासन तंत्र द्वारा एक अभियान चलाकर ऐसे लोगों को हतोत्साहित कर कठोर कानून बनाकर इसे नियंत्रित किया जाना चाहिए। तब जाकर भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था तथा प्रजातंत्र की आस्था जीवित रहेगी।

दिन में बूंदाबांदी, रात को हुई झमाझम बारिश

# देर रात बदले मौसम के तेवर, चने के आकार के ओले भी गिरे





**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मौसम के मिजाज शनिवार से बदले हुए हैं। इस दौरान दोपहर में जहां बूंदाबांदी हुई थी तो रात में 3 बजे तक रूक-रूककर तेज बारिश होती रही। इस दौरान आसपास के क्षेत्रों में चने के आकार के ओले भी गिरे। हालांकि शहर में ओलावृष्टि नहीं हुई। लेकिन यहां रूक-रूककर कभी तेज तो कभी धीमी बारिश सुबह 4 बजे तक होती रही। जिससे फसलों को नुकसान होने की आशंका है। वहीं रविवार व सोमवार को भी मौसम के ऐसे ही हाल बने रहने की संभावना है।

बारिश की शुरूआत रात करीब 8 बजे से हुई। इसके पूर्व आसमान में तेज गर्जना हुई और बिजली चमकी जिसके बाद बारिश शुरू हो गई जो कभी तेज तो कभी रिमझीम के रूप में जारी रही। बताया जाता है कि जिले में कहीं-कहीं चने के आकार के ओले भी गिरे। मौसम विभाग की माने तो सोमवार को भी बारिश हो सकती है। इसके बाद होली के दिन बारिश की ज्यादा संभावना है। मौसम विभाग की माने तो इस दिन आधे इंच तक बारिश हो सकती है।

**फसलों को नुकसान की आशंका**-जिले में तेज आंधी और ओलावृष्टि देखने को मिली है। मौसम बिगड़ने के कारण तेज आंधी और ओलावृष्टि हो रही है। ओलावृष्टि के कारण संतरा, लहसुन, प्याज, गेहूं सहित अन्य फसलों के नुकसान की आशंका है। जिले के कुछ क्षेत्र में कम और कहीं जमकर बारिश हुई है। बारिश के साथ आसमान से ओले भी बरसे हैं। इसके चलते खेतों में पानी भर गया है। हालांकि अभी फसलों को पानी की जरूरत भी है। ऐसे में नुकसान की संभावना कम है।

**सोमवार को भी आंधी और बारिश की संभावना**-मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि शनिवार की तरह सोमवार को भी तेज आंधी के साथ बारिश हो सकती है। उन्होंने बताया कि इस दौरान तेज आंधी के साथ बारिश हो सकती है तो कहीं-कहीं ओलावृष्टि भी होगी। प्री-मानसून एक्टिविटी है जिसके चलते आंधी चलने की भी संभावना बनी हुई है। इसके अलावा होली के दिन भी बारिश हो सकती है।

कान्हा संग भक्तों ने खेली होली

## मंदिर हवेली में हुआ भव्य फाग उत्सव का आयोजन, इंदौर के कलाकारों ने दी प्रस्तुति

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** दो दिन बाद होली का पर्व मनाया जाएगा। लेकिन इसके पहले ही मंदिरों में हो रहे फाग उत्सव रंगों के इस त्यौहार का उल्लास और उत्साह से सराबोर कर रहे हैं। रविवार को भी सोमवारिया बाजार स्थित गोवर्धन नाथ मंदिर हवेली में भव्य फाग उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें इंदौर के कलाकारों ने भगवान श्री कृष्ण और राधा रानी का वेष धारण कर भक्तों संग होली खेली।

इसके पूर्व मंदिर में विराजित ठाकुर जी की प्रतिमा का आकर्षक श्रृंगार किया गया। इसके पूर्व मंदिर हवेली को भी फूलों से सजाया गया। शाम करीब 7 बजे से फाग उत्सव का आयोजन शुरू हुआ। जिसमें भक्तों ने पहले कान्हा जी को रंग गुलाल लगाया। इसके बाद राधा-कृष्ण बने कलाकारों ने आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति देकर सभी को भक्ति के रंग में रंग दिया। इस दौरान मंदिर में जमकर रंग गुलाल उड़ा और सभी को प्राकृतिक रंगों से रंगकर फाग उत्सव मनाया गया।

**होली पर भी होंगे फूलडोल फाग के दर्शन**-मंदिर के मुखिया मुकेश मेहता ने बताया कि मंदिर में फाग उत्सव मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में होली के दिन भी दोपहर 12 से 2 बजे तक फूलडोर फाग के दर्शन होंगे और कान्हा जी का आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा। जिसके दर्शन भक्तों को करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने सभी से इस दिन मंदिर में प्रभु के आकर्षक स्वरूप के दर्शन करने और फूलडोल फाग उत्सव का आनंद लेने की अपील की है।

## रोजगार अवसर शिविर आज

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शासन के निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को रोजगार अवसर उपलब्ध कराने डीडीयू जीकेवाय ग्रामीण आजीविका मिशन जिला पंचायत शाजापुर द्वारा 6 मार्च को प्रातरू 11.00 से दोपहर 03.00 बजे तक जनपद पंचायत कालापीपल में रोजगार अवसर शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर में निजी क्षेत्र की कम्पनी एवं संस्था प्रतिनिधि प्रतिभाग करेगें। जिसमें आईपीएस ग्रुप आयसर प्रा.लि. देवास, कृषि धन बायोकेयर प्रा.लि. इन्दौर, पुखराज हेल्थ् केयर प्रा.लि. भोपाल, सेम स्कील भोपाल, भारतीय जीवन बीमा निगम शुजालपुर आदि के द्वारा सेल्स एवं मार्केटिंग, हेल्पर, मशीन ऑपरेटर, इलैक्ट्रीशीयन, सर्वेयर, बीमा सलाहकार के पदों के लिए प्रारंभिक चयन किया जायेगा। जिला परियोजना प्रबंधक श्रीमती प्रतिभा जैन ने क्षेत्र के रोजगार इच्छुक युवक जो न्यूनतम 10 वी उर्त्तीण एवं 18 से 35 वर्ष तक योग्यता रखते हैं वे शिविर में अपने दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अवसर का लाभ प्राप्त कर सकते है।

# को-ऑपरेटिव बैंक की शाखा प्रबंधकों व पर्यवेक्षकों की समीक्षा बैठक संपन्न

– कलेक्टर ने वसूली पर दिया जोर



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित शाजापुर की समस्त शाखाओं के शाखा प्रबंधकों व पर्यवेक्षकों की समीक्षा बैठक स्थानीय टंकी चौराहे स्थित प्रधान कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। कलेक्टर एवं प्रशासक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक दिनेश जैन ने बैठक में एंजेडा अनुसार विषयो पर विस्तृत समीक्षा की गयी।

कलेक्टर श्री जैन ने बैठक में अल्पावधि कृषि ऋ़ष्टों की ड्यू/ओव्हर ड्यु वसूली, अकृषि ऋ़ष्टा गोडाऊन, आवास, वाहन, पेट्रोल पम्प, स्टोन क्रेशर आदि के बड़े बकायादारो से सख्ती से वसूली के लक्ष्य पूर्ति करने के निर्देश दिये। तहसील शाजापुर के 192 सदस्यों से राशि रूपये 2335.06 लाख, तहसील मो. बड़ोदिया के 11 सदस्यों से 63.38 लाख, तहसील गुलाना के 9 सदस्यों से 152.99 लाख, तहसील शुजालपुर के 27 सदस्यों से 201.16 लाख, तहसील कालापीपल के 7 सदस्यों से 60.13 लाख एवं तहसील अवन्तिपुर बड़ोदिया के 2 सदस्यों से 3.21 लाख कुल 248 सदस्यों से 2815.93 लाख की वसूली की जाना है। वितरित ऋ़ष्टों में राजस्व अधिकारियों के सहयोग से सभी प्रकरणों में कालातीत ऋ़ष्टों की वसूली कराने के निर्देश कलेक्टर ने दिये। जिन प्रकरणों में ऋ़णियों की सम्पत्ति बंधक है, उनमें कुर्की जप्ती कार्यवाही करे। साथ ही उन्होंने हितलाभ वितरण, खाद बीज भंडारण वितरण निर्देशानुसार करने तथा कॉमन सर्विस सेंटर पर एप के माध्यम से कार्य करने के साथ प्रगति लाने व ट्रांजेक्शन बढा कर विभिन्न योजनाओं में ऋ़ष्टा राशि में वृद्धि कर संस्था का व्यवसाय बढायें जाने तथा कृषको के गेहूँ उपार्जन के पंजीयन में वृद्धि के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि गेहूं, चना, उपार्जन, खाद वितरण, राशन वितरण नियमानुसार करने तथा शाखा प्रबंधकों से बैंक के अमानत लक्ष्य पूर्ति एवं कालातीत ऋ़ष्टा वसूली लक्ष्य पूर्ति के संबंध में जानकारीयां लेकर इस वर्ष के शेष रहे कालातीत ऋ़ष्टी किसानों से शत प्रतिशत वसूली व अकालातीत कृषकों से अदायगी सुनिश्चित कर नए ऋ़ष्टा स्वीकृत किए जाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर उपायुक्त सहकारिता ओपी गुप्ता, मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरके दुबे सहित शाखा प्रबंधकगण व पर्यवेक्षकगण उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार'' योजना का लाभ लेने के लिए 10 मार्च तक करें आवेदन

आवेदक को ऑनलाइन आवेदन SAARA पोर्टल के माध्यम से करें प्रस्तुत

**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक ग्राम पंचायत क्षेत्र में 'आबादी क्षेत्र' की भूमि पर पात्र परिवारों को आवासीय भू-खण्ड उपलब्ध कराने के लिये ÷मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार'' योजना शुरू की गई है। मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना के लाभ लेने के लिए 10 मार्च 2023 तक आवेदन कर सकते है। आवेदक को ऑनलाइन आवेदन ैंत्। पोर्टल के माध्यम से प्रस्तुत करना होगा। भू-खण्डों का केवल निवास गृह के निर्माण के लिए उपयोग किया जायेगा। भू-खण्ड धारक द्वारा किसी भी शर्त का पालन नहीं करने पर योजना का लाभ नहीं मिलेगा। भू-अधिकार योजना में हितग्राहियों को आवास भू-खण्ड प्राप्त होने से शासकीय योजनाओं एवं बैंक से आवास ऋ़ष्टा प्राप्त करने में सहायता मिलेगी।

# किसान एकता संघ मध्यप्रदेश ने 4 वें स्थापना दिवस एवं होली की देश प्रदेश वासियों को शुभकामनाएं दी



**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** किसान एकता संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल सिंह राजपूत (उज्जैनिया) ने किसान एकता संघ के चौथे स्थापना दिवस एवं संस्कृति और सद्भाव के रंगों से सराबोर होली के पावन पर्व को हर्षोल्लास उमंग और उत्साह के साथ मनाएं एवं बधाई और शुभकामनाएं देते हुए जानकारी दी कि किसान एकता संघ अपना यह चौथा स्थापना दिवस और होली मिलन समारोह 5 मार्च को ग्रेटर नोएडा दनकोर स्थीत रमेश कसाना केंप कार्यालय पर बहुत धुमधाम से मनाया इस अवसर पर किसान एकता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोरेन प्रधान जी महिला मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मती गीता भाटी जी राष्ट्रीय प्रभारी रमेश कसाना, राष्ट्रीय महासचिव गंगाप्रसाद पाण्डे, राष्ट्रीय महामंत्री डॉ.रवी नागर, संरक्षक चौ.बाली सिंह,और मध्यप्रदेश के महामंत्री अनिल कुमार द्विवेदी,मिडिया प्रभारी अंबरिष पाठक देवेंद्र चौहान, संभागीय प्रभारी राघव नागर, मिडिया प्रभारी राजेंद्र सिंह देवास,सरपंच बलराम सिंह इंजीनियर अजय सिंह पंवार, सहीत सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों ने देश प्रदेश में खुशहाली सुख-समृद्धि की कामना किया और कहा सभी देश प्रदेश वासि सभी भेदभाव भुलाकर होली महापर्व को धुमधाम से मनाएं और देश की एकता का प्रतीक बनें।

किसान एकता संघ उज्जैन के जिला अध्यक्ष संजय आंजना ने और महामंत्री डॉ योगेन्द्र सिंह सचिव श्याम सिंह गुर्जर किसान नेता एडवोकेट अजय पटेल एवं सभी पदाधिकारियों ने सभी लोगों को किसानों और पदाधिकारियें सदस्यों को होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी और किसान नेता संजय आंजना ने कहा ज़िले एवं प्रदेश में खुशहाली और सुख-समृद्धि बनी रहे और सभी होली मिलजुल कर मनाएं।

# अपराधों पर अंकुश लगाने में ग्राम व नगर रक्षा समिति की अहम भूमिका-एसपी

– पुलिस लाईन में दिया ग्राम-नगर रक्षा समिति सदस्यों को प्रशिक्षण






**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** ग्राम व नगर रक्षा समितियों के सहयोग से ही तालमेल बनाकर अपराधों पर अंकुश लगाया जा सकता है।

यह बात पुलिस अधीक्षक जगदीश डावर ने ने रविवार को पुलिस लाईन में आयोजित नगर व ग्राम रक्षा समितियों के सदस्यों के प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि ग्राम/नगर रक्षा समिति के सदस्यों द्वारा पुलिस की हर संभव मदद की जाती है। एएसपी टीएस बघेल ने कहा कि ग्राम-नगर रक्षा समिति सदस्यों के सहयोग से छोटे-मोटे विवाद निपट जाते हैं और शांति बनी रहती है। कार्यक्रम को एसडीओपी दीपा डोडवे, बेरछा एसडीओपी भविष्य भास्कर ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर टी आई संतोष वाघेला, टीआई प्रदीप वाल्टर सहित जिले से आये 525 सौहार्द एवं नगर/ग्राम रक्षा समिति के सदस्य शामिल हुए।

# भोरासा में मुस्लिम समाज का 19 वां सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न हुआ

## 30 जोड़ों ने किया निकाह कबूल

**भौरासा निप्र/दैनिक मालवा हेराल्ड।** हर साल की तरह इस साल भी इज्तिमाई शादी कमेटी भौरासा के द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन आज दिनांक 05 फरवरी 2023 रविवार को सुबह 9ः00 बजे से रखा गया जिसको लेकर पिछले कई दिनों से समिति बड़ी जोर शोर से तैयारी कर रही थी इसी के तहत कस्बा भोरासा में 19 वी बार लगातार इजितमाई शादी कमेटी के जरिए पुराना थाने के पीछे वाले मैदान पर सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें 30 जोड़ो का निकाह शहर काजी अब्दुल वहाब खान, पेश इमाम यामीन रजा, इमरान रजा के द्वारा निकाह कराया गया जिसमें दूल्हा दुल्हन के द्वारा शहर काजी व समस्त मेहमानों को साक्षी मानकर निकाह कबूल किया इस सम्मेलन में इंदौर उज्जैन शाजापुर शुजालपुर आष्टा सीहोर देवास सोनकच्छ पिपलरावा कमलापुर हाटपिपलिया नेवरी चापड़ा अमरपुरा खटांबा जामगोद सहित कई क्षेत्रों से दूल्हा दुल्हन पहुंचे थे साथ ही सम्मेलन में लगभग 10 हजार लोग पहुंचे जिसमें कमेटी द्वारा बगैर वालीद के 2 जोड़ों का निकाह कमेटी की जानिब से निशुल्क कराया गया वहीं कमेटी सदर मोहसिन पहलवान द्वारा बताया गया कि प्रतिवर्ष बगैर वालिद के बच्चों का निशुल्क विवाह समिति द्वारा कराया जाता है जो इस वर्ष भी करवाया गया। सम्मेलन मैं मुख्य अतिथि देवास शहर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज राजानी पहुंचे जहा छेत्रीय विधायक सज्जनसिंह वर्मा की और से सम्मेलन समिति को 21 हजार रुपये नगद के रूप में दिए गए वही नगर परिषद अध्यक्ष व नगर परसाई संजय जोशी, उपाध्यक्ष जयसिंह राणा, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश यादव, नगर कांग्रेस अध्यक्ष रमेशचंद्र इनानी, डॉ रूप सिंह नागर, पार्षद भादर सिंह भाटिया, रोहित जायसवाल, छोटेलाल लोधी, सचिन यादव, संदीप चावड़ा, अफजल मंसूरी, गुलरेज मदनी आदि का साफा बांध कर इस्तकबाल किया गया वहीं भौरासा थाना प्रभारी हितेश पाटिल पूरी फोर्स के साथ व्यवस्था में जुटे रहे व नगर परिषद का स्टाफ, विद्युत मंडल कर्मचारीयो का भी इस सम्मेलन में विशेष सहयोग रहा इस अवसर पर कमेटी द्वारा इनका भी साफा बांधकर सम्मान किया गया कार्यक्रम में सदर मोहसिन पहलवान, मुख्य संयोजक शकूर भाई टैक्सी वाले, सेक्रेटरी मुनव्वर खान, बुरहान भाई दुर्रानी वकील साहब, अंजुमन सदर नौशाद कुरेशी, गड्डी मामू, भय्यू सेठ, सलीम टेलर, फजल अहमद, शाहिद भाई न्यू डी लाइट, खालिक सर, रहमान बैग ,मुबारिक भाई, सलीम सर, रईस मेडिकल, हकीम बाबा, इरफान मदनी, मजहर शेख, सोहेल चिश्ती, सलमान पठान, मिथुन यादव आदि मौजूद रहे एवं कार्यक्रम का संचालन जाकिर सर देवास के द्वारा किया गया।

## आगामी त्यौहारों में संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल तैनात करने के निर्देश

**खरगोन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आगामी त्यौहारों की व्यवस्थाओ का ध्यान रखते हुए पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह ने रविवार को कंट्रोल रूम खरगोन में जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) और थाना प्रभारियों के साथ बैठक की। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने आगामी त्यौहारों में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाएं रखने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने होली, रंग पंचमी एवं शबे बारात को लेकर संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित कर आवश्यक पुलिस बल लगाने के लिए भी निर्देशित किया है। पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने बैठक के दौरान समस्त थाना प्रभारियों से थाना क्षेत्र अंतर्गत आगामी त्यौहारों को लेकर की गई तैयारियों की जानकारी भी ली। बैठक में जिले के समस्त एसडीओपी और थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

## जिले के युवा अग्निपथ भर्ती रैली के लिए 15 मार्च तक आवेदन वेबसाइट पर करें

**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** एआरओ महू भर्ती निदेशक कर्नल बलजीत सिंह ने बताया कि पुरुषों के लिए दूसरी अग्निपथ भर्ती रैली की अधिसूचना भारतीय सेना की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। अग्निपथ भर्ती रैली में भाग लेने के लिए युवा 15 मार्च तक www.joinindianarmy.gov.in वेबसाइट पर पंजीयन कर सकते है। ऑनलाइन पंजीकरण के लिए शुल्क 250 रुपए होगा। परीक्षा से 15 दिन पहले सेना भर्ती कार्यालय महू द्वारा प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे। उज्जैन और इंदौर में नामित केंद्रों पर इंदौर और उज्जैन संभाग के 15 जिलों के उम्मीदवारों के लिए पहला ऑनलाइन सीईई 17 अप्रैल से शुरू होगा।

उन्होंने बताया कि सेना भर्ती परीक्षा कंप्यूटर आधारित होगी। रजिस्ट्रेशन और ऑनलाइन सीईई में शामिल होने के वीडियो जॉइन इंडियन आर्मी की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। रजिस्ट्रेशन से पहले कैंडिडेट्स वीडियो देख लें ताकि रजिस्ट्रेशन में कोई गलती न हो। यदि उम्मीदवारों को पंजीकरण में कोई समस्या आती है तो वे सेना भर्ती कार्यालय महू आ सकते हैं, पंजीकरण और ऑनलाइन सीईई के वीडियो भी उम्मीदवारों के लाभ के लिए एआरओ महू द्वारा स्कूलों/कॉलेजों के प्रधानाचार्यों और जिला रोजगार अधिकारियों को सौंपे गए हैं।

छोटे व्यापारियों पर कार्रवाई बड़ी फैक्ट्रियों पर कार्यवाही नहीं हो रही है

## मिलावट से मुक्ति अभियान के अंतर्गत हुई कार्यवाही, खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल को जांच के लिए भेजे

– दूध एवं दूध से निर्मित खाद्य पदार्थ मे होने वाली मिलावट की रोकथाम के लिए जिले में अभियान लगातार जारी रहेगा

**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन के आदेशानुसार मिलावट से मुक्ति अभियान के अंतर्गत एवं होली के त्यौहार के अवसर पर आम जनता को मिलावट रहित एवं शुद्ध खाद्य पदार्थ प्राप्त हो इस के लिए जिला देवास में दूध एवं दूध से निर्मित खाद्य पदार्थों मावा, पनीर, घी, दही एवं मिठाइयों एवं अन्य खाद्य पदार्थों में होने वाली मिलावट की रोकथाम हेतु सघन अभियान चलाया जा रहा है।

अभिहित अधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन जिला देवास श्रीमती निर्मला सोमकुंवर , खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री सुरेन्द्र ठाकुर द्वारा टीम के साथ श्याम डेरी एण्ड क्रीमरी तहसील चौराहा देवास से दूध का नमूना, जोधपुर स्वीट्स देवास से दूध कतली का नमूना एवं पटेल दूध डेरी उपाध्याय नगर देवास से घी का नमूना लेकर जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल को भेजे गयें।

विभाग द्वारा देवास शहर में विक्रय होने वाले दूध एवं दूध से निर्मित खाद्य पदार्थ व्यावसायियों की सघन जांच की गई। टीम द्वारा संजय मिल्क प्रोडक्ट प्रा.लि. दुर्गानगर सिया, देवास पर स्थित मिल्क कलेक्शन एवं चिलिंग सेंटर का निरीक्षण कर दूध एवं बटर के नमूने जांच हेतु लिये गये। कुमावत दूध डेरी जमना नगर मक्सी रोड़ देवास से घी एवं दही के नमूने जांच हेतु लिये गये। नवीन मिल्क प्रोडक्ट्स वृंदावन नगर मक्सी रोड़ देवास पर निर्माण एवं विक्रय किये जा रहे खाद्य पदार्थ मावा एवं मिल्क केक के नमूने जांच हेतु लिये गये। गुलाब डेरी जमना नगर मक्सी रोड़ देवास से दूध एवं पनीर के नमूने लेकर जांच हेतु लिये गये।

तहसील कन्नौद में दूध डेरियों का निरीक्षण कर श्री कैलाश वास्केल खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा जय किसान एग्रो प्रोडक्ट एस.आर. पेट्रोल पंप के सामने कन्नौद से दूध का नमूना एवं मेव दूध डेरी बायपास रोड़ कन्नौद से दूध के नमूने लिये गये। उपरोक्त सभी नमूनों राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल को जांच हेतु भेजे गयें। नमूना जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद आगामी कार्यवाही की जावेगी।

होली के त्यौहार के अवसर पर प्रशासन द्वारा मिठाई विक्रेताओं से यह भी अपील की गई कि मिठाइयों में किसी भी प्रकार की नशीली वस्तु भांग इत्यादि मिलाकर विक्रय ना करें। दूध एवं दूध से निर्मित खाद्य पदार्थ मे होने वाली मिलावट की रोकथाम हेतु सतत् अभियान जारी रहेगा।

## बड़ावदा के युवा व्यवसायी की आत्महत्या के कारण की जल्द सुलझेगी गुत्थी

समाजजन, ग्रामीणों, व्यापरियों ने जताई नाराजगी थाने पर पहुंचे सभी



**बड़ावदा/प्रवीण व्यास/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** बड़ावदा नगर में बुधवार को सुबह मातम छा गया था जब खबर लगी कि माहेश्वरी समाज के प्रतिष्ठित किराना व्यापारी रमेश अजमेरा के 38 वर्षीय पुत्र श्याम अजमेरा ने फाँसी के फंदे पर झूल कर आत्महत्या कर ली थी । श्याम अजमेरा परिवार के एकलौते पुत्र थे । पुलिस अभी तक श्याम की आत्महत्या के कारण का पता नही लगा पा रही है । इस बात की नाराजगी लेकर समाजजन,व्यापारी व नगर के लोग बड़ावदा थाना पहुंचे व आत्महत्या के कारण की कोई खुलासा नही करने पर नाराजगी जताई । नगर के लोग इस कदर नाराज थे कि उन्होंने थाना प्रभारी को यँहा तक कह दिया कि पुलिस को सब पता है की आत्महत्या का कारण क्या था और दोषी कौन है किंतु पुलिस विभाग द्वारा उनकी गिरफ्तारी इसलिए नही की गई कि वो फरार हो सके। बताया जा रहा है कि इस नाराजगी की सबसे बड़ी वजह यह रही कि श्याम के कमरे से एक निजी डायरी मिली जिसमे व्यापार व आत्महत्या के कारण के बारे में लिखा हुवा था जो डायरी पुलिस के पास है किंतु पुलिस प्रशासन जानबूझकर दोषियों को गिरफ्तार नही कर रही है। इस विषय मे जब थाना प्रभारी महोदय से जानकारी ली गयी तब उनके द्वारा बताया गया की पूरी जांच पड़ताल के बाद ही किसी के खिलाफ कार्यवाही की जा सकेगी थाना प्रभारी ने जानकारी दी कि इस केस की सूक्ष्म जांच की जा रही है जांच के बाद ही किसी परर एफआईआर दर्ज की जा सकेगी।

## शिव वाटिका कार्यक्रम अंतर्गत भोरासा में हुआ पौधा वितरण कार्यक्रम




**भोरासा निप/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के जन्मदिवस पर संपूर्ण मध्यप्रदेश में शिव वाटिका उत्सव मनाया गया जिसमें नगर परिषद भोरासा ने भी सभी कार्यक्रम में मौजूद नागरिकों को पौधे वितरित किए और सभी से मध्य प्रदेश को हरा भरा मध्य प्रदेश बनाने की अपील की गई मुख्यमंत्री ने दो दिन पूर्व अपना जन्मदिन नहीं मनाने की बात रखी थी इस पर सभी लोगों ने सादगी पूर्वक उनका जन्मदिन मनाते हुए पर्यावरण को बढ़ावा देने के हिसाब से पौधे वितरण का कार्यक्रम किया उक्त कार्यक्रम में नगर परिषद के पदाधिकारियों द्वारा पौधारोपण भी किया गया इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, मंडल महामंत्री संजय यादव, पार्षद रोहित जायसवाल, छोटेलाल लोधी, सचिन यादव, राहुल मुदंड़ा, नवीन यादव, प्रदीप मंत्री, डॉ मोहन माली, रघुवीर सिंह ठाकुर, किशोर वर्मा, कन्हैयालाल खाटवा व नगर परिषद के कर्मचारी आदि लोग उपस्थित थे।

# भाजपा सर्वहारा वर्ग के लिए कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर लाने वाली पार्टी है-अनूसूचित जनजाति प्रदेश अध्यक्ष कलसिंह भाबर

**झाबुआ/माणक लाल जैन/देनिक मालवा हेराल्ड।** आज भोपाल से मुख्यमंत्री ने लाडली बहना योजना का शुभारंभ किया फार्म भरने की प्रक्रिया ओर सरल कर दिया हे अब लाडली बहना के फार्म भरने हेतु मूल निवासी प्रमाण पत्र की जरूरत नहीं होगी बहनों की परिवार आई डी, आधार, से भी फार्म बहने भर सकेगी। नगर परिषद के बेडमिंटन हाल में नगर परिषद द्वारा मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के शुभारंभ भोपाल से लाइव कार्यकम में सैकड़ों बहनो ने सहभागिता की





मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अपने जन्मदिन पर 5 मार्च रविवार को मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना का शुभारंभ किया इस योजना के अंतर्गत ?1000 प्रतिमाह महिलाओं को दिए जाएंगे मुख्यमंत्री लाडली योजना बहनों के सशक्तिकरण की योजना है इस योजना का लाभ उन सभी बहनों को मिलेगा जिनके परिवार की वार्षिक आय ढाई लाख से कम और 05 एकड़ से कम जमीन हो मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना का लाइव कार्यक्रम स्थानीय नगर परिषद के बैडमिंटन हाल में रखा गया इससे पूर्व स्थानीय केशव बालोद्यान में प्रदेश के मुख्यमंत्री के 64 वें जन्मदिवस पर वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत शिव वाटिका बनाकर इस अभियान के तहत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में अजजा प्रदेश अध्यक्ष कल सिंह भाबर, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी सुनील पंडा, पार्षद गण श्रीमती धापू बाई वसुनिया ,श्रीमती माया सचिन सोलंकी समर्थ गोलू उपाध्याय जगदीश प्रजापत युवा भाजपा नेता संजय भावर पूर्व विधायक प्रतिनिधि राकेश सोनी व्यापारी एसोसिएशन व समाजसेवी भाजपा नेता अनिल भंसाली मंडल महामंत्री सुनिल पंडा ,भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्रीमती सुनीता पवार, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्रीमती आरती सिसोदिया, मुकेश चौहान नगर परिषद स्वच्छता अधिकारी गोरांक सिंह राठौर, विजय गिरी के अलावा नगर के प्रबुद्ध नागरिक गण वह भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे सभी ने मुख्यमंत्री के दीर्घायु होने एवम जन्मदिवस की बधाई दी एवम101 पौधे लगा कर संकल्प लिया कि इन पौधे की जीवन पर्यंत तक देख भाल करेगे। इसके पश्चात लाइव मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना शुभारंभ 2023 कार्यक्रम स्थानीय बैडमिंटन हॉल में संपन्न हुआ सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर सभी अतिथियों द्वारा माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात बाल कन्या का पूजन किया गया वही अतिथियों के स्वागत के पश्चात कार्यक्रम में विशेष रूप से पधारे अनू जन जाति के प्रदेश अध्यक्ष कलसिंह भाबर ने अपने उद्बोधन में कहा कि भाजपा सर्वहारा की पार्टी है पूर्व वर्षों में हमें डराया जाता था कि भाजपा बनिए ब्राह्मणों की पार्टी है यह पार्टी एक विशेष जाति समुदाय की पार्टी है किंतु आज भाजपा सर्वहारा की पार्टी बन चुकी है आज भाजपा का एक ही नारा है सबका साथ सबका विकास पार्टी द्वारा किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं आज मुख्यमंत्री का जन्म दिवस है किंतु हमारे लाडले मुख्यमंत्री ने पूर्व में ही कह दिया था कि मैं जन्म दिवस तभी मनाऊंगा जब प्रदेश की बहनों के चेहरे पर खुशी देखूंगा आज वह शुभ दिवस आ गया जब मुख्यमंत्री ने प्रदेश की लाखों बहनों को यह योजना का लाभ देने जा रहे हे अब मूल निवासी पत्र की जरूरत नहीं पड़ेगी अब बहनों की परिवार आई डी आधार कार्ड से भी फार्म मान्य होगा लाडली बहना फार्म भरने हेतु गांव व नगर के हर वार्ड में शिविर लगेंगे फार्म भरे जाऐगे ?1000 मासिक पात्र लाडली बहना को दिए जायेंगे श्री भाबर ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देश को जाति धर्म में बाट कर प्रदेश की जनता को गुमराह किया था कांग्रेस कहती थी कि भाजपा विशेष जाति धर्म की पार्टी है हमें डराया गया था आज देश नहीं विदेश में भी भाजपा पार्टी की ख्याति बड़ी है पूर्व में 70 साल के हिंदुस्तान को भी जनता ने देखा है एवं वर्तमान में 15 वर्ष के हिंदुस्तान को भी जनता देख रही है हिंदुस्तान हर पल प्रगति के पथ पर अग्रसर हो रहा है यह सिर्फ भाजपा पार्टी की ही देन है।

कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्षा श्रीमती लक्ष्मी सुनील पडदा एवं मंडल महामंत्री सुनील पंडदा, नगर परिषद उपाध्यक्ष पंकज राठौड़ जागीरदार, वरिष्ठ पार्षद श्रीमती माया सचिन सोलंकी ,समर्थ उपाध्याय, भाजपा नेता संजय भाबर ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद सुश्री राधा डाबर पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष बंटी डामोर, पार्षद गण जगदीश प्रजापत, श्रीमती ज्योति जितेंद्र राठौड़ ,श्रीमती धापू बाई वसुनिया, सहित नगर परिषद अधिकारी, कर्मचारी गण जनपद कर्मचारी गण ,बाल विकास विभाग अधिकारी कर्मचारी गण, आशा कार्यकर्ता नगर के प्रबुद्ध जन वह मीडिया कर्मी मौजूद थे आज के दोनों ही आयोजन की विशेष रूप से व्यवस्था नगर परिषद के स्वच्छता अधिकारी गौरांक सिंह राठौर द्वारा की गई वही कार्यक्रम का संचालन नगर परिषद के यशदीप अरोरा द्वारा किया गया आभार नगर परिषद के पार्षद व मंडल अध्यक्ष समर्थ उपाध्याय द्वारा माना गया।

# कांग्रेस का आरोप लाडली बहना योजना चुनावी शगुफा

**नियमों के चलते अधिकांश महिलाएं होंगी योजना से बाहर»»»ढाई लाख कमाने वाले, इनकम टैक्स देने वाले, शासकीय नौकरी वाले, चार पहिया वाहन वाले, पेंशन लेने वाले, 5 एकड़ जमीन वाले परिवारों की महिलाएं योजना से बाहर**

**खरगोन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्य प्रदेश सरकार की लाडली बहना योजना, बहना को मूर्ख बनाकर वोट लेने वाली योजना है जोर शोर से प्रचार-प्रसार कर मध्यप्रदेश सरकार महिलाओं को ठगने का काम कर रही है। एक तरफ जहां मुख्यमंत्री इस योजना का ढिंढोरा पीट रहे हैं वहीं दूसरी तरफ इस योजना के कठोर नियम बनाकर बड़ी संख्या में महिलाओं को इस योजना से बाहर करने की साजिश भी रची जा चुकी है साफ होता है कि प्रदेश की भाजपा सरकार महिलाओं को ठगकर आगामी चुनाव में उनका वोट भर लेना चाहती है शासकीय गाइडलाइन के अनुसार जो परिवार ढाई लाख रुपए सालाना कमाते हैं, वह परिवार जो इनकम टैक्स देते हैं, जिनके घर चार पहिया वाहन है, जिनके पास 5 एकड़ से अधिक जमीन है, जिनके परिवारों में एक भी सदस्य शासकीय सेवा में है या जो किसी प्रकार की पेंशन लेते हैं इन परिवार की महिलाओं को लाडली बहना योजना का लाभ नहीं मिलेगा इसके अलावा 23 वर्ष से 60 वर्ष तक का आयु बंधन भी बड़ी संख्या में महिलाओं को इस योजना से बाहर कर देगा ऐसे नियमों के बाद नाम मात्र की महिलाएं इस योजना की पात्र होंगी उनको भी दस्तावेज बनाने एवं उनकी जांच के नाम पर बाहर कर दिया जाएगा ऐसी स्थिति में यह योजना सिर्फ कागजों पर सिमट कर रह जाएगी और प्रदेश सरकार आगामी चुनाव में सिर्फ महिलाओं के वोट लेने के लिए इसका ढिंढोरा पिटती रहेगी। उक्त बातें जिला कांग्रेस के अध्यक्ष रवि नाईक ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहीं उन्होंने प्रदेश सरकार पर महिलाओं से झूठ बोलकर उन्हें ठगने का आरोप लगाया उन्होंने कहा कि पिछले 18 सालों से प्रदेश में भाजपा की सरकार है इतने सालों में उन्हें बहनों की याद नहीं आई। छः महीने बाद चुनाव होने वाले हैं तो सरकार महिलाओं का वोट लेने के लिए इस प्रकार की लुभावनी योजना लाकर उनके वोट लेना चाहती है जबकि हकीकत यह है कि इसी प्रदेश सरकार के राज में महिला अत्याचार में मध्यप्रदेश नंबर वन है, बलात्कार में मध्य प्रदेश नंबर वन है यदि सरकार इतनी ही महिलाओं के हितेषी है तो फिर महिला अपराध प्रदेश नंबर वन क्यों है?

**जो महिलाएं अपात्र होंगी क्या वह बहना नहीं है?**

रवि नाईक ने सरकार से सवाल किया है कि मध्य प्रदेश सरकार ने लाडली बहना योजना के नाम पर प्रदेश की महिलाओं को दो हिस्सों में बांट दिया है एक वो थोड़ी सी महिलाएं जो, योजना की पात्र होंगी।दूसरी बड़ी संख्या में वो महिलाएं जो योजना में अपात्र होंगी। ऐसी स्थिति में पात्र महिलाएं तो बहना कहलाएंगी लेकिन जो महिलाऐं योजना से बाहर होगें क्या वह लाडली बहना नही होगी ,?

**कागज बनाने, जांच करने में चार माह का समय लेगी सरकार**

5 मार्च को लांच कर रही इस सीयोजना में फॉर्म भरने दस्तावेज तैयार जांच करने की जो तारीखें सरकार ने तय की है उसमे जून माह के बाद लाभ मिलना शुरू होगा इसके तुरंत बाद मध्यप्रदेश में चुनावी आचार संहिता लगने की संभावना है अर्थात सरकार महिलाओं को लाभ देना ही नहीं चाहती केवल उनका वोट लेना चाहती है सरकार कि यह योजना कागजों तक सिमट कर रह जाएगी और मध्य प्रदेश की करोड़ों महिलाएं अपने आपको ठगा हुआ महसूस करेगी।

**कांग्रेस देगी प्रत्येक महिला को पंद्रह सौ रुपए प्रतिमाह**

रवि नाईक ने आगे बताया कि मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री माननीय कमलनाथ जी ने मध्य प्रदेश की प्रत्येक महिला को सरकार बनने के तुरंत बाद ही 1500रू प्रतिमाह देने का वादा किया है। कांग्रेस की इस घोषणा में प्रदेशभर की सारी महिलाएं आएंगी किसी प्रकार नियम बनाकर उन्हें बाहर नहीं किया जाएगा। पहले भी जो कहा था वह किया इस बार भी महिलाओं को पंद्रह सौ ? देने का जो वादा किया है उसे सरकार बनने के बाद निभाया जाएगा।

## मेहरजा में तीन दिवसीय नेतृत्व एवं सामुदायिक विकास प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**खरगोन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नेहरू युवा केंद्र द्वारा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार तुम्हारा तीन दिवसीय नेतृत्व एवं सामुदायिक विकास प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 2 से 4 मार्च तक गायत्री मंदिर परिसर में मेहरजा में किया गया। तीन दिवसीय कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व क्षमता का विकास करना एवं विभिन्न मुद्दों पर ज्ञान प्रदान करना था। तीन दिवसीय शिविर में युवाओं को अलग-अलग गतिविधियों के माध्यम से सॉफ्ट स्किल बेहतरीन बनाने का कार्य किया गया। योगा एवं स्वच्छता जैसी गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों में सहयोग करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञों के रूप में सेडमैप के जिला समन्वयक श्री सुदर्शन दुबे, जिला आयुष अधिकारी डॉ.वासुदेव असलकर, जिला खेल अधिकारी पवि दुबे, महिला एवं बाल विकास अधिकारी मोनिका बघेल, सहायक प्राध्यापक संजय कोचक, शासकीय विद्यालय खेल अधिकारी गगन चौधरी, एनएसएस जिला संगठक सुरेश आवासे रहे। कार्यक्रम में जी-20, वाय 20 एवं अंतर्राष्ट्रीय मोटे अनाज के वर्ष के महत्व को हाईलाइट करने के लिए युवाओं द्वारा रंगोली बनाई गई। कार्यक्रम का समापन विशेष अतिथि अनीता शुक्ला एवं जिला अधिकारी पूनम कुमारी ने बेग एवं सर्टिफिकेट देकर किया गया।

# भाजपा बड़ावदा मंडल की बूथ विस्तारक योजना 2 की कामकाजी बैठक सम्पन्न

**पूर्व विधायक जितेंद्र गहलोत हुवे शामिल**

**बड़ावदा/ प्रवीण व्यास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारतीय जनता पार्टी बड़ावदा मंडल की बुथ विस्तार योजना 02 की काम काजी बैठक कार्यक्रम रखा गया। आलोट विधानसभा के विस्तारक शिवलाल पाटीदार एवं विधानसभा संयोजक नंदन जैन पूर्व विधायक जितेंद्र गहलोत के द्वारा मां भारती एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं दीनदयाल जी उपाध्याय के तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह के द्वारा समस्त अतिथियों का स्वागत किया गया,उसके बाद विधानसभा विस्तारक के द्वारा बैठक ली गयी जिसमें उपस्थित समस्त ग्राम केंद्र प्रभारी ग्राम केंद्र संयोजक एवं आईटी सेल ग्राम केंद्र प्रभारी तथा समस्त मोर्चों के मंडल अध्यक्ष एवं मंडल महामंत्री प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे। आगामी बूथ स्तर योजना कार्यक्रम को लेकर मंडल के समस्त पदाधिकारियों से चर्चा की गयी साथ ही आगामी 14 मार्च से 21 मार्च भूत विस्तार योजना का कार्य समस्त 66 भूतों पर योजनाबद्ध तरीके से पार्टी का विस्तार किया जाय यह भी चर्चा की गयी। प्रत्येक ग्राम केंद्र की बैठक करके आगामी कार्यक्रम किया जावेगा बैठक में उपस्थित नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेंद्र कुमावत जिला योजना समिति सदस्य अनिल अवस्थी पूर्व मंडल अध्यक्ष जीवन सिंह मंडल महामंत्री रमेश डांगी वरिष्ठ नेता फतेह राम धाकड़ पूर्व किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष राघव सिंह मंडल के उपाध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह लोकेंद्र सिंह बद्री लाल चौधरी राम सिंह युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सौरभ हिंगड़ किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष शिवनारायण धाकड़ अजा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अंबाराम तलावली संजय चावड़ा शांतिलाल जायसवाल सोहनलाल अनिल हाड़ा रमेश जाट कन्हैया लाल धाकड़ समरथ पाटीदार अन्नू बैरागी मांगीलाल गुर्जर अशोक चंद्रवंशी दिनेश पाटीदार नितीराज सिंह धर्मेंद्र सिंह सुरेंद्र सिंह अनेक कार्यकर्ता उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई अंत में आभार प्रदर्शन मंडल महामंत्री रमेश जी डांगी के द्वारा किया गया।



# केंद्रीय कृषि मंत्री से मुलाक़ात कर सौंपा आवेदन पत्र

**क्षेत्र के किसानों की भावना से कराया अवगत**

**पचोर/हेमन्त कुमार शर्मा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** क्षेत्र के आम किसान अमूमन तौर पर तो भाजपा सरकार को किसानों और कृषि के हित में कांग्रेस सरकार की अपेक्षा कई गुना बेहतर बताते है तथा भाजपा की केंद्र तथा राज्य सरकार से संतुष्ट ही नजर आते है!लेकिन फिर भी किसानों के पक्ष में कुछ और निर्णय लेने की आवश्यकता है जैसे कि फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एम एस पी ) कुछ और बढ़ाना, रबी और ख़रीफ की बोवनी के समय पर्याप्त मात्रा में सहजता से खाद उपलब्ध हो, उत्तम गुणवत्ता का बीज उचित मूल्य पर उपलब्ध कराने तथा समर्थन मूल्य पर खरीदी की पहले से चाक चोबंद व्यवस्था करने तथा केंद्र की सभी राज्यों के कृषि और किसान कल्याण के काम काज पर पारदर्शिता के साथ निगाहेबानी करने आदि से सम्बंधित मांग पत्र केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर को उनके भोपाल आगमन पर सौंपा गया तथा उन्हें क्षेत्र के आम किसानों की भाजपा सरकार के प्रति भावनाओं से अवगत कराया गया! मांग पत्र



किसान नेता गजेंद्र सिंह छोटू बना भाजपा नेता कमल सक्सेना युवा नेता भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य मनीष मन्नू यादव के द्वारा श्री तोमर के भोपाल निवास पर सौंपा गया! मांग -पत्र पर श्री तोमर ने उचित कार्यवाही का भरोसा दिलाया!

# रामू को मिला शालीनता का उपहार

## [ बाल कहानी ]

सुबह-सुबह मिस्टर अग्निहोत्री के घर में पूजा का फूल लेकर आने वाला रामू मुहल्ले का प्रिय बालक बन चुका था। पिता की मृत्यु के पश्चात अपनी अम्मा और छोटी बहन का एक मात्र सहारा बन कर नौ वर्षीय रामू पिता की भूमिका में था।सुबह-सुबह घर के बेल बजते ही सब लोगों को रामू की नजर ही दिखाई देती थी।सात्विक विचार और व्यवहार से रामू को नवीन नगर मुहल्ले वाले लोगों ने घर का बच्चा समझकर उसे प्यार करते थे। महीने के अन्त में प्रतिदिन दस रुपए की दर से हर घर से उसे लगभग तीस रुपए महीने मिल जाता था। पन्द्रह घरों में फूल देने के काम में बाजार से खरीद किए गए फूलों से वह तीन चार हजार की आमदनी कर लेता था।मां महरी का काम करतीं थीं।तीन घरों में काम पकड़ रखी थी।इस काम से उसे नौ हजार रुपए की आमदनी हो जाती थी।मां बेटे की कड़ी मेहनत का फल बड़ा मीठा लगने लगा था।

रामू सुबह-सुबह यह काम करने के उपरांत सेठ नरोत्तम बाबू के बगीचे में पानी डालने का काम करते हुए पढ़ाई भी करता था।काम काज का तरीका और उत्तम व्यवहार से प्रसन्न होकर नरोत्तम बाबू ने रामू के मासिक फीस जमा करने की जिम्मेदारी लें रखीं थीं। यहां भी माह में रामू को तीन हजार रुपए सेठ नरोत्तम बाबू से मिलती थी।घर-घर में रामू के मेहनत और ईमानदारी की चर्चा से ज्यादा उसके शालीनता पर बातें होती रहती थी। सबलोग रामू को पसंद करते थे। किसी भी तरह की कोई शिकायत नहीं होती पाई गई।मुहल्ले वाले शेखर बाबू ने एक दिन अपने यहां मुहल्ले के बुजुर्गो की बैठक बुलाई। सबको चाय पानी से स्वागत करने के उपरांत शेखर बाबू ने रामू की चर्चा चला दिए। फिर उनके गुणों की प्रशंसा करते हुए उसे मदद करने का एक प्रस्ताव रख दिए।

मुहल्ले वाले सब रामू के व्यवहार से परिचित थे।फिर क्या था, एक स्वर में हां और हां के बीच प्रस्ताव स्वीकृत हो गया।स्वीकृत प्रस्ताव में रामू को पढ़ाई के लिए बोर्डिंग स्कूल हिसार भेजने के निर्णय पर मुहर लग गई।महरी मालती ने भी बेटे के सुरक्षित भविष्य के लिए हामी भर दी।आज़ नवीन नगर मुहल्ले का महरी मालती का बेटा पढ़-लिख कर एक बड़ा पदाधिकारी बन चुका है।शासन के महत्वपूर्ण पदों पर पदस्थापित है। मुहल्ले में आने पर आज़ भी अपने शालीन व्यवहार के लिए सुर्खियों में रहता है।रामू को उसके शालीनता के लिए मिले इस उपहार से अम्मा और घर वाले काफी प्रसन्न हैं।



**-अशोक,पटना, बिहार।**

# मैं बोलूँगा तो बोलोगे कि बोलता है (हिन्दू रीति रिवाजों में अंतिम संस्कार का औचित्य)

पृथ्वी करोड़ों साल पहले जब अपने मौजूदा वजूद में आया तो पृथ्वी पर सभी मौजूदा तत्व जिसमे सारे खनिज पदार्थ से लेकर हवा पानी तक अपने इसी मौजूदा स्वरूप में अस्तित्व में आये।पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण बल पृथ्वी को अपनी एक अलग वातावरण प्रदान करने में अहम भूमिका निभाई।हवा जिसमें मौजूद ऑक्सीजन गैस किसी भी जीवित प्राणियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण अंग होता है उसको पृथ्वी के वातावरण में रोकने में सक्षम रहा।पूरे ब्रह्मांड में पृथ्वी जैसे अनगिनत ग्रह, उपग्रह हो सकते हैं जहाँ इसी तरह का वातावरण मौजूद होगा और वहाँ भी इसी तरह के प्राणी भी मौजूद होंगें।ब्रह्मांड अनंत हैं इसलिए वे ग्रह इस पृथ्वी से कितने दूर होंगें इसका अंदाजा लगाना मौजूदा परिस्थितियों में संभव नहीं है।लेकिन इस पृथ्वी की क्रियाकलापों से एक मोटा मोटी अंदाज जरूर लगाया जा सकता है।पृथ्वी पर शुरुवाती दौर के के कुछ तत्व और उसके बाद उनके आपस की रासायनिक क्रियाओं के फलस्वरूप कुछ और नए तत्वों के निर्माणों का सिलसिला बदस्तूर चलता रहा।एक समय ऐसा भी पृथ्वी पर आया जब निर्जीव पदार्थों के साथ साथ कुछ सजीव पदार्थो का भी निर्माण हुआ और वह सजीव पदार्थ सर्वप्रथम सागर या नदियों की गहराई में उत्पन्न हुआ होगा।उन्हीं जीवों में से कुछ जीव अपने सागर या नदियों के तटों के आस पास जलीय वातावरण को छोड़कर स्थलों पर आ गए होंगें और कालांतर में अपने आप को धरती के सूखे स्थलों में अपना वजूद कायम करने में सक्षम हुए होंगें। यही जीव धीरे धीरे धरती पर मौजूद और तत्वों के सम्मिश्रण से अपने स्वरूप में बदलाव करते गए।करोड़ों साल की लंबी प्रक्रिया में जीवों के डी एन ए में बदलाव होता रहा।शनैः शनैः इन्हीं बदलाव की बदौलत आज के इंसान या जानवरों के अलग अलग स्वरूप आपको देखने को मिलते हैं।ये सारी चीजें कुदरती तौर पर होती रही और इसमें पृथ्वी से बाहर के किसी भी तत्व का कोई योगदान नही रहा सिवाय सूर्य की रौशनी और बादलों से बरसते पानी के। हम जब ये सोचते हैं कि कहीं कोई ईश्वर या अल्लाह कहीं दूर आसमान में बैठकर कुछ संचालित कर रहा है तो इससे बड़ा झूठ और पाखंड कुछ भी नहीं हो सकता है।सबको को ये सच्चाई स्वीकार करनी ही पड़ेगी कि इसी पृथ्वी पर मौजूदा सभी तत्व ही हमारे लिये ईश्वर का स्वरूप है।जिस स्वरूप में आज पूरी दुनिया ईश्वर की आराधना करती आ रही है उससे ये साफ पता चलता है कि हम सभी अज्ञानता के अंधेरे से बाहर नही निकले हैं।धर्म कोई भी हो लेकिन सभी धर्मों में एक काल्पनिक ईश्वर की परिकल्पना करके एक दूसरे को वेवकूफ बनाते रहते हैं।कोई इंसान उस अज्ञानता के अँधरे से बाहर ही नहीं आना चाहता है।फर्क सिर्फ इतना होता है कि सभी धर्मों के धर्मावलंबी अपने क्रियाकलापों को सही ठहराते हुए उसे ही दूसरों पर थोपने का काम करते रहते हैं।और उसके साथ ही दूसरे धर्म या मत के मानने वालों को नीचा दिखाने का प्रयत्न करते रहते हैं।और ये सिलसिला आगे भी बदस्तूर चलता रहेगा क्योंकि कोई भी इंसान के पास सच को स्वीकार करने का साहस नहीं है।मनुष्य का जीवन अनिश्चितता से भरा हुआ होता है और उसमें उतार चढ़ाव होना लाजमी है लेकिन मनुष्य अपने कष्टों के निवारण के लिए एक तथाकथित ईश्वव की काल्पनिक परिकल्पना प्रतिपादित कर लिया है।और हिन्दू धर्म के मानने वाले एक कदम आगे बढ़कर अपने ईश्वर के मूर्त रूप को भी गढ़ लिया है जिसका वास्तविकता से शायद ही कुछ लेना देना हो।बड़े से बड़े वैज्ञानिक या अपने आप को सभी बातों का मर्मज्ञ कहने वाला भी ईश्वर के स्तित्व को नकारने में अक्षम रहा है वे भी इस बात को स्वीकारते हैं कि कोई शक्ति है जो सृष्टि को चलाती है और जिसे ईश्वर का नाम दिया जा सकता है जो हकीकत में वास्तविकता से सर्वथा परे है। दरअसल पूरा ब्रम्हांड ही अपने एक अदृश्य शक्ति के आधार पर स्वतः चलती रहती है और इसमें किसी भी तथाकथित ईश्वर का कोई हाथ नहीं होता है।चूँकि मनुष्य के ज्ञान की अपनी एक सीमा है और वह सीमित ज्ञान के बदौलत अपनी कल्पना की उड़ान भरता रहता है और वह उसी सीमित ज्ञान के आधार पर ही ईश्वर के स्वरूप को गढ़ा है। मुझे इसपर कोई आपत्ति नहीं है कि आप ईश्वर के कौन से स्वरूप को और क्यूँ मानते हो।आपकी अपनी सोच है जो मानना है मानो लेकिन सभी के पीछे कोई सार्थक सिद्धांत जरूर होनी चाहिए।हिन्दू धर्म के अलावा बाकी सभी धर्मों में कर्मकांड की बहुत कम गुंजाइश रहती है।हिन्दू धर्म दरअसल बहुत प्राचीन काल से अपने स्तित्व में है और ये सिर्फ धर्म ही नहीं जीवन के जीने की पद्धति है।भारतवर्ष में कुछ ऐसा रहा कि यहाँ के लोग शुरुवाती दौर में बौद्धिक रूप से ज्यादा प्रतिभावान रहे। लेकिन कुछ काल खंड के बाद यहाँ के लोग पिछड़ते चले गए। शिक्षा केवल धार्मिक कर्मकांड तक सीमित रह गई।और उसमें भी केवल एक वर्ग तक।जिसका नतीजा ये हुआ कि जब पुराणों की रचना हुई और उसके बाद उसके आधार पर हिन्दू धर्म में जीतने भी कर्मकांड प्रतिपादित किये गए उनका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं रहा और महज कल्पना के आधार पर लोगों ने तरह तरह की कहानियां गढ़ ली और उसके आधार पर ही जीवन को जीने का प्रयास करने लगे।उन्हीं पुराणों में से एक गरुड़ पुराण के आधार पर हिन्दू धर्म में किसी के मृत्यु के बाद कौन कौन से कर्मकांड अपनानी चाहिए इसका एक झूठा ताना बाना बुना गया। और वह भी सिर्फ एक वर्ग के फायदे के लिए ।एक तरफ हिन्दू धर्म ये स्वीकार करता है कि आत्मा अजर अमर है उसे ना कोई हथियार काट सकता है ,ना उसे पानी भिगों सकता है और ना उसे अग्नि जला सकता है।वहीं इसी धर्म के आधार पर मरने के बाद उसी आत्मा को स्वर्ग और नर्क की प्राप्ति होती है उसके संसार में किये गए कर्मो के आधार पर।मरने के आत्मा को तथाकथित वैतरणी नदी पार करनी पड़ती है और उस वैतरणी नदी को पार करने के लिए एक गाय की जरूरत पड़ती है जिसके पूँछ को पकड़कर वैतरणी नदी पार किया जा सकता है और वह गाय वहाँ तब उपलब्ध होगी जब मरने वाले के सगे संबंधी मरने वाले के तेरहवींपर एक वर्ग विशेष को गाय दान देंगें।अब इससे बड़ा पाखंग या विसंगतियां शायद ही कुछ हो।एक तरफ आत्मा एक शरीर से निकलकर दूसरा शरीर धारण कर लेता है वहीं दूसरी तरफ आप ये कहते हो कि नर्क में बड़े बड़े कड़ाह में आपको खौलते हुए तेल में डाला जाता है।भाई नर्क में कौन सी सरसों की खेती होती है या मुंगफली की उपज होती है जिससे वहाँ कोल्हू से तेल निकाला जाता है।स्वर्ग में अप्सराएँ नाचती हैं।यहाँ तो बार में डांस देखना मुश्किल है और वहाँ तथाकथित स्वर्ग में बिंदास सोमरस पीकर मेनका और उर्वशी का डांस देखो।धरती पर आप बार बालाओं के डांस नही देख सकते क्योंकि वह आपत्तिजनक है लेकिन मरने के बाद आपको वह सुविधा स्वर्ग में मुफ्त में उपलब्ध है।आपमें अगर थोड़ा सा भी बुद्धि और विवेक है तो इन चीजों पर कैसे विश्वास कर सकते हैं।आई आई टी से पास करने वाला किसी व्यक्ति के भी पिता का देहांत हो जाये वह भी आँख मूँदकर उन्हीं क्रियाकलापों को अपनाने लगता है जो उसके पूर्वज अपनाते रहे हों।वह भी अस्थि विसर्जन से लेकर तेरहवीं तक की सभी क्रियाओं को आँख मूँदकर संपादित करेगा।एक तरह आप नदियों को माता मानकर उसकी पूजा करते हो और उसी माता के जल में अस्थि विसर्जन करके उसको प्रदूषित करते हो।अगर आपको अपने प्रियजनों के जाने का इतना ही दुःख है तो उसके अस्थि के राख को खेतों में डालो ताकि वह जमीन की उर्वरक क्षमता बढ़ाये।किसी प्रियजनों के मरने के बाद एक पेड़ लगा दो और उसमें इसकी अस्थि की राख डाल दो ताकि उसकी याद आपके जीवन में हमेशा बनी रहे।आज के आधुनिक युग में किसी के इस संसार से चले जाने के बाद किसी भी तरह के कर्मकांड को करना एक पाखंड के सिवा कुछ भी नही है।पहले समाज का एक वर्ग लोगों के दिये गए दान दक्षिणा के आधार पर ही अपना जीवनयापन करता था क्योंकि उस समय उसके पास आय को कोई जरिया नही होता था लेकिन अब समाज में वह परिस्थितियां नही है।अब वह विशेष वर्ग अपने पैरों पर खड़ा है और उन्हें किसी दान दक्षिणा की आवश्यकता नहीं है और होनी भी नहीं चाहिये।इससे बड़ी अपमानजनक बात और क्या हो सकती है कि आपको दान दक्षिणा जिसे स्पष्ट रूप से भीख की संज्ञा दी जा सकती है उसपर आपका गुजारा चले।वह इंसान मृतप्राय है जिसे किसी के आगे हाथ फैलाकर कुछ मांगना पड़े।आज भी जो लोग इन कर्मकांड के संपादन के लिए दान के रूप में कुछ लेते हैं वह भी एक भिक्षा का ही स्वरूप है।और सबसे घृणित भिक्षा का वह स्वरूप होता है जब आप किसी के मरने के बाद उसके नाम पर कोई दान लेते हैं।मेरा स्पष्ट मानना है कि इस अवसर पर दान लेने वाले समाज का सबसे गिरा हुआ प्राणी है भले वह अपने आप को समाज के उच्च वर्ग का क्यूँ ना समझे ऐसे दान लेने वालों के साथ बैठना भी गुनाह है।किसी के मृत्यु के बाद उसके तेरहवीं पर दिए गए भोज में खाना खाने वाले भी घृणा के पात्र हैं।आप किसी के जाने के गम में भोजन का आनंद कैसे ले सकते हैं।आप गुलाबजामुन या खीर का लुफ्त कैसे उठा सकते हैं।कैसे आपका जमीर इस बात की इजाजत देता है।शादी व्याह के अवसर पर थोड़ा बहुत चल भी जाता है परंतु किसी का जवान बेटा मर गया और आपको खाने में बूंदी के रायता की पड़ी हुई है। किसी के मृत्यु के नाम पर लिया गया किसी भी तरह का दान या म्रत्यु के बाद किसी भी तरह के भोज में खाना खाना दुनिया का सबसे बड़ा गुनाह है।तेरहवीं के भोज में खाने के लिए शामिल लोग दुनिया के सबसे बड़े मुफ्तखोर होते हैं।जिनका कोई दीन धर्म नही होता है और इनका वश चले तो लोगों के लाश को नोचकर खा जाएँ।अगर आप सच्चे अर्थ में हिन्दू हो तो इन परंपराओं पर रोक लगाने की चेस्टा करो।किसी के मृत्यु के बाद के सभी आडंबर को बंद करो।



**- डॉ संजय श्रीवास्तव महू**

# गुझिया से लेकर पिचकारी तक- सोनी सब के कलाकारों ने अपने होली प्लांदस के बारे में की बात



**जीएनएस। बुरा ना मानो होली है! सभी लोगों का पसंदीदा रंगों का त्योलहार आ गया है। गुझिया और पिचकारी की बचपन की यादों से लेकर परिवारों के मेल-मिलाप तक, होली लोगों के बीच खुशियां एवं प्याेरि फैलाता है। इस साल, सोनी सब के कलाकारों ने होली से जुड़ी अपनी प्याकरी यादों और पसंदीदा पकवानों को याद किया और उनके बारे में बात की। परिवार के हर सदस्य का मनोरंजन करने वाले इस चैनल के कलाकारों में सुमीत राघवन से लेकर करूणा पांडे तक शामिल हैं।**



## करूणा पांडे ऊर्फ 'पुष्पो इम्पॉलसिबल' की पुष्पा

इस होली मैं लोगों को यही संदेश देना चाहूंगी कि अपने बीच की दूरियों एवं मतभेदों को दूर करें और नये रिश्तोंस का प्याइर से स्वाेगत करें। होली एकसाथ खुशियां बांटने और अपने प्रियजनों के साथ रिश्तोंं को मजबूत करने का त्योंहार है। पुष्पाी अपने परिवार वालों से प्याएर करती है और मैं उसके मूल्योंक से जुड़ाव महसूस करती हूं। इस साल हमने पहले ही सेट पर होली मना ली है, लेकिन फिर भी असली होली के त्योसहार का मुझे बेसब्री से इंतजार है। रंग, खाना और वॉटर बलून्सा मुझे हमेशा से ही पसंद रहे हैं। मैं अपने दर्शकों एवं प्रशंसकों को सुखद एवं रंगारंग होली की शुभकामनायें देना चाहूंगी।



## सुमीत राघवन ऊर्फ 'वागले की दुनिया' के राजेश वागले

होली का मतलब है आप जिसे प्या र करते हैं, उनके साथ का आनंद उठाना। फिर चाहे पकौड़े हो या गुलाल, परिवार के सभी लोग इनका आनंद उठाने के लिये एकजुट होते हैं और एक-दूसरे को प्याार एवं खुशियों के रंगों से सराबोर करते हैं। हमारा परिवार हमारी जिंदगी में सबसे महत्वऔपूर्ण चीज होता है और होली जैसे अवसर उनके साथ अपने रिश्तों को मजबूत करने का एक बेहतरीन मौका होता है। 'वागले की दुनिया' के सदस्योंप की ओर से आप सभी को होली की ढेर सारी शुभकामनायें। उम्मी द है कि आप सभी अपने प्रियजनों के साथ इस अद्भुत उत्सुव का आनंद उठायेंगे।

## ईशान धवन ऊर्फ 'ध्रुव तारा–समय सदी से परे' के ध्रुव

मेरे लिये होली का मतलब है रंगों से खेलना, स्वोदिष्टध व्यंतजनों के मजे लेना और अपने प्रियजनों एवं करीबियों के साथ समय बिताना। मैं गुलाल के साथ होली खेलना ज्या,दा पसंद करता हूं और मुझे गुझिया एवं जलेबी जैसी मिठाईयां अच्छीा लगती हैं। अपने परिवार को खुश देखकर मुझे भी खुशी होती है। मुझे लगता है कि होली का त्योअहार अपने बीच की दूरियों को मिटाने और दोस्तीर के नये रिश्तेझ बनाने का एक बिल्कु ल सही अवसर होता है। इस साल, मेरा होली सेलीब्रेशन दूसरे सालों से अलग होगा, क्योंकि



मैं 'ध्रुव तारा' के सेट पर अपने साथी कलाकारों के साथ होली का जश्नल मनाऊंगा। इस नये अनुभव का आनंद उठाने का मैं बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।''

## पारस अरोड़ा ऊर्फ 'दिल दियां गल्लां ' के वीर –

होली का एक सबसे खूबसूरत पहलू यह है कि यह हमारे आस-पास एक खुशनुमा और जीवंत माहौल बनाता है। बचपन में मैं अपने कजिन्सक के साथ घंटों होली खेलता था। गुझिया होली का मेरा सबसे पसंदीदा पकवान है। इस साल होली का जश्नम काफी अलग होगा, क्योंसकि मैं सेट पर रहूंगा, लेकिन अपने सह-कलाकारों के साथ होली खेलने का मैं बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।



## चिन्मरयी साल्वीह ऊर्फ 'वागले की दुनिया' की सखी–

होली की मेरे दिल में एक खास जगह है और यह मेरा सबसे पसंदीदा त्यो हार है। मैं होली में आमतौर पर वॉटर बलून्सक, पिचकारी और गुझिया का आनंद उठाती हूं। हमने हमारे शो 'वागले की दुनिया' के सेट पर भी अपने लिये होली का एक छोटा सा सेलीब्रेशन रखा था, क्यों कि होली के दिन हम अपने घरों पर अपने-अपने परिवारों के साथ होंगे। मैं अपने दर्शकों को होली की शुभकामनायें देना चाहूंगी और उम्मीलद करती हूं कि यह त्योनहार उनके लिये खुशियों एवं रंगों की फुहार लेकर आयेगा।

### तितली रानी

*तितली रानी तितली रानी,*
*तूं तो है एक बड़ी सयानी।*
*तेरे जीवन की है छोटी सी सीमा,*
*तीस दिन की है तूं बस शोभा।*

*तितली रानी बड़ी मेहनती,*
*फूलों से रस चुराती है।*
*फूलों से तुम्हें खूब मोहब्बत,*
*मन को खुशियां से भर जाती है।*

*चार चरण में लेती है तू अवतार,*
*सबमें बांटती है अपना प्यार।*
*दिमाग की तू है बड़ी तेज़,*
*किसी से नहीं करतीं परहेज़।*

*प्यार की है तू एक बड़ी बाजार*
*सबमें बांटती है खुशियां हजार।*

*तेरे आंगन और सोहबत में,*
*दिखता नहीं है कहीं अत्याचार।*
*फूलों की बन शोभा हरपल तू,*
*सबको बड़ी चिढ़ातीं रहतीं है।*

*भरपूर रस पाने की ख्वाहिश से,*
*फूलों पर ही अक्सर मंडराती है।*
*कीचड़ से तेरे पानी पीने का ढंग,*
*यह ढंग और रंग कुछ-कुछ निराली है।*

*अल्प काल का जीवन पाकर,*
*देती तू सबको खूब खुशहाली है।*
*तेरी रंग -बिरंगे पंख की रौनक,*
*सबको हरपल खूब हर्षाती है।*

*हल्की फुल्की बदन की मूरत बन,*
*हरक्षण हरपल सबसे तू शर्माती है।*

***-डॉ .अशोक, पटना, बिहार।***



### फिर मिलकर हम खेलें होली

*बचपन की गलियों की होली*
*चेहरे पर खुशियों की रोली*
*अपनों की वो हंसी ठिठोली*
*यारों की मनमौजी टोली..।।*

*रंग गुलाल की वो बौछारें*
*आज भी गीला कर जाती हैं*
*कानों में अब भी आती हैं*
*यारों की वो मीठी बोली..।।*

*काश कभी हम फिर मिल पाते*
*सबको अपने गले लगाते*
*बारिश का मौसम कुछ बनता*
*फिर आँखें हो जातीं गीली..।।*

*आ जाओ मेरे यारों तुम*
*फिर से बचपन की गलियों में*
*यादें फिर ताज़ा हो जायें*
*फिर मिलकर हम खेलें होली..।।*
*फिर मिलकर हम खेलें होली..।।*



***- विजय कनौजिया***

### (अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस)

*महिला जो घर को स्वर्ग बनाती है,*
*टूटे बिखरे रिश्तों को बार-बार सजाती है,*
*अपना दुख दर्द सारा हरदम ही छुपाती है,*
*लेकिन दूसरों का कभी नहीं भुलाती है,*
*बेवजह किसी को कभी नहीं सताती है,*
*किंतु वक्त आने पर वो झांसी की रानी,*
*दुर्गा और काली भी बन जाती है,*
*इतना सारा हौसला जाने कहाँ से लाती है?*
*माँ, बहन और पत्नी बनकर सदा प्रीत निभाती है!*
*जीवन में अनगिनत चुनौतियों को पार करके*
*एक लड़की फिर, महिला कहलाती है!*

***-गौतम नितेश***

### कौन सी होली?

*रंगों की ये, होली हम सब,*
*खेल सकेंगे, क्या उमंग से?*
*पड़ी है सारी, गलियां सूनी,*
*मित्र भी नहीं, कोई संग में।।*
*फ़ीके लगते, चटक रंग भी,*
*फाग गीत भी, लगता फ़ीका।*
*नज़र लगी, खुशियों को किसकी,*
*कोई लगा दो, काला टीका।।*
*जंग छिड़ी है, युद्ध मचा है,*
*देखने को क्या, यही बचा है!*
*हर पल अब, लगता है जी लें,*
*जीवन जो भी, बचा-खुचा है।।*
*खून का रिश्ता, लाल हो रहा,*
*पैसा जी का जंजाल हो रहा।*
*लूट के अपने ही भाई को,*
*भाई अब मालामाल हो रहा।।*
*स्वार्थ की दुनिया, सोच तंग है,*
*हँसी है झूठी, खुशी बेरंग है।*
*कौन सी होली, लोग खेलते?*
*सोच के यह, नादान दंग है।।*



***- तुषार शर्मा नादान***

### होली की हुड़दंग

*खुशियाँ भरे गुलाल हों ,फूलों के हो रंग ,*
*मिल के यारों कीजिये,होली की हुड़दंग।*
*होली के त्यौहार में ,उडाता रहा गुलाल ,*
*रंगों की बौछार से,सब हो गए निहाल।*

*महँगाई जब खेलती ,होली नेता संग ,*
*दो नंबर के रोकड़े ,भरते नवल उमंग।*

*होली देती है खुशी ,होली देती मान ,*
*सूखी होली खेल के ,पानी बचा सुजान।*
*छेड़छाड़ करना नहीं ,होली कहे पुकार ,*
*नहीं छोड़ना सभ्यता ,छोटू अबकी बार।*

***-महेंद्र कुमार वर्मा***

### सरसराते हवाओं का झोंका

*सरसराते हवाओं का झोंका आने लगा है*
*कुछ नमीपन और तपन भी छाने लगा है।*

*मौसम भी तो अब अंगड़ाई लेने लगी है*
*पतझर का संदेशा अब तो देने लगी है।*

*चौंक-चौबारे फुल-पत्तों से ढकने लगा है*
*चारो दिशाएं अब सजने-सवंरने लगा है।*

*खनखनाहट पत्तों से अब आने लगी है*
*कोई चरचराहट कदमों से आने लगी है।*

*पगडंडियाँ नदारद और अंजान हो गई*
*पतझर बहार के लिए मेहरबान हो गई।*

*स्वागत को आतुर कोयल कुकने लगा है*
*वासंती हवा फिजाओं में महकने लगा है।*

*महकते बौरों से अमराई लदने लगा है*
*पलास में फुल भी अब दहकने लगा है।*

*दिशा-दिशा धरा मे नगाड़े गुंजने लगा है*
*फागुन फाग मे अब तो रंग-रंगने लगा है।*

***-अशोक श्री आशु***



### फ़रेबी

*मुझे मालूम है वह फरेबी है,*
*पर मुझ तन्हा के लिए*
*वहीं तो सबसे करीबी है,*
*मकड़जाल से ज्यादा उलझनों वाली*
*रिश्तों का भयानक रूप,*
*मेरे लिए वो जरूर है कुरूप,*
*पर वही है मेरे सिर को छांव देता*
*रोककर कंटीली नुकीली धूप,*
*उसके कारण थोड़े बोल लेता हूं*
*नहीं रहना पड़ता है चुप,*
*उनका लगाव तो देखिए*
*लाखों संभावनाएं के बाद भी*
*सिर्फ मुझसे ही फरेब करता है,*
*मेरे लिए प्यार इतना उनका*
*मुझे छोड़ दुनियादारी से डरता है,*
*कहता है आपको शत्रु की क्या जरूरत*
*जब मैं आपके साथ हूं,*
*कुछ और की चाहत क्यों*
*मैं ही तो जज्बात हूं,*
*देता है दर्द रिश्तों का दिया हुआ,*
*अब मैं हो चुका हूं मर मर के जीया हुआ,*
*अब तो एक जैसा है नफरत और लाड़,*
*अब कोई प्यार जताये या लताड़।*

***-राजेन्द्र लाहिरी***



### गज़ल

हाथों में जिनके प्याला है
उनके घरों में दिवाला है
सद्भाव जो भी दे पैगाम
प्यार की वही मधुशाला है
न्याय उसे मिला नहीं अब तक
जुम्मन वाली वो खाला है
बोल नहीं सकता है यारों
उनकी जुबान पर ताला है
घर को लुटता है जो यारों
वो घर का ही रखवाला है
उसी के खिलाफ़ वो हो गया
जिसने भी उसको पाला है
करेंगा बरबाद सारा वो
जीजा का अजीब साला है
पैसा ही जिसके पास रहे
देखिये वहाँ पर उजाला है
ऊपर से रहे साफ-सुथरा
भीतर से देखो काला है
कैसे रहे घर साफ 'रमेश'
जिसमें जाला ही जाला है

**-रमेश मनोहरा**



**भावनानी के भाव**

### प्रतिद्वंदी को नीचा दिखाने का भाव आया है

*हर क्षेत्र में अजीब रिवाज छाया है*
*प्रतिद्वंदी को नीचा दिखाने का भाव आया है*
*कहीं बड़ न जाए मुझसे यह डर समाया है*
*अतः मन में यह बुराई का का भाव आया है*

*कोई इल्जाम लगा दो यह ट्रेंड आया है*
*बुराई का लिबास ओड़ा दो भाव समाया है*
*वह तो इज्जतदार है इज्जत कमाया है*
*हम तो बेइजतदार हैं इसलिए यह भाव आया है*

*सामाजिक सेवा राजनीति व्यापार सेवा क्षेत्र में*
*यह भाव तेजी से ट्रेंड में आया है*
*इस भाव नें समाज सेवाको राजनीति*
*सीढ़ीबनाया है अधिकतम लाभ टांग खींचने में*
*पाया है*

*परंतु मेरे मूर्ख मन तूने यह बुराई समाया है*
*एक उंगली दूसरे के तरफ उठाया है*
*तीन उंगलियां खुद के तरफ पाया है*
*गड्ढा खोदा दूसरे के लिए खुद को गड्ढे में पाया है*

***- एडवोकेट किशन सनमुख़दास भावनानी***

### होली विशेषांक –लघुकथा

## // दोहरी भूमिका //

बहू...! तुम्हारी हिम्मत कैसे हुई अपनी सीमा लाँघने की। तुम कौन हो, क्या हो , तुम्हें समझना चाहिए। जाओ, घर के अंदर; और हाँ, आज अपने कमरे से बाहर नहीं निकलना। नंदा जी ने अपनी मँझली बहू ऋतु को आँखें तरेरती हुई बोली। सासू माँ की दबंगई देख ऋतु काँप गयी। झट से वह कमरे के अंदर चली गयी। दोष उसका इतना था कि उसने बार-बार मना करने पर भी होली है भाई होली है...बुरा न मानो होली है...मँझली भाभी होली है... कहते हुए अपनी नंनद प्रिया को अपने माथे व दोनों गालों पर गुलाल लगवाने से नहीं रोक पाया था। तुरंत प्रिया बोली- ÷माँ जी! आखिर मँझली भाभी के लिए इतना पाबंदी क्यों? वह भी तो जीती-जागती इंसान है, कोई बेजान वस्तु तो नहीं। गीतू..., तू भी इधर आ। दिन भर मम्मी से चिपकी रहती है। चल मैं तुम्हें तुम्हारी सहेलियों के पास ले चलती हूँ होली खेलने।

प्रिया गीतू को लेकर घर से निकल ही रही थी कि नंदा जी ने प्रिया की बाँह पकड़ कर उसे झटकारा- ÷बेवकूफ लड़की, अब तू इतनी बड़ी हो गयी कि मुझसे जुबान लड़ाएगी; मुझे समझाएगी। इस घर में किसे क्या करना है; ये मैं तय करूँगी, तू नहीं; समझी।÷ नंदा जी का तेवर देख घर के सभी सदस्य दुबक गये। किसी ने भी कुछ कहना उचित नहीं समझा। बरामदे पर खड़ी नंदा जी फूँकार रही थी- हाँ...., सभी ध्यान से सुनें मेरी बात। ऋतु होली के रंग-गुलाल से बिल्कुल दूर रहेगी, क्योंकि वह विधवा है। जिसका पति नहीं, उसका कुछ नहीं। यह सब व्यर्थ है उसके लिए। उसे अपने तन तो क्या, आँचल को भी रंगने से बचाना है। सादे लिबास का दायरा ही अब उसका घर-संसार है। नंदा जी खामोश हुई। दूसरे दिन भाईदूज था। मालवीय नगर के लोहिया कॉलोनी में महिलाओं ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। उस भव्य समारोह में चीफ गेस्ट थी- मिसेज़ नंदा ठाकुर। उनका चीफ गेस्ट होना लाजिमी था; महिला बाल विकास समिति का अध्यक्ष जो थी। फुलमालाओं से लदी मिसेज़ नंदा जी अपने मुख्यातिथ्य उद्बोधन में कह रही थीं- मेरी प्यारी बहनों! हम इक्कीसवीं सदी की महिलाएँ हैं। हम भी स्वंतत्र भारत के स्वतंत्र नागरिक हैं। वो दिन अब हवा हुए, जब औरतें परवश होकर जीवन जीया करती थीं। अब हर घर की औरत , चाहे वो किसी भी उम्र की हो, चाहे वो बेटी हो , बहू हो; और चाहे वो किसी भी परिस्थिति में हो, उन्हें स्वतंत्र जीवन जीने का पूर्ण अधिकार है। बहनों, हमारी सरकार का बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के अनुरूप हमें अपना कार्य करना है। अब हमें हर बेटी, चाहे वो उम्रदराज कुवाँरी, परित्यक्ता या फिर विधवा बहू हो, सबको मानवीय जीवन जीने का हक दिलाना है, तभी हर बेटी, हर बहू, हर माँ को समाज में यथोचित सम्मान मिल पाएगा। मिसेज़ नंदा जी की विचाराभिव्यक्ति जारी ही थी; तभी अचानक वह प्रिया को तेज कदमों के साथ अपनी ओर आते देख सहम गयी; और फिर झट से इतना कह कर मैं अपनी वाणी को विराम देती हूँ , कहते हुए बैठ गयी।



**- टीकेश्वर सिन्हा गब्दीवाला**

# मैं आपको मुराद देता हूं- नफरत करने के लिए, प्यार करने के लिए, न्याय करने के लिए और आश्यर्यचकित करने के लिए- ताहा शाह बादुशा ने ताज- डिवाइडेड बाय ब्लड की रिलीज़ पर एक आभार नोट लिखा

**जीएनएस।** ताज- डिवाइडेड बाय ब्लड में मुराद के रूप में अपने शक्तिशाली और प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ, ताहा शाह बादुशा प्रशंसा और प्यार से सराहना प्राप्त कर रहा है। विशाल मात्रा में प्यार भरी प्रतिक्रिया से अभिभूत, ताहा शाह बादुशा ने मनोरंजन की दुनिया में अपनी यात्रा के लिए आभार व्यक्त किया।

ताहा ने वाईआरएफ के साथ अपनी यात्रा शुरू की और शोबिज की कठोर वास्तविकताओं के माध्यम से संघर्ष करते हुए अपने सही वक्त का इंतजार किया। अंत में ज़ी 5 के ऐतिहासिक नाटक ताज- डिवाइडेड बाय ब्लड के माध्यम से अपनी प्रतिभा को सामने लाने का अवसर प्राप्त करने के बाद, ताहा ने खतरनाक, निर्मम, सत्ता के भूखे मुराद की भूमिका के लिए अपने भीतर के जानवर को उजागर करके सबका दिल जीत लिया।

**ताहा ने अपने सफर में हर किसी और हर चीज़ का शुक्रिया अदा किया, शुक्रिया, मुराद!**

यह जागने और सपने में चलने जैसा है। यह भारतीय लड़का दुबई से ङ्क्रस्न द्वारा एक दशक पहले लॉन्च किया गया था, फिर भी, अधिक भूमिकाओं के लिए, अधिक अवसरों के लिए, हर दिन संघर्ष कर रहा था, ताकि उसे और थोड़ी सी एक्सेप्टेंस, और कुछ स्थिरता मिल सके। इस इंडस्ट्री,मेरे साथियों में एक्सेप्टेंस और (मैं झूठ नहीं बोलूंगा), मेरे



द्वारा निर्धारित लंबे लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए खुदसे एक्सेप्टेंस। एक दो फिल्में, कई टीवीसी और विविध परियोजनाओं के बाद, एक सपना सच हो गया - एक ऐतिहासिक ड्रामा में होने और किसी को स्क्रीन पर मेरी ऐक्शन और परफ़ॉर्मेंस स्किल्स का उपयोग करने के लिए। मैंने कुछ दिन पहले प्रीमियर पर कुछ एपिसोड देखे थे, और मैं जो कह सका वह मेरे दिल में जोर से ÷थैंक यू मामा÷ था! आज मैं सिर्फ़ आभारी महसूस कर रहा हूँ। उस महिला का आभारी हूं जिसने कभी हार नहीं मानी, आबिद और मोनिका के लिए, सबसे अच्छा भाई और भाभी होने के लिए। मैं तुम लोगों से प्यार करता हूँ और तुम्हारे



बिना कुछ भी करने की कल्पना भी नहीं कर सकता! ? रॉन, विलियम, अभिमन्यु, रूपाली, डेनियल, अपूर्वा, राघव, तनुज, खुर्रम, वर्षा और पूरी टीम, हमें एक जादुई सवारी पर ले जाने के लिए धन्यवाद। इस मैग्नम ओपस के शानदार कलाकारों के लिए, आप सभी सुंदर आत्माएं, आपकी दयालुता के लिए धन्यवाद। नसीर सर, मैं आपसे प्यार करता हूं, और आप यह जानते हैं, और मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि मैं धर्मेंद्र जी के साथ एक ही शो में हूं। सिर, यह एक सम्मान रहा! मुझे शाही महसूस कराने के लिए और योद्धा बनने के अपने बचपन के सपने को पूरा करने के लिए

नीरुशा को शुक्रिया! सपोर्ट क्रू और एक्स्ट्राऑर्डिनरी यूनिट, बड़े पैमाने पर बने सेट, व्यापक शूटिंग और श्रमसाध्य प्रशिक्षण, दोनों शारीरिक और मानसिक, पसीने के हर मोती के लायक हैं। जैसा कि ताज- डिवाइडेड बाय ब्लड आज रिलीज़ हुआ है, हम इसे आपको इसे देखने और अनुभव करने के लिए देते है। मैं तुम्हें मुराद देता हूं - नफरत करने के लिए, प्यार करने के लिए, जज करने के लिए और हैरान होने के लिए, कि एक आदमी सत्ता के लिए या फिर पिता के तारीफ़ के बोल सुनने के लिए किस हद तक जा सकता है? या दोनों हो सकते हैं?

EEz और कॉन्टिलो, आप लोग अब मुराद के अस्तित्व का हिस्सा हैं! धन्यवाद। और मेरी टीम, जिन्होंने मुझे आगे बढ़ाया। मैं आपको कैसे धन्यवाद दूं? (सवाल नहीं, सोच है, बस)।

तुषार, उत्कर्ष, कुलदीप, अध्ययन, धनराज, कुमार, आदित्य, प्रमोद। आप लोग सबसे अच्छे हैं।, संचिता और टीम, प्यार और केवल प्यार, और आपको बहुत-बहुत हग्स÷दृढ़ता, प्रतिबद्धता और जुनून को परिभाषित करते हुए, ताहा शाह बदूशा एक ऑउटसाइडर है, जो प्रायोगिक भूमिकाओं और प्रभावशाली प्रदर्शनों के साथ उद्योग में अपना रास्ता बना रहे हैं, आगामी भविष्य में एक दिलचस्प लाइन अप की प्रतीक्षा में, ताहा शाह बादुशा ने भरोसेमंद अभिनेता के रूप में अपने आगमन को चिह्नित किया है।

# आगर रोड पर कार - कंटेनर की आमने सामने भिडंत, 3 युवकों की मौत 3 घायल





**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** रविवार दोपहर में इंदौर से सोयत शादी में जा रहे युवकों की कार आगर रोड पर निपानिया गोयल के समीप सामने से आ रहे कंटेनर से भिड गई । दुर्घटना में कार में सवार 6 युवक गंभीर रूप से घायल हुए थे। घट्टिया थाना प्रभारी विक्रमसिंह चौहान के अनुसार जिला अस्पताल ले जाने के दौरान इनमें से तीन को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया एवं 3 घायल की स्थिति स्थिर है।पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर नगालेंड पासिंग कंटेनर को बरामद किया है।

दुर्घटना इंदौर -कोटा अंतरप्रांतीय मार्ग पर घट्टिया थाना अंतर्गत उज्जैन से करीब 18 किलोमीटर दूर ग्राम निपानिया गोयल के समीप हुई। सभी युवक कार में सवार होकर अपने मित्र के विवाह समारोह में शामिल होने के लिए इंदौर से सोयतकला जा रहे थे। सामने से आ रही एक बस को क्रास करने के दौरान उसके पीछे से आ रहे कंटेनर और कार में आमने सामने से भिडंत हो गई। थानाप्रभारी चौहान बताते हैं कि उन्हे कंट्रोल रूम से दुर्घटना की सूचना मिली थी। तत्काल पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर सभी 6 गंभीर घायलों को ग्रामीणों की मदद से कार से बाहर निकाल कर जिला अस्पताल उज्जैन भेजा था। जिला अस्पताल में इमरजेंसी में डाक्टर ने श्रवण उम्र 34 वर्ष निवासी हरदा , विराट उम्र 22 वर्ष निवासी हरदा , विनायक कामले उम्र 26 वर्ष निवासी विजयनगर इंदौर को मृत घोषित कर दिया।तीनों के शव को जिला अस्पताल के मर्चुरी रूम में रखा गया है । इनके घायल तीन साथी कमलेश पिता भागीरथ सिंह 26 वर्ष निवासी हरदा हाल मुकाम इंदौर , रामलाल पिता गोविंद उम्र 24 वर्ष निवासी हरदा ,अप्पा पांडू पिता दिगंबर पांडू उम्र 29 वर्ष निवासी इंदौर है जिनकी स्थिति अब सामान्य है। मृतक एवं घायल सभी रिलायंस कंपनी में कार्यरत है । यह भी सामने आ रहा है कि कंटेनर की टक्कर के पूर्व एक बस द्वारा कार को टक्कर मारी गई थी। कंटेनर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया है जिसकी तलाश की जा रही है।

## गोदाम में सील प्रतिबंधित पालिथीन ताला तोडकर मालिक ले गया, नगर निगम ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर पालिक निगम अमले ने शनिवार को दौलतगंज, घी मण्डी, मालीपुरा, सुरज नगर क्षैत्रों में प्रतिबंधित प्लास्टिक पर कार्रवाई की है। इसमें थैली,प्लास्टिक चम्मच,थर्माकोल सामग्री,डिस्पोजल ग्लास से भरे दो बड़ो गोदाम को सील किया गया है। शनिवार रात को गोदाम मालिक ने ताला तोड़कर सामग्री निकाल ली और ले गया। सूचना पर पहुंचे नगर निगम अधिकारियों ने महाकाल थाना पुलिस को एफआईआर दर्ज करने के लिए आवेदन लिखा है।

नगर निगम उपायुक्त संजेश गुप्ता के अनुसार शहर में प्रतिबंधित पॉलिथिन का उपयोग करने वालो पर जारी कार्यवाही के क्रम में शनिवार को निगम स्वास्थ्य अमले ने दौलतगंज, मालीपुरा, सुरज नगर क्षेत्र में कार्यवाही की थी। दौलतगंज स्थित पुनित ट्रेडर्स के गोदाम में लगभग 04टन सामग्री जब्त की थी। सुरज नगर स्थित कमला ट्रेडर्स के गोदाम से लगभग 18 टन अमानक स्तर की पॉलिथिन पाई गई थी जिस पर गोदाम सील किया गया था। वार्ड उपायुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि शनिवार देर रात्रि कमला ट्रेडर्स के जितेन्द्र हेमनानी के साथ अन्य लोगो द्वारा सील किए गए गोदाम पर पहुंच कर वहां पदस्थ गार्ड को डरा धमका कर भगा दिया गया एवं सील गोदाम का ताला तोड़ बडी मात्रा में प्रतिबंधित पालिथीन सामग्री निकाल कर ले गये। सूचना मिलने पर अपर आयुक्त आदित्य नागर एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपायुक्त स्थल पर पहुंचे थे। बची सामग्री को जप्त करने की कार्यवाही की गई है। संबंधित के विरूद्ध शासकीय कार्य में बाधा डालने पर थाना प्रभारी को एफआईआर दर्ज करने के लिए पत्र लिखा गया। श्री गुप्ता बताते हैं कि शहर के प्रमुख ट्रांसपोर्टर्स कर्मचारियों से गोपनीय जानकारी लेकर यह कार्रवाई अंजाम दी गई थी । बड़े स्तर पर जप्त की गई अमानक पॉलिथीन को नष्ट नहीं किया जाएगा इसका उपयोग स्वच्छता अभियान अंतर्गत नवाचार करते हुए रोड निर्माण किए जाने में किया जाएगा ।

**सिंगल यूज़ प्लास्टिक सामग्री पूर्णतः प्रतिबंधित-** उपायुक्त ने बताया कि प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (संशोधन) नियम, 2021 में सिंगल यूज़ प्लास्टिक वस्तुओं का विनिर्माण, आयात, भंडारण, वितरण, बिक्री और उपयोग प्रतिबंधित किया गया हैं। इसमें प्लास्टिक स्टिक वाली इयर-बड्स, गुब्बारों के लिये प्लास्टिक की डंडियाँ, प्लास्टिक के झंडे, केंडी स्टिक, आइसक्रीम की डंडियाँ, पॉलीस्टाइरीन (थर्माकॉल) की सजावटी सामग्री, कप-प्लेट, गिलास, काँटे, चम्मच, चाकू, स्ट्रॉ, ट्रे, मिठाई के डब्बे, आमंत्रण-पत्र, सिगरेट पैकेट को पैक करने वाली रेपिंग फिल्म, 100 माइक्रॉन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक या पीवीसी बेनर और स्टिकर्स का उपयोग नहीं किया जा सकेगा।प्लास्टिक के केरी बैग की मोटाई 30 सितंबर 2021 से 50 माईक्रॉन से बढ़ाकर 75 माइक्रॉन कर दी गई थी, जो 31 दिसंबर 2022 से 120 माईक्रॉन की गई है। ऐसी सभी तरह की सिंगल यूज़ प्लास्टिक, जो उपयोगी कम है, पर कचरे के रूप से रहती हैं। पॉलीस्टाइरीन और विस्तारित पॉलीस्टाइरीन को प्रतिबंधित किया गया है। उनके मुताबिक ऐसे ट्रांसपोर्ट जो इन प्रतिबंधित सामग्रियों को लाने ले जाने में सहयोग करते हैं उन पर भी कार्यवाही करते हुए ट्रांसपोर्टेशन में लगी गाड़ियों को राजसात किया जाएगा।

## खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा दूध एवं दूध उत्पाद की गुणवत्ता जांच हेतु चलाया जा रहा विशेष अभियान

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा श्री सुदाम खाडे एवं कलेक्टर श्री कुमार पुरूषोत्तम के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा 2 मार्च से विशेष अभियान आरम्भ किया गया है, जिसमें दूध एवं दूध से बने खाद्य पदार्थों की जांच हेतु नमूना कार्यवाही की जा रही है। इस कार्य हेतु दो दलों का गठन किया गया है। आमजन को गुणवत्तापूर्ण दूध एवं दूध से बने खाद्य पदार्थ उपलब्ध हो सके, इसके लिये विभाग की टीम द्वारा विगत दो दिनों में उज्जैन शहर में दूध, घी, मावा, पनीर एवं अन्य दूध उत्पादों के कुल 16 नमूनें लिये जाकर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल को भेजे गये, जिसमें सिंधु डेयरी से मावा एवं घी, न्यू सुन्दर डेयरी से मावा, मिक्स मिल्क एवं घी, लक्ष्मण डेयरी से घी, महादेव डेयरी से मिक्स मिल्क एवं घी, मंगल किराना से गोर्वधन घी, वाहन क्रमांक एमपी 13 एल 4105 (मनोहरलाल) से मिश्रित दूध के 03 नमूनें, पवन श्री फूड इंटरनेशनल से मिश्रित दूध के 02 नमूनें, रोहित पिता रणछोडलाल पिकअप वाहन से मिश्रित दूध, माँ नर्मदा दूध डेयरी से 02 मिश्रित दूध के नमूने लिये गये। नमूनों जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात् संबंधित खाद्य कारोबारकर्ता के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। इसके अलावा उज्जैन शहर में दूध, घी, मावा, पनीर एवं अन्य दूध उत्पादों आदि की जांच चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला एवं मैजिक बॉक्स के माध्यम से की जा रही है।

## कानून व्यवस्था और शांति को बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा अभियान चलाया जा रहा

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आगामी त्योहारों को देखते शहर की कानून व्यवस्था और शांति को बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार-रविवार रात 13 थानो की पुलिस के साथ डीआरपी लाइन के 250 अधिकारी और पुलिसकर्मियों ने कॉम्बिग गश्त करते हुए बदमाशों और वारंटियों के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक की। महीनों से नहीं मिल रहे वारंटी रात को घरों में सोते हुए पुलिस को मिल गए। रात 11 बजे शुरू हुई सर्जिकल स्ट्राइक सुबह 5 बजे तक जारी रही। इस दरमियान पुलिस ने 133 गिरफ्तार वारंटियों और 60 स्थाई वारंटियों को हिरासत में ले लिया। सभी थानों लॉकअप रात में ही भरी नजर आने लगी थी। सुबह पुलिस ने सभी के खिलाफ दस्तावेजी कार्रवाई की और कोर्ट पेश करने से पहले मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जहां मेडिकल परीक्षण के दौरान काफी भीड़ दिखाई दी। रविवार का अवकाश होने पर अस्पताल में इमरजेंसी खुली हुई थी जहां डॉक्टरों को पुलिस द्वारा पकड़े गए वारंटियों का चेकअप करना पड़ रहा था वही उपचार के लिए आने वाले मरीजों को भी देखना पढ़ रहा था। दोपहर बाद कोर्ट में भी काफी भीड़ दिखाई दी। 13 थानों की पुलिस सभी को पेश करने के लिए पहुंची थी जहां उनके परिजनों की भी भीड़ जमानत के लिए लग गई थी। परिजन वकीलों होली से पहले ही जमानत कराने की गुहार लगा रहे थे।

**दो बदमाशों पर लगाई गई रासुका-**अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक आनंद ने बताया कि रात को वारंटियों पर की गई सर्जिकल स्ट्राइक के दौरान जहां घरों पर दबिश दी गई थी वही झुग्गी झोपड़ी, खुले मैदान और पार्कों में भी सर्चिंग की गई इस दौरान जिला बदर आदेश का उल्लंघन करते हुए दो बदमाशों को पकड़ा गया। जिनके खिलाफ रासुका की कार्यवाही कर कोर्ट केस करने के बाद जेल भेजा गया है। कांबिंग गश्त पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र कुमार शुक्ल के निर्देशन में की गई थी इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष कॉल, नगर पुलिस अधीक्षक सचिन परते, ओम प्रकाश मिश्रा और सभी 13 थानों के थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ मौजूद थे।

## पैदल मोबाइल से बात कर गुजरते लोगों के साथ मोबाइल झपटने की वारदातें हो रही है

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। पैदल मोबाइल से बात कर गुजरते लोगों के साथ मोबाइल झपटने की वारदातें लगातार सामने आ रही है। बीती देर शाम इंदिरानगर में बिना नम्बर की एक्टिवा पर सवार 2 बदमाशों से युवक का मोबाइल छीन लिया और भाग निकले।**

इंदिरानगर में रहने वाला अभिषेक राणावत साड़ी की दुकान संचालित करता है। बीती शाम वह दुकान बंद करने के बाद पैदल घर लौट रहा था, उसी दौरान मोबाइल का कॉल आने पर बात करने लगा। इंदिरानगर चौराहा पर पीछे से बिना नम्बर की एक्टिवा पर सवार होकर आए 2 बदमाशों ने उसका वीवो आई-20 मोबाइल झपटा और भाग निकले। मोबाइल स्नेचिंग के बाद अभिषेक ने मामले की शिकायत चिमनगंज थाने पहुंचकर की। पुलिस ने शिकायती आवेदन पर मामला जांच में लिया है। बदमाशों का सुराग तलाशने के लिये सीसीटीवी कैमरे देखे जा रहे है। बीती देर शाम हुई वारदात के साथ ही शनिवार को दिनदहाड़े प्रियदर्शनीय चौराहा पर भी बाइक सवार बदमाश बीटेक की पढ़ाई कर रहे छात्र का मोबाइल छीनकर भाग निकला। छात्र अर्जुन कुमावत निवासी शास्त्रीनगर ने मामले की शिकायत आवेदन देकर माधवनगर थाना पुलिस को की है। विदित हो कि शहर में आए दिन मोबाइल स्नेचिंग की वारदातें होना सामने आ रही है। कुछ दिन पहले प्रशांतिधाम सर्विस रोड पर दरबारसिंह से तीन बदमाशों ने चाकू दिखाकर मोबाइल लूट लिया था। नानाखेड़ा पुलिस ने 2 नाबालग और एक युवक को गिरफ्तार किया था। बावजूद बदमाश शहर में सक्रिय बने हुए है।

## विधायक श्री जैन की अनुशंसा पर निर्माण कार्य हेतु

### 8 लाख रु. से अधिक की राशि स्वीकृत

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।**कलेक्टर कार्यालय द्वारा जानकारी दी गई कि उज्जैन उत्तर के विधायक श्री पारस जैन की अनुशंसा पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना के अन्तर्गत उज्जैन शहर के वार्ड-2 पीर मत्येंद्रनाथ समाधि स्थल के सामने पड़ी रिक्त भूमि पर जन-सुविधा हेतु स्थाई शेड निर्माण कार्य हेतु आठ लाख 72 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

## वाहन से दुर्घटना में मृत्यु होने पर 30 हजार रुपये की सहायता राशि स्वीकृत

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर कार्यालय द्वारा जानकारी दी गई कि ग्राम कलालिया तहसील जावरा निवासी सुरेंद्रसिंह पिता शक्तिसिंह की कुछ माह पहले नागदा जाते समय वाहन दुर्घटना में मृत्यु होने पर सुरेंद्रसिंह की वैध वारिस पत्नी अंजुकुंवर को 15 हजार रुपये तथा खाचरौद गणेश देवली निवासी सचिन पिता नारायण गगरानी की खाचरौद में स्टेशन रोड पर सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनकी वैध वारिस पत्नी मिताली को 15 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

विक्रमोत्स व-2023

## इतिहास समागम राष्ट्रीलग य संगोष्टी के दूसरे दिन विक्रम संवत् को राष्ट्री य संवत् के रूप में लागू करने संकल्प पारित




**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारत उत्कर्ष, नवजागरण और वृहत्तमर भारत की सांस्कृतिक चेतना पर एकाग्र विक्रमोत्सलव 2023 (विक्रम सम्वकत् 2079) अंतर्गत इतिहास समागम राष्ट्री य संगोष्ठीद में रविवार को दो संकल्पस पारित किये गये। पहला शक संवत् के स्थाषन पर विक्रम संवत् को राष्ट्री य स्तवर पर मान्य् करने तथा दूसरा प्रतिवर्ष महाराजा विक्रमादित्यि शोधपीठ, विक्रम विश्विवद्यालय के संयुक्त तत्वाावधान में %पुरातन इतिहास समागम% आयोजित करने का संकल्पि पारित किया गया। इस दौरान मंच पर अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के महासचिव हर्षवर्धन सिंह तोमर भी उपस्थित थे।

इन संकल्पअ प्रस्तााविों को विक्रम विश्विवद्यालय के कुलसचिव प्रशांत पुराणिक ने वाचन किया जिसका सदन में उपस्थित सभी सदस्योंस ने ओम मंत्रोच्चाचरण के साथ ताली बजाकर पारित किया। इन संकल्पों का समर्थन करते हुए बनारस हिन्दूो विश्वोविद्यालय के विभागाध्यजक्ष प्रो. सीताराम दुबे ने कहा कि आज जो संकल्प पारित हुए हैं इसके लिए मैं सभा के सभी लोगों को बधाई देता हूँ। मुझे विश्वाहस है कि यह संकल्पह शीघ्र ही पूर्ण होंगे। उन्होंने कहा कि विक्रम संवत् हमारे गौरव का प्रतीक है जिसे विक्रमादित्य ने प्रवर्तित किया था। उसे राष्ट्री य स्तार पर लागू करने का संकल्पत एक सराहनीय प्रयास है।

इसके साथ ही महाराजा विक्रमादित्यव शोधपीठ के निदेशक श्रीराम तिवारी ने कहा कि मैं आप सभी का आभारी हूँ कि आज इस सभा से विक्रम संवत् को राष्ट्री य स्तरर पर लागू करने एवं प्रत्येआक वर्ष पुरातन इतिहास समागम को आयोजित करने का संकल्पग पारित किया गया है।

अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के महासचिव हर्षवर्धन सिंह तोमर ने बताया कि वे इन संकल्पोंं को अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के माध्यम से प्रधानमंत्री, गृहमंत्री तथा केन्द्र सरकार को भेजेंगे।

इतिहास समागम के तृतीय सत्र में विशिष्टज अतिथि के तौर पर पुराविद् कैलास पांडेय (मंदसौर), नरेन्द्र मिश्र (इग्नू-नई दिल्ली), विषय विशेषज्ञ के रूप में प्रो. कुमार रत्नोम (ग्वाालियर) तथा सत्र की अध्य)क्षता मुद्राशास्त्री आरसी ठाकुर ने की।

## उच्च शिक्षा मंत्री डॉ.यादव की अनुशंसा पर विभिन्न निर्माण कार्यों के लिये 78 लाख 50 हजार रु. की राशि स्वीकृत

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ.मोहन यादव की अनुशंसा पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना के तहत विभिन्न निर्माण कार्यों के लिये 78 लाख 50 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इसमें ग्राम मतानाखुर्द में नदी वाले मेनरोड पर पुलिया निर्माण कार्य हेतु पांच लाख रुपये, ग्राम ब्रजराजखेड़ी में संजू दिनेश के मकान से बालाराम पांचाल के मकान तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य हेतु पांच लाख रुपये, ग्राम पंथपिपलई में मोहनलाल के घर से कालूसिंह के मकान की ओर सीमेन्ट-कांक्रीट रोड व नाली निर्माण कार्य हेतु 10 लाख रुपये, ग्राम चांदमुख में श्रवण गब्बाजी के मकान से खेल मैदान की ओर, विजय चौहान के मकान से हरिराम के मकान की ओर और पंचायत भवन से रेशमबाई के मकान की ओर सीमेन्ट-कांक्रीट रोड सह नाली निर्माण कार्य हेतु पांच लाख रुपये, उज्जैन शहर के वार्ड-54 होमगार्ड लाइन के पास शासकीय भूमि पर ओपन जिम और योग भवन निर्माण हेतु 20 लाख रुपये, ग्राम अजराना में शेखर पिता रामलाल के घर से शान्तिधाम की ओर सीमेन्ट-कांक्रीट रोड निर्माण कार्य हेतु छह लाख रुपये, ग्राम आकासोदा में सांस्कृतिक भवन निर्माण हेतु दो लाख 50 हजार रुपये, ग्राम कांकरिया चिराखान में शासकीय भूमि पर सामुदायिक भवन निर्माण कार्य हेतु नौ लाख रुपये, ग्राम करोहन में पंचक्रोशी मार्ग पर मांगलिक भवन के पास शासकीय भूमि पर स्थाई टीनशेड निर्माण कार्य हेतु छह लाख रुपये और ग्राम हासामपुरा में सार्वजनिक उपयोग हेतु शासकीय भूमि पर स्थाई टीनशेड निर्माण कार्य हेतु 10 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

## मुख्यमंत्री के जन्म दिवस को पौधारोपण कर कर्म दिवस के रूप में मनाया



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।**मप्र जनअभियान परिषद द्वारा मुख्यमंत्री एवं अध्यक्ष मप्र जनअभियान परिषद श्री शिवराज सिंह चौहान के जन्म दिवस के अवसर पर रविवार को शिक्षा महाविद्यालय परिसर उज्जैन में मुख्यमंत्री नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम क्स्ङ्ख,स्ङ्ख के छात्रों द्वारा पौधारोपण जनअभियान परिषद उपाध्यक्ष श्री विभाष उपाध्याय के मार्गदर्शन में किया गया। साथ ही पूर्व में किए गए पौधों की निंदाई एवं साफ-सफाई की गई। श्री उपाध्याय ने मार्गदर्शन देते हुए कहा कि पौधारोपण के साथ-साथ हमें पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन पर भी ध्यान देना होगा। पर्यावरण को बचाने के लिए बीएसडब्ल्यू छात्रों एवं प्रस्फुटन समितियों का हर क्षेत्र में योगदान आवश्यक है। पौधारोपण स्थल का नाम 'शिव वाटिका' किया गया।

पौधारोपण कार्यक्रम में संभाग समन्वयक श्री शिवप्रसाद मालवीय, सर्वश्री जय दीक्षित, अरुण व्यास, कोमल बिवाल, विजय शर्मा, राजेश रावल, सुनील बारोड़, दीपक सिंह परिहार, अशोक प्रजापति, संजय चौहान, आकाश परमार, विनोद अंजना, ओम प्रकाश सोनी, नीलिमा रॉय, सोनू सोनी, सुभाष अश्विन शास्त्री, महेश चौहान, गौरव मालपानी, सर्वोदय सेठी, नरेंद्र रावल, देवेंद्र वर्मा, अरुण परमार आदि क्स्ङ्ख के परामर्शदाता नगर विकास समिति आदि उपस्थित रहे।

## जैविक खेती को अपना कर कृषि में होने वाली लागत को कम किया

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर के समीप के ग्राम मंगरोला निवासी किसान देवीसिंह चौहान पिछले 10 वर्षो से जैविक पद्धति से खेती कर रहे हैं। जैविक खेती को अपना कर उन्होंने कृषि में होने वाली लागत को काफी कम किया है। जैविक पद्धति से अब वे स्वयं ही खाद तैयार कर लेते हैं, जिससे उन्हें बाहर से रासायनिक खाद मंगाये जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती। देवीसिंह अपने खेत में जैविक पद्धति से केले, फल और सब्जी उगा रहे हैं। जैविक पद्धति से उगाये गये फल और सब्जियां बहुत स्वादिष्ट होते हैं और देवीसिंह से बहुत से लोग फल और सब्जियों के लिये सम्पर्क कर रहे हैं। देवीसिंह को जैविक पद्धति से काफी आमदनी भी हो रही है। प्रति बीघा उन्हें एक लाख रुपये का मुनाफा एक वर्ष में हो रहा है।

# एम.पी. ट्रांस्को में मनाया गया राष्ट्रीय लाइनमैन दिवस

### उज्जैन में लाइनमैन किये गये सम्मानित

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रत्येक मौसम की विषम से विषम परिस्थितियों और दुर्गम भौगोलिक क्षेत्रों में मध्य प्रदेश की 40 हजार सर्किट कि.मी. से अधिक की अति उच्च दाब ट्रांसमिशन लाइनों एवं 414 अति उच्चदाब सबस्टेशनों से भरोसेमंद विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित रखने वाले एम.पी. ट्रांस्को की महत्वपूर्ण कड़ी लाइनमैन के योगदान को मान्यता देकर आदर-भावना प्रकट करने एम.पी. ट्रांस्को (मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) में 4 मार्च को राष्ट्रीय लाइनमैन एवं राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया गया। इसके तहत उज्जैन सहित एम.पी. ट्रांस्को के 41 ट्रांसमिशन लाइन मेंनटेनेंस कार्यालयों में कार्यक्रम आयोजित कर प्रदेश के कुल 822 लाइनमैनों को सम्मानित किया गया एवं सभी ने जीरो हार्म थीम पर सुरक्षा शपथ ली। शंकरपुरा उज्जैन में स्थित ट्रांसमिशन लाइन मैनटेनेंस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में एम.पी. ट्रांस्को के अधीक्षण अभियंता श्री सुभाष साकोरीकर की उपस्थिति में लाइनमैनों को सम्मानित किया गया।




**लाइनमैन एमपी ट्रांसको के आधार स्तंभ -श्री तिवारी-**इस अवसर पर एमपी ट्रांसको के प्रबंध संचालक इंजीनियर श्री सुनील तिवारी का संदेश वाचन भी किया गया। अपने संदेश में प्रबंध संचालक इंजीनियर श्री सुनील तिवारी ने कहा कि एमपी ट्रांसको के समस्त लाइन स्टाफ के लिए अपनी भावना व्यक्त करने का यह एक महत्वपूर्ण अवसर है। इस अवसर पर मानव संसाधन की उस श्रम शक्ति तथा उल्लेखनीय भूमिका को रेखांकित करते हुए एमपी ट्रांसको अपना आभार व्यक्त करती है, जो वास्तव में हमारी कंपनी के लिए प्रमुख आधार स्तंभ आधार स्तंभ हैं। उन्होंने कहा कि एमपी ट्रांसको के लाइन स्टाफ अत्यंत जटिल एवं चुनौतीपूर्ण भूमिका का निर्वाह करते हैं और इन सभी लाइन स्टाफ के अथक परिश्रम की बदौलत ही ट्रांसमिशन सिस्टम सुदृढ़ रहता है जिसके कारण एमपी ट्रांसको संपूर्ण प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को सतत् विद्युत सप्लाई सुनिश्चित करने के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर पर भी ग्रिड संचालन में अपने दायित्वों का निर्वाह कर पाती है। उन्होंने समस्त लाइन कार्मिकों को उनकी कड़ी मेहनत एवं समर्पण की भावना के लिए नमन करते हुए कहा कि राष्ट्र के उत्तरोत्तर विकास में सभी इसी प्रकार अपना बहुमूल्य योगदान देते रहेंगे।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )